हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com भोपाल, रविवार 7 अप्रैल 2024

मध्यप्रदेश की संस्कारधानी
एवं माँ नर्मदा की नगरी
जबलपुर में
भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी का

आत्मीय
स्वागत

भव्य रोड शो

शहीद भगतसिंह चौक
(कटंगा क्रासिंग) से
आदि शंकराचार्य चौराहा
(छोटी लाइन फाटक) तक

शाम 5:30 बजे से
दि. 7 अप्रैल 2024

फिर एक बार
मोदी सरकार

भारतीय जनता पार्टी, मध्यप्रदेश

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com | भोपाल, रविवार 7 अप्रैल 2024

रग रग में राम...

ठाणे में गुड़ी पड़वा उत्सव के दौरान रंगवल्ली परिवार के कलाकारों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कांग्रेस पार्टी के जबलपुर लोकसभा प्रत्याशी दिनेश यादव से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

जनता ने भाजपा को तीन दशक दिए... लेकिन सांसद अपनी भूमिका निभाने में 'नाकाम' रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जबलपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस पार्टी ने नए चेहरे दिनेश यादव पर दांव लगाने का फैसला किया है। किसी समय जबलपुर कांग्रेस का गढ़ रहा है, लेकिन पिछले तीन दशक से यह सीट कांग्रेस के लिए कसक बनकर रह गई है। कांग्रेस ने कई बड़े नामों को यहां से उतारा है, लेकिन वे इस किले को फतह नहीं कर सके। कांग्रेस ने इस सीट पर आखिरी बार 1991 में लोकसभा चुनाव जीता था। वे मानते हैं कि कांग्रेस ने एक आम कार्यकर्ता पर भरोसा जताया है। उनकी लड़ाई भाजपा की रीति-नीति से है किसी व्यक्ति विशेष से नहीं। जनता ने तीन दशक भाजपा को दिए, लेकिन सांसद अपनी ⏭ शेष पेज 4 पर

ये भी बोले यादव?

- *देश में जितने महानगर हैं उनकी कनेक्टिविटी जबलपुर महानगर से होगी*
- *उनकी लड़ाई भाजपा की रीति-नीति से है किसी व्यक्ति विशेष से नहीं*
- *जो काम भाजपा के 30 सालों में नहीं हुए, वो काम 5 साल में करूंगा*
- *जो लोग भाजपा में गए हैं, उनको पार्टी ने बहुत कुछ दिया है, फिर भी उन्होंने छुरा घोंपा*

सीधी बात

सवालः कांग्रेस पार्टी ने किस संभावना से आपको लोकसभा चुनाव में उतारा है, क्या है आपका गणित?

जवाबः कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी और अनेक कुर्बानियां इस पार्टी के नेताओं ने दी हैं। पार्टी ने एक सामान्य कार्यकर्ता को इस लड़ाई में उतारा है। पिछले चुनाव में विवेक तन्खा जैसे नेता ने पूरी ताकत से चुनाव लड़ा था, लेकिन भाजपा ने इतना झूठ फैलाया कि जनता भ्रमित हो गई। उनके झूठ को अब जनता समझ चुकी है। अब जनता भाजपा को बेनकाब करने जा रही है। जबलपुर की जनता 3 दशक से भाजपा को वोट कर रही है। जनता जान गई है कि इससे उनके तीन दशक खराब हुए हैं, लेकिन अब जनता सच्चाई के साथ खड़ी है। अब जनता समझ चुकी है कि तीन बार विश्वास किया, लेकिन अब भाजपा का झूठ हमसे बर्दाश्त नहीं हो रहा है। जिस दिन नामांकन किया है, उसी दिन से जो जनता का स्नेह मिल रहा है, मैं उनके बल पर कह सकता हूं कि इस बार कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी।

सवालः आप जनता से वोट भी मांग रहे हो और नोट भी, भाजपा प्रत्याशी से कैसे मुकाबला करोगे?

जवाबः भाजपा ने कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते सीज करवा दिए हैं। भाजपा के बैंक खाते में 8 हजार करोड़ से ज्यादा पैसा जमा है, वहीं ⏭ शेष पेज 4 पर

inh खबरिया एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

केकड़ा लटकाने पर फंसे एनसीपी(शरद) विधायक

मुंबई। पशु अधिकार संगठन पेटा ने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विधायक रोहित पवार द्वारा

केकड़ा लटकाने को लेकर चुनाव अधिकारियों और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार को पत्र लिखा है और कार्रवाई की मांग की है। पीपल फॉर एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स ने आचार संहिता का उल्लंघन बताया।

उपकरणों के साथ 16वें दिन भोजशाला पहुंची टीम

धार। जिले में स्थित भोजशाला में आज शनिवार को 16वें दिन एएसआई की टीम सर्वे के लिए

आधुनिक उपकरणों के साथ पहुंची। टीम ने सुबह 8:09 बजे भोजशाला परिसर में सर्वे की शुरुआत की। सर्वे टीम के साथ याचिकाकर्ता आशीष गोयल और गोपाल शर्मा मौजूद थे।

संदेशखली के बाद मेदिनीपुर में अब एनआईए की टीम पर हुआ जानलेवा हमला

पत्थर बरसाए, अधिकारी का सिर फोड़ा वाहनों में की तोड़फोड़... प्रकरण दर्ज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में शनिवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम भूपतिनगर विस्फोट के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने पहुंची थी। वहां भीड़ ने घेरकर जानलेवा हमला किया

पश्चिम बंगाल में शनिवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया। पथराव में एक अधिकारी घायल, जबकि जांच एजेंसी का एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। यह घटना तब हुई जब एनआईए की टीम पूर्वी मेदिनीपुर जिले में वर्ष 2022 के विस्फोट मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने पहुंची। हमले के बावजूद टीम दोनों को गिरफ्तार करने में कामयाब रही।

जांच एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया, पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर विस्फोट मामले में बड़ी सफलता मिली। एनआईए ने भीड़ के कड़े प्रतिरोध के बीच दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया। दिसंबर 2022 में हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी। प्रवक्ता ने बताया, दोनों आरोपियों बलाई चरण मेइती और मनोब्रत जाना को पांच स्थानों पर व्यापक तलाशी के बाद गिरफ्तार किया गया। एनआईए की टीम ने मनोब्रत जाना के घर की भी तलाशी ली, जहां स्थानीय लोगों ने एनआईए की टीम के काम में बाधा डालने की कोशिश की। प्रवक्ता ने बताया कि एनआईए की टीम के एक और सदस्य को मामूली चोट आई हैं। वहीं, पुलिस ने बताया, एनआईए ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। घटना के बाद केंद्रीय पुलिस बल की एक बड़ी टुकड़ी भूपतिनगर भेजी गई थी। इस साल पांच जनवरी को भी उत्तरी 24 परगना के संदेशखली इलाके में राशन घोटाले के सिलसिले में छापेमारी के दौरान प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमला किया गया था।

हमले के बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफल रही टीम

एनआईए जांच टीम पर ममता ने उठाए सवाल

चुनाव में लोगों को क्यों गिरफ्तार किया जा रहा हैः ममता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर चुनावों से पहले वो लोगों को क्यों गिरफ्तार कर रहे हैं। क्या वो सभी बूथ एजेंट को गिरफ्तार करेंगे? आखिर एनआईए क्या कर रही थी? वो ये सब भाजपा के समर्थन में कर रहे हैं। ममता बेनर्जी ने जांच एजेंसी द्वारा पार्टी एजेंट को गिरफ्तार किए जाने के मामले पर कहा, मैं एनआईए द्वारा हमारे एजेंट की गिरफ्तारी की निंदा करती हूं और पूर्वी मेदिनीपुर के भूपतिनगर में महिलाओं पर उनके हमले की भी निंदा करती हूं। इसी तरह नंदीग्राम को लूटा। उस दिन आपने पुलिस अधिकारियों को बदल दिया। क्या ऐसे ही भाजपा चुनाव लड़ने जा रही है।

ये कोई पहली बार नहीं हुआ हैः रवि शंकर प्रसाद

हमले को लेकर भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने कहा, क्या यह पहली बार हुआ है? क्या ईडी पर हमला नहीं हुआ था? इसके बाद भी संदेशखली का सच सामने आया कि नहीं?अब एनआईए जब आतंकवादी-संबंधित तत्वों को पकड़ते हैं, तो हमला होता है।

संदेशखली में हमला हुआ था

पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में 5 जनवरी को ईडी और सीआरपीएफ की टीम टीएमसी नेता के घर रेड करने पहुंची थी। इस दौरान भीड़ ने जानलेवा हमला कर दिया। करीब 200 लोगों ने जांच एजेंसी के दो वाहनों में तोड़फोड़ की। इसमें कुछ अफसरों के सिर में चोट आई थीं। ईडी ने बताया ⏭ शेष पेज 4 पर

मध्य प्रदेश के दौरे पर केंद्रीय रक्षा मंत्री

राजनाथ सिंह ने कहा- देश को एक देश एक चुनाव की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को सिंगरौली व सीधी दौरे पर थे। सिंगरौली में उन्होंने कहा कि चुनाव की व्यवस्था बदलनी चाहिए। एक देश एक चुनाव से काम करने का मौका मिलेगा।

आज नगर निगम, नगर पालिका से लेकर विधानसभा व कई अन्य तरह के चुनाव होते रहते हैं। इससे निजात दिलाने की जरूरत है। भाजपा का विचार है कि देश में एक देश, एक चुनाव होना चाहिए। इससे भारत का लोकतंत्र मजबूत होगा।

रक्षामंत्री सिंह ने कहा कि देश व प्रदेश में बार-बार चुनाव से राजनैतिक पार्टी जनता के आंखों में धूल झोंकते हैं। यह अब बंद होना चाहिए। ⏭ शेष पेज 4 पर

भगवा का अपमान बर्दाश्त नहीं

कांग्रेसी नेता कोयला, गोबर, रेत और कांग्रेस को भी खा गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर थे। वहां से वे छिंदवाड़ा के पांढुर्ना में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। छग के कवर्धा में मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नेता कोयला, गोबर, रेत, ईमान के साथ कांग्रेस को भी खा गए। उन्होंने कहा कि हम नारा लगाते थे छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया, लेकिन छत्तीसगढ़िया को कांग्रेस ने खराब कर दिया। भाजपा की सरकार एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ को बढ़िया बनाया था, लेकिन कांग्रेस ने उसका कबाड़ा कर दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान कवर्धा में चुनावी जनसभा को संबोधित ⏭ शेष पेज 4 पर

मप्र में कांग्रेस के बचे 3 प्रत्याशी घोषित

मुरैना से सिकरवार, खंडवा से पटेल और ग्वालियर में पाठक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आखिरकार कांग्रेस ने अपने 3 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। कांग्रेस कमेटी की ओर से जारी की गई लिस्ट में मध्य प्रदेश की मुरैना लोकसभा सीट से सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू को टिकट दिया गया है।

वहीं, खंडवा लोकसभा सीट से नरेंद्र पटेल को कांग्रेस ने टिकट दिया है। उधर, ग्वालियर लोकसभा सीट से ⏭ शेष पेज 4 पर

सत्यपाल सिंह | नरेंद्र पटेल | प्रवीण पाठक

गोवा और दादर में भी उम्मीदवार उतारे

नॉर्थ गोवा सीट से रमाकांत खलप और साउथ गोवा सीट से कैप्टन विरियाटो फर्नांडीस को उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि दादरा एंड नगर हवेली (एसटी) सीट से अजीत रामजीभाई माहला चुनाव लड़ेंगे।

जवानों को ले जा रही बस टकराई

3 की मौत, एसएएफ की बस पलटने से 26 घायल

एजेंसी ⏭ सिवनी

मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) के जवानों को ले जा रही एक बस और एक कार की टक्कर में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए।

अस्पताल में भर्ती जवान

पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि एक जवान को गंभीर चोटें आई हैं और उसे उपचार के लिए पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के नागपुर भेजा गया है। यह दुर्घटना जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर सिवनी-मंडला राज्य राजमार्ग ⏭ शेष पेज 4 पर

इंदौर में भागवत की सुरक्षा में सेंध

बाइक सवार तेजी से रेलवे प्लेटफार्म में जा घुसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार देर रात इंदौर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म की है। दरअसल एक युवक बुलेट बाइक लेकर प्लेटफॉर्म तक पहुंच गया। बाइक में मॉडिफाइड साइलेंसर लगा हुआ था।

उस कारण उससे तेज आवाज आ रही थी। इसके बाद पुलिस ने उक्त युवक को पकड़ लिया। पूरा घटनाक्रम इतनी तेजी में हुआ कि अफसर भी सन्न रह

मदरसा एक्ट पर बोले यूपी के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री

सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करेंगे सुचारु रूप से संचालित होंगे मदरसे

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करेगी।

मदरसा शिक्षा के बेहतरी के लिए हमेशा हमारी सरकार ने सकारात्मक कदम उठाएं हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ से चर्चा कर हम जल्द ही समिति बनाकर, कैसे मदरसा शिक्षा ⏭ शेष पेज 4 पर

प्रावधानों का गलत अर्थ लगाया

यूपी के 17 लाख मदरसा छात्रों को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें यूपी मदरसा एजुकेशन बोर्ड एक्ट 2004 को असंवैधानिक और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ बताते हुए रद्द कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मदरसा बोर्ड एक्ट का मकसद रेगुलेटरी नेचर का है। यह कोई धार्मिक निर्देश जारी नहीं करता है। हाई कोर्ट ने 2004 के इस एक्ट के प्रावधानों का गलत अर्थ निकाला है। इस फैसले से 17 लाख छात्रों पर असर पड़ेगा। उन्हें दूसरे स्कूल में ⏭ शेष पेज 4 पर

प्रदेशभर में तेज बारिश, आंधी, ओले

पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी मप्र और यूपी की ओर, 10 अप्रैल से कई गुना स्ट्रांग होगा

आज से 11 अप्रैल तक भोपाल सहित पूर्वी मप्र के ज्यादातर और पश्चिमी एमपी के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश, तेज हवाएं चलेंगी

कमला पार्क,भोपाल का चित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। यह बदलाव 17 अप्रैल तक रहने से भोपाल में इस महीने लू का असर नहीं होगा। आज से 9 अप्रैल तक भोपाल सहित प्रदेश में हल्की बारिश और तेज हवाओं का असर रहेगा। 10 अप्रैल से ⏭ शेष पेज 4 पर

11 से तेज बारिश, ओले, भोपाल में लू नहीं चलेगी

श्री शुक्ला के अनुसार 9 अप्रैल तक प्रदेश में छिटपुट बारिश, तेज हवाओं का असर रहेगा। कुछ जगह ओले गिरेंगे। लेकिन 10 अप्रैल को आने वाला डब्ल्यूडी काफी स्ट्रांग होने से भोपाल सहित पूरे प्रदेश में अलग अलग हिस्सों में तेज बारिश, आंधी और कई जगह ओले गिरेंगे। यह सिलसिला 11 से 17 अप्रैल के बीच जारी ⏭ शेष पेज 4 पर

दिल्ली में बच्चों की खरीद-बिक्री करने वाला गैंग पकड़ा गया

अस्पताल के कर्मचारियों की मिली भगत के मिले संकेत

7 गिरफ्तार, तीन नवजात मिले, माता-पिता से बच्चा लेकर 5-6 लाख में बेचते थे, सीबीआई का रातभर चला ऑपरेशन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बच्चों की खरीद-बिक्री करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। जांच एजेंसी ने शुक्रवार (5 अप्रैल) को दिल्ली और हरियाणा में 7 जगहों पर रेड की थी।

इस दौरान दिल्ली के केशवपुरम स्थित एक घर से तीन नवजात को बरामद किया गया। इनमें दो लड़के हैं, जिनमें एक डेढ़ दिन और दूसरा 15 दिन का है। एक बच्ची करीब महीने भर की है। सीबीआई ने एक अस्पताल के वार्ड बॉय समेत ⏭ शेष पेज 4 पर

- *दिल्ली और हरियाणा में 7 जगहों पर की छापेमारी*
- *डेढ़ दिन से लेकर 15 दिन तक के नवजात शामिल*
- *एडॉप्शन का फर्जी कागजात बनाते थे, मार्च में 10 बच्चे बेचे*

सोशल मीडिया पर देते थे एड

आरोपियों का गिरोह बच्चों के वास्तविक माता-पिता या सरोगेट मां से उन्हें खरीदते थे। फिर सोशल मीडिया एड के जरिए निःसंतान दंपतियों को बेच देते थे। एक बच्चे की कीमत 4 से 6 लाख रुपए लगाई जाती थी। सीबीआई के अधिकारियों ने ⏭ शेष पेज 4 पर

सामान की तरह करते थे सौदा

सीबीआई के मुताबिक, आरोपी ब्लैक मार्केट में सामान की तरह बच्चों का सौदा करते थे। अकेले मार्च में लगभग 10 बच्चे बेचे गए। सर्च ऑपरेशन के दौरान 5.5 लाख कैश, कई दस्तावेज समेत आपत्तिजनक सामान बरामद किए हैं। सीबीआई ने सात गिरफ्तार किए गए आरोपियों के अलावा 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि शिशु तस्करों का एक नेटवर्क गोद लेने के साथ-साथ अन्य अवैध कामों के ⏭ शेष पेज 4 पर

भोपाल
रविवार, 7 अप्रैल 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-14
वर्ष : 11, अंक : 13
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 36
न्यून. 23

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi com

11 आईपीएल : सूर्यकुमार की वापसी से मुंबई...

आज कल
06 कांग्रेस की गारंटी या विरोध पत्र

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

आरबीआई ने लगाया 1 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) देश में सिर्फ बैंकों के रेग्युलेशन का ही नहीं, बल्कि नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों का भी रेग्युलेशन करता है। ऐसे में उनकी कोई भी भूल-चूक या नियमों का उल्लंघन आरबीआई की निगाह से बच नहीं सकता।

तभी तो आरबीआई ने एलआईसी की हाउसिंग फाइनेंस कंपनी पर लाखों रुपए का जुर्माना लगाया है। जबकि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को नियमों में कोताही बरतने के चलते 1 करोड़ रुपए का जुर्माना देना है। सेंट्रल बैंक ने एक बयान जारी कर पूरे मामले की जानकारी दी है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पर अगर 1 करोड़ रुपए का जुर्माना लगा है, तो एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस को 49.70 लाख रुपए का जुर्माना चुकाना है। वहीं आरबीआई ने एक अन्य बयान में कहा कि एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस पर भी करीब 50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस आरबीआई के 'एनबीएफसी-हाउसिंग फाइनेंस कंपनी (रिजर्व बैंक) गाइडलाइंस-2021' के कुछ प्रावधानों का सही से पालन नहीं कर सकी थी, इसलिए उस पर ये जुर्माना लगा है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने सहारनपुर में कांग्रेस पर बोला बड़ा हमला

भारत के टुकड़े वाला न्याय पत्र और दो लड़कों की यूपी में फ्लॉप फिल्म को फिर किया रिलीज

सहारनपुर से चुनावी शंखनाद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि यूपी में दो लड़कों की फ्लॉप फिल्म फिर रिलीज हो रही है। सपा को हर घंटे अपने उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं।

पीएम मोदी ने राम-राम से मंच पर पहुंचकर अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में देश का डंका बज रहा है

एजेंसी ▶▶ सहारनपुर

लोकसभा चुनाव के लिए ताबड़तोड़ रैलियां, सभाएं और रोड शो कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सहारनपुर में बड़ी चुनावी सभा की। इस मौके पर पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत सभी से राम राम करके की। इस मौके पर उन्होंने जहां केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताईं वहीं विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आपको याद होगा, यहां उत्तर प्रदेश में दो लड़कों की जो फिल्म पिछली बार फ्लॉप ▶▶ शेष पेज 4 पर

मोदी ने कहा मैं डरने वाला नहीं,हर एक काम को मिशन की तरह करता हूँ,जबकि कांग्रेस इसमें कमीशन ढूंढती है

सपा को हर घंटे उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं

पीएम मोदी ने कहा कि सपा की स्थिति तो ये है कि यहां उन्हें हर घंटे अपने उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं। कांग्रेस की स्थिति तो और भी विचित्र है, कांग्रेस को तो उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे। जिन सीटों को कांग्रेस अपना गढ़ मानती थी, वहां भी उसे उम्मीदवार उतारने की हिम्मत ही नहीं हो रही है। यानी विपक्षी गठबंधन अस्थिरता और अनिश्चितता का दूसरा नाम बन चुका है। इसलिए देश आज उनकी एक भी बात को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

कांग्रेस के घोषणा पत्र ने सच्चाई बयां की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा साथियों कांग्रेस ने एक झूठ का पुलिंदा जारी किया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में भारत के टुकड़े करने की बू आती है। झूठ का यह पुलिंदा कांग्रेस की एक बहुत बड़ी सच्चाई, कांग्रेस को बेनकाब करने वाला घोषणा पत्र है। आप देखिए हर पन्ने पर भारत के टुकड़े करने की बू आ रही है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में वही सोच झलकती है, जो सोच आजादी के समय मुस्लिम लीग में थी।

भाजपा ने लोगों का भरोसा जीता है: पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भाजपा का स्थापना दिवस है। बहुत कम दशकों में ही भाजपा के साथ रिकॉर्ड संख्या में हमारे देशवासी जुड़े हैं। भाजपा ने लोगों का भरोसा जीता है, भाजपा ने लोगों दिल जीता है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि भाजपा राजनीति नहीं, राष्ट्रनीति पर चलती है। भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत को एक मजबूत ▶▶ शेष पेज 4 पर

हम लोकतंत्र को बचाने में लगे हैं: सोनिया गांधी

राजस्थान के जयपुर में रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। सोनिया गांधी ने कहा कि 'पीएम मोदी खुद को महान मान कर काम कर रहे हैं। विपक्षी नेताओं को भाजपा में शामिल होने की धमकी दी जा रही है। आज लोकतंत्र खत्म हो गया है। हमारा देश खतरे में है। हमारे संविधान को बदलने की साजिशें की जा रही हैं। कांग्रेस इस देश और संविधान को बचाने का काम कर रही है। सोनिया गांधी ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि हम लोग तानाशाही से डटकर मुकाबला करेंगे। आज देश में खाने-पीने से लेकर सभी चीजें महंगी हो गई है। कांग्रेस उम्मीदवारों को वोट देने की अपील करते हुए जनता से कई वादे भी किए। उन्होंने कहा कि गंठबंधन की सरकार बनने पर कांग्रेस ने घोषणा पत्र में जो वादे किए हैं उसे पूरा लागू किया जाएगा।

पीएम के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

पीएम मोदी को देख उत्साह के साथ लगे मोदी... मोदी के नारे

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में चुनाव का शंखनाद कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहारपुर के बाद गाजियाबाद में रोड शो किया जिसमें लोगों ने जमकर मोदी-मोदी के नारे लगाए। पीएम मोदी की इस रैली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। बता दें पश्चिम उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रचार की शुरूआत कर चुके हैं। पीएम मोदी की रैली में सड़कें मोदी समर्थकों से पटी नजर ▶▶ शेष पेज 4 पर

जबलपुर में पीएम मोदी का रोड शो आज

कार्यक्रम को लेकर नेताओं ने घर-घर पीले चावल बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 7 अप्रैल को जबलपुर आ रहे हैं। वे मप्र की धरती और रानी दुर्गावती की पवित्र नगरी महाकौशल से रोड शो कर मप्र से चुनाव अभियान का शंखनाद करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी शाम 6 बजे भगत सिंह चौक से शंकराचार्य चौक तक रोड शो में शामिल होकर जनता का अभिवादन करेंगे। भाजपा ने

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा प्रदेश अध्यक्ष ▶▶ शेष पेज 4 पर

'मितरों, भ्रष्टाचारियों के ख़िलाफ़ एक्शन लूंगा'
एक-एक को जुमला पार्टी में भर लूंगा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जनहित में जारी.

लोकसभा क्षेत्र

जबलपुर

1 भाजपा प्रत्याशी
आशीष दुबे

2 कांग्रेस प्रत्याशी
दिनेश यादव

पिछली बार कौन जीता

राकेश सिंह

जीत का अंतर

4 लाख 54 हजार 744

क्या रहेंगे मुद्दे?

जबलपुर प्रदेश का महानगर है, इसलिए यहां राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों का खासा असर है। इसके साथ यहां सरकार द्वारा कराए गए काम भी मुद्दा बने हुए हैं। गांव-गांव तक सड़कों की कनेक्टिविटी अच्छी हुई है। सड़कों का जाल बिछा है। 4-5 फ्लाई ओवर तैयार हुए हैं। एक बड़ा फ्लाई ओवर बन रहा है। अन्य क्षेत्रों में भी केंद्र और राज्य सरकार ने काफी काम किए है। भाजपा मोदी और राम लहर के साथ इन कामों को मुद्दा बना रही है। कांग्रेस अपनी 19 माह की सरकार के कार्यों को गिना रही है। महंगाई और रोजगार को मुद्दा बना रही है। कांग्रेस के 5 न्याय और 24 गारंटियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

मुद्दों और काम के कारण कांग्रेस पर भारी पड़ रही भाजपा

जबलपुर में प्रभु श्रीराम, मोदी लहर के साथ मैदान में भाजपा

महाकौशल अंचल की जबलपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे और कांग्रेस के दिनेश यादव के बीच कई समानताएं हैं। दोनों बेदाग छवि और मिलनसार प्रवृत्ति के हैं। दोनों ने एलएलबी कर रखी है। आशीष लैंड लार्ड हैं और दिनेश के पास भी पैसे की कई नहीं है। फर्क यह है कि आशीष राम और मोदी लहर के साथ मैदान में हैं, जबकि दिनेश ने बड़ी तादाद में डिब्बे बनवाए हैं। वे और उनके समर्थक ये डिब्बे लेकर निकलते हैं और लोगों से 'एक नोट-एक वोट' की मांग करते हैं। राजनीतिक सच यह है कि जबलपुर में वर्ष 1996 से लगातार भाजपा का कब्जा है। चुनाव दर चुनाव उसकी जीत का अंतर बढ़ा है। मौजूदा माहौल देखकर यह परंपरा आगे भी कायम रहने की संभावना जताई जा रही है।

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

जबलपुर लोकसभा सीट में भाजपा-कांग्रेस के बीच मुकाबला तो है, लेकिन पलड़ा भाजपा का भारी है। ऐसा पहली बार नहीं है, भाजपा यहां लगातार जीत भी दर्ज करती आ रही है। 1991 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के श्रवण पटेल पहली बार मामूली अंतर 6 हजार 722 वोटों के अंतर से भाजपा के बापूराव परांजपे को हरा कर चुनाव जीते थे। इसके बाद से सीट पर भाजपा का कब्जा है और कांग्रेस एक अदद जीत के लिए तरस रही है। 1996 और 1998 के दो चुनाव बापूराव परांजपे ने जीते और 1999 में जयश्री बनर्जी ने जीत दर्ज की। इसके बाद 2004, 2009,

आशीष दुबे

दिनेश यादव

2014 और 2019 में भाजपा की ओर से लगातार राकेश सिंह ने कमल खिलाया। राकेश सिंह ने पिछला चुनाव साढ़े 4 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीता। मौजूदा माहौल देखकर कहा जा रहा है कि जीत का यह आंकड़ा और बढ़ने वाला है। लगातार चार जीत दर्ज करने वाले राकेश सिंह इस बार जबलपुर से मैदान में नहीं हैं। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर वे विधानसभा का चुनाव लड़े थे और इस समय राज्य सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री हैं। उनके स्थान पर भाजपा ने बिल्कुल नए चेहरे आशीष दुबे को प्रत्याशी बनाया है। वे तीन बार से विधानसभा का टिकट मांग रहे थे, लेकिन मिला नहीं। उन्होंने ज्यादा संगठन में काम किया है और अब लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उनकी बेदाग और निर्विवाद छवि है। उनकी गिनती जबलपुर के लैंड लार्ड के तौर पर होती है। कांग्रेस के दिनेश यादव भी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। वे प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री हैं। इससे पहले वे पार्षद और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहे हैं। कांग्रेस की ओर से वे महापौर का चुनाव भी लड़ चुके हैं। उनकी छवि भी अच्छी है, लेकिन वे भाजपा के आशीष से काफी पिछड़ते दिखाई पड़ रहे हैं। जबलपुर में भाजपा जैसी जीत दर्ज करती है, उसे देखकर स्पष्ट है कि यहां जातीय और सामाजिक गणित फेल हो जाते हैं।

विधानसभा में भाजपा को हासिल है बढ़त

प्रदेश की कई अन्य सीटों की तरह जबलपुर में भी भाजपा को विधानसभा में बड़ी बढ़त हासिल है। लोकसभा क्षेत्र की 8 में से 7 विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है, जबकि कांग्रेस के पास सिर्फ एक सीट है। 4 माह पहले हुए चुनाव में भाजपा ने पाटन, बरगी, जबलपुर उत्तर, जबलपुर कैंट, जबलपुर पश्चिम, पनागर और सिहोरा विधानसभा क्षेत्रों में बड़े अंतर से जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस सिर्फ जबलपुर पूर्व सीट ही जीत सकी है। जबलपुर पूर्व में कांग्रेस के लखन घनघोरिया 27 हजार 741 वोटों के अंतर से जीते हैं, जबकि सातों सीटों में भाजपा की जीत का अंतर 2 लाख 36 हजार 359 वोट है। साफ है कि भाजपा को विधानसभा चुनाव से ही 2 लाख से ज्यादा वोटों की बढ़त हासिल है। कांग्रेस के लिए इस अंतर को पाटना बड़ी चुनौती है।

ब्राह्मण, पिछड़ा, दलित वर्ग के वोटरों का दबदबा

सामाजिक समीकरण फेल होने की वजह से जबलपुर में हार-जीत का अंतर ज्यादा होता है। लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण, पिछड़ा वर्ग और दलित वर्ग के मतदाताओं का दबदबा है। ब्राह्मण एकमुश्त भाजपा के खाते में जा सकते हैं, जबकि पिछड़े वर्ग का एक हिस्सा कांग्रेस को मिल सकता है। भाजपा प्रत्याशी ब्राह्मण और कांग्रेस प्रत्याशी पिछड़े वर्ग से हैं। क्षेत्र में मुस्लिम और आदिवासी वर्ग के मतदाताओं की तादाद भी काफी है। इनमें मुस्लिमों का अधिकांश वोट कांग्रेस के पक्ष में जा सकता है, जबकि दलित और आदिवासी मतों में बंटवारा होगा। हालांकि इनका ज्यादा हिस्सा भी भाजपा के पक्ष में ज्यादा जाने की संभावना है। क्षेत्र के वैश्य, क्षत्रिय एवं अन्य जातियों में भाजपा का दबदबा देखने को मिल रहा है। यहां ब्राह्मण, पिछड़ा वर्ग और दलित वर्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

जबलपुर जिले को मिलाकर बनी लोस सीट

जबलपुर लोकसभा सीट का भौगोलिक एरिया बाहर नहीं गया। इसके तहत आने वाली सभी 8 विधानसभा सीटें जबलपुर जिले की ही हैं। जातीय आधार पर जरूर हर विधानसभा सीट की अलग-अलग स्थिति है। किसी सीट में दलित और आदिवासी ज्यादा हैं तो किसी में पिछड़े और ब्राह्मण। कुल मिलाकर दबदबा भाजपा का ही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया था। तब भाजपा और कांग्रेस को बराबर 4-4 सीटें मिली थीं। बावजूद इसके 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के राकेश सिंह 4 लाख 54 हजार 744 वोटों के बड़े अंतर से जीते थे। अब तो विधानसभा में भी भाजपा का पलड़ा भारी है। माहौल भी भाजपा का है।

जैसा मैंने देखा

चुनाव...

भाजपा और जनता दल में चुनावी समझौता, पर पटेल पहुंचे संसद

मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर कई प्रकार की चर्चाएं और घटनाक्रम सुर्खियों का विषय बनते रहे हैं। ऐसा ही एक किस्सा 1989 लोकसभा चुनाव का भी सुर्खियां पाता रहता है। इस चुनाव में भाजपा और जनता दल के बीच में चुनावी समझौता हुआ था। इस समझौते के अंतर्गत सिवनी लोकसभा सीट जनता दल के लिए छोड़ी गई थी। उन दिनों कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ला जनता दल में हुआ करते थे। सिवनी लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का इंट्रेस्ट भी विद्या चरण शुक्ल के मन का विषय था। उन्होंने अपने समर्थक जबलपुर के मदन तिवारी के लिए यह सीट भाजपा से मांगी थी। समझौते के तहत मदन तिवारी ने यहां से जनता दल की टिकट पर नामांकन भी दाखिल किया था। इसी बीच में युवा मोर्चा के प्रमुख नेताओं में से एक रहे प्रहलाद पटेल ने भाजपा के चुनाव चिन्ह पर सिवनी से नामांकन दाखिल कर दिया। संयोगवश कहे या इसे राजनीतिक चतुराई कहें भाजपा ने प्रहलाद पटेल के पक्ष में बी फॉर्म भी जारी कर दिया। चुनाव आयोग ने समस्त दस्तावेजों को देखने के बाद प्रहलाद पटेल को कमल का चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया। जनता दल और भाजपा के बीच इस बात को लेकर खासा विवाद हुआ कि यह तकनीकी भूल नहीं हो सकती। प्रहलाद पटेल युवाओं में लोकप्रिय थे, जिसके कारण चुनाव प्रचार ने तेजी पकड़ी और वह पहली बार लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हो गए। पटेल जब लोकसभा सदस्य निर्वाचित होकर संसद भवन पहुंचे, तब भाजपा के बड़े नेता और देश के प्रधानमंत्री रहे हुए अटल बिहारी वाजपेयी ने पटेल का स्वागत कर दिया। इस प्रकार दिए गए आशीर्वाद का जनता दल के लोगों ने यही अभिप्राय जाना कि भाजपा ने जानबूझकर प्रहलाद पटेल को चुनाव लड़ाया है। वैसे भी उस समय के राजनीतिक समीकरणों में मध्य प्रदेश में जनता दल का कोई बड़ा आधार नहीं था। इसलिए भी भाजपा के नेतृत्व में निर्वाचन पदाधिकारी के यहां से बी फॉर्म वापस लेना उचित नहीं समझा। तकरार के बाद जनता दल और भाजपा के बीच में केवल एक ही बार विधानसभा चुनाव में समझौता हो पाया था, जिसके तहत बच्चन नायक जनता दल के विधायक के रूप में समझौते के कारण सदन में पहुंच पाए।

सुरेश शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

चाय पे चर्चा

⏭ नवीबाग क्षेत्र स्थित राजवीर टी-स्टॉल पर लोकसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा में देश और प्रदेश के मुद्दे गूंजे

इस बार के लोकसभा चुनाव में रोजगार और विकास प्रमुख मुद्दा, मुख्य दलों के प्रत्याशियों का भी असर

लोकसभा चुनाव की चर्चाओं के लिए चाय की दुकानें विशेष स्थान साबित हो रही है। यहां लोग चाय की चुस्कियों के साथ चुनावी चर्चाओं का पिटारा खोल रहे हैं। कोई किसी राजनैतिक पार्टी के प्रत्याशी को चर्चाओं में जिता रहा है तो कोई दूसरी पार्टी के उम्मीदवार को। ऐसे में हर किसी का अपना मत है, लेकिन ओवरऑल मतदाता ही प्रत्याशी को जिताएगा। इस मामले में शहर के अलग-अलग हिस्सों में लोगों के बीच चर्चाओं की

अलग-अलग मुद्दे देखे जा रहे हैं। कोई भी किसी की जीत-हार का दावा कर रहा है। ऐसे में प्रमुख राजनैतिक पार्टियों में शामिल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के प्रत्याशियों के बीच होने वाली हार-जीत की बात ज्यादातर लोगों के बीच ज्यादा सुनी जा रही है। अन्य पार्टियों के प्रत्याशी जीत के लिए अब पहले से अधिक मेहनत से प्रचार करने लगे हैं, उन्हें भी परिणाम अच्छा ही मिलेगा। ऐसे में नवीबाग क्षेत्र स्थित राजवीर टी-स्टॉल पर चर्चाओं का दौर सुनने को मिला। इलाके के निवासी भैया लाल रांझी, तरुण विश्वकर्मा, जयकुमार नाथ, लखन लोधी और नवल सिंह ठाकुर का मानना है कि लोकसभा चुनाव में कई मुद्दे अहम रहेंगे। इनमें रोजगार, विकास आदि प्रमुख मुद्दे हो सकते हैं। मतदाता जिसे चुनेगा, वही जीतेगा। चुनाव में चर्चाएं बहुत सी होती हैं, लेकिन परिणाम वहीं होते हैं, जो मतदाता ईवीएम में फीड करता है।

जो हो न सका...

इमामी गेट से मोती मस्जिद के बीच नहीं बना ओवर ब्रिज, सड़क चौड़ीकरण का भी इंतजार

पुराने शहर में इमामी गेट के पास होने वाली ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान करने के लिए इमामी गेट से मोती मस्जिद के बीच प्रस्तावित ओवर ब्रिज और सड़क चौड़ीकरण के लिए जमीन का अधिग्रहण भी किया गया, लेकिन अब तक ब्रिज का काम शुरु नहीं हो पाया है। मोती मस्जिद से इमामी गेट तक सड़क चौड़ीकरण और ओवर ब्रिज बीआरटीएस के तहत प्रस्तावित किया गया था। इस काम में सबसे बड़ी बाधा 53 मकान और दुकान बने हुए थे। इनके अधिग्रहण के लिए मुआवजा देने पर निगम सहमत नहीं हो रहा था। वर्ष 2012 में तत्कालीन कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से 16.87 करोड़ रुपए का प्रस्ताव दिया गया था। नगर निगम ने 10 प्रतिशत राशि भी जमा करा दी है।

यह होता फायदा

मोती मस्जिद से पीरगेट व इससे आगे तक फ्लाईओवर बनने से वाहन अच्छे से आवाजाही कर सकेंगे। इसके साथ ही चौक बाजार, जुमेराती, लखेरापुरा, आजाद मार्केट समेत सुल्तानिया रोड, भोपाल टॉकीज जैसे क्षेत्रों में ट्रैफिक का दबाव कम होगा।

फर्स्ट टाइम वोटर

युवाओं के लिए रोजगार व देश के विकास के मुद्दे पर वोट दूंगी

युवा मतदाताओं की वजह से ही लोकतंत्र नए आयाम स्थापित कर रहा है। मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है और अधिकारी भी है। मैं पहली बार

लोक सभा चुनाव में मतदान करूंगी। इसको लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। मैं युवाओं के लिए रोजगार व देश के विकास के मुद्दों पर वोट करूंगी। मैं स्वयं तो वोट डालने के साथ समाज के अन्य वर्ग को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करूंगी।

अन्नू कुमारी, युवा मतदाता

जब तक युवा जागरूक नहीं होंगे तब तक समाज नहीं जागेगा

जो देश व युवाओं का विकास के लिए काम करेगा, मैं उसके पक्ष में वोट डालूंगा। साथ ही सभी उम्मीदवार व पार्टी को परखने के बाद वोट करूंगा। लोगों को साफ छवि के व्यक्ति के पक्ष में वोट करना चाहिए। हम युवा जब तक जागरूक नहीं होंगे, तब तक समाज नहीं जागेगा। लोकतंत्र में सरकार चुनने में युवाओं की अहम भूमिका होती है। अतः सभी युवाओं को सोच समझकर ही जनप्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए।

सौरभ शर्मा, युवा मतदाता

बूथ जीतने के लिए कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका: राजेंद

उप मुख्यमंत्री ने भोपाल मध्य विधानसभा में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उनका यह संकल्प सिद्ध हो सके और भारत विश्वगुरु के आसन पर स्थापित हो, इसके लिए मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता हर बूथ पर 370

वोट बढ़ाने के काम में जुट जाएं। यह बात उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शनिवार को भोपाल मध्य विधानसभा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि बूथ जीतने के लिए बूथ कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हमें बूथ के हर व्यक्ति तक पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों को अवगत कराना है। यह कार्य बूथ के त्रिदेव बेहतर कर सकते हैं। यह लोकसभा चुनाव देश की दिशा और दशा को तय करने वाला चुनाव है।

जीतू को समझ नहीं आ रहा, कांग्रेस की टूट-फूट की कैसे मरम्मत की जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने एक्स पर पोस्ट कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि किसी कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से इससे ज्यादा गैर जिम्मेदाराना बयान नहीं हो सकता। वैसे तो कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का दायित्व बनता है कि वो कांग्रेस छोड़कर जाने वाले नेताओं पर जवाब दें, लेकिन अपनी जिम्मेदारियों से भागने वाले पटवारी ने पल्ला झाड़ते हुए इसे दिग्विजय सिंह पर टाल दिया।

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अग्रवाल ने पीसीसी चीफ पर साधा निशाना

अग्रवाल ने कहा कि पीसीसी अध्यक्ष ने अपना पल्ला झाड़ते हुए यह तक कहा कि रामलाल मालवीय जैसे नेता अगर कांग्रेस छोड़ी है, तो उसकी जवाबदेही दिग्विजय सिंह की होगी। दीपक सक्सेना के कांग्रेस छोड़ने पर कमलनाथ की पेशी होगी, लेकिन जीतू पटवारी की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि उन्हें समझ ही नहीं आ रहा है कि पार्टी की टूट-फूट की मरम्मत कैसे की जाए? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अभी भी हवा-हवाई बातें कर रहे हैं। उनके अनुसार तो 320 लोगों ने ही कांग्रेस को अलविदा कहा है, जबकि जमीनी हकीकत जीतू पटवारी की जमीन खिसकाने वाली है।

भाजपा के स्थापना दिवस पर एक ही दिन में एक लाख 26 हजार लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता

तीन महीने में रिकार्ड 2 लाख 58 हजार ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा के स्थापना दिवस के मौके पर सवा लाख कांग्रेसियों व अन्य लोगों को भाजपा में ज्वॉइन कराने का लक्ष्य तय किया गया था। किंतु देर शाम तक यह संख्या बढ़कर एक लाख 26 हजार से अधिक हो गई। डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि पिछले तीन महीने में कुल 2 लाख 58 हज़ार 523 कांग्रेसियों व अन्य विशिष्ट लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसमें कांग्रेस के अलावा अन्य पार्टियों के नेता, कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में अन्य लोग शामिल हैं।

मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दिलाई सदस्यता, किया स्वागत

पूर्व डिप्टी कलेक्टर, पूर्व विधायक सहित कई कांग्रेसी भाजपा में शामिल

प्रदेश भाजपा कार्यालय में शनिवार को कांग्रेस के उज्जैन जिले के घट्टिया से तीन बार के पूर्व विधायक रामलाल मालवीय, पूर्व जनपद अध्यक्ष भारत सिंह पंवार, उपाध्यक्ष बहादुर सिंह पटेल एवं पूर्व डिप्टी कलेक्टर रमेशचन्द्र सक्सेना सहित कई कांग्रेस के पदाधिकारी, जनपद सदस्य, सरपंच, पूर्व संरपंचों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं न्यू ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने इन्हे भाजपा की सदस्यता दिलाई और स्वागत किया।

भाजपा जड़ों से जुड़कर काम करती है: डॉ. मोहन

प्रदेश कार्यालय में सदस्यता ग्रहण कराते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का परिवार लगातार बढ़ रहा है। भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनने के बावजूद भी जड़ों से जुड़कर काम कर रही है। हमारी पार्टी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास के उल्लेखनीय कार्य हुए हैं।

हम सभी मिलकर प्रदेश के विकास में योगदान देंगे: विष्णुदत्त

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के प्रति हर व्यक्ति का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कार्य करने के लिए सभी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। भारतीय जनता पार्टी एक परिवार है। आप सभी इस परिवार के अभिन्न सदस्य बनकर प्रदेश के विकास में अपना योगदान देंगे। शर्मा ने कहा कि आज पार्टी के स्थापना दिवस पर यह सदस्यता अभियान देश को सर्वश्रेष्ठ बनाने और मध्यप्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए है। आज प्रदेश के 64523 बूथों पर अन्य दल के नेता, खिलाड़ी, डॉक्टर, आर्टिस्ट सहित समाज के प्रतिष्ठितजनों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

मुख्यमंत्री आज पीएम के साथ रोड शो में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रविवार को सुबह 11 बजे राजगढ़ पहुंचकर पार्टी प्रत्याशी रोड़मल नागर के समर्थन में स्थानीय संस्कृति गार्डन में वृहद कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। डॉ. यादव राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र की कोर ग्रुप की बैठक को संबोधित करने के बाद दोपहर 12 बजे सारंगपुर पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री 1.15 बजे भोपाल पहुंचेंगे। वह दोपहर 3 बजे भोपाल से जबलपुर रवाना होकर शाम 6 बजे जबलपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ रोड शो में शामिल होंगे।

पांढुर्ना विधानसभा के नानंदवाड़ी में ली आमसभा

कांग्रेस आरक्षण खत्म करने को लेकर फैला रही भ्रम : सीएम डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कांग्रेस देश में भ्रम फैला रही है कि भाजपा संविधान बदल आरक्षण खत्म कर देगी, लेकिन क्या सिर्फ लोकसभा और राज्यसभा से पास हो जाने पर कोई कानून बन जाता है। कानून बनता है देश के राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से, ऐसे में क्या किसी आदिवासी का बुरा होता देख राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू कभी ऐसा होने देंगी। अब तक आदिवासी समाज का जितना सम्मान भाजपा ने किया किसी ने नहीं किया। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाडा लोकसभा क्षेत्र के पांढुर्ना

विधानसभा के नानंदवाड़ी में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए कहीं। डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने छिंदवाड़ा को वोट की मशीन बना दिया।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 7 अप्रैल 2024

7 पार्किंग के विवाद को लेकर सुपरवाइजर...

8 64523 बूथों पर फहराया भाजपा का ध्वज प्रदेश..

वेटिंग में दर्शन.. देवी स्थलों की ओर जाने वाली मालवा, पंजाब, श्रीधाम और झेलम में 20 अप्रैल तक नो-रूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

चैत्र नवरात्र 9 अप्रैल से शुरू हो रहा है। राजधानी भोपाल से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने वैष्णो देवी व मैहर दर्शन के लिए ट्रेनों में बुकिंग कराई है, जिसके चलते अधिकांश ट्रेनों में 20 अप्रैल तक डेढ़ सौ से 300 की वेटिंग देखने को मिल रही है । कुछ ट्रेनों में तो नो-रूम की स्थिति है। ऐसे में अब बर्थ के लिए यात्रियों की तत्काल टिकट का ही सहारा है। वैष्णो देवी, मैहर की ओर जाने वाली ट्रेनों में सीटें फुल हो गई हैं। इन तीर्थ स्थलों पर झेलम, मालवा, छत्तीसगढ़ , अंडमान एक्सप्रेस, पंजाब मेल, पठानकोट, मंगला, स्वर्ण जयंती, केरल एक्सप्रेस, रेवांचल आदि ट्रेनें जाती हैं। लेकिन इन ट्रेनों में किसी भी श्रेणी में कन्फर्म सीटें नहीं हैं। सबसे ज्यादा खराब स्थिति वैष्णो देवी जाने वाली ट्रेनों की है।

स्लीपर और एसी श्रेणी में सीटें खाली नहीं, कुछ ट्रेनें हैं पहले से कैंसिल

पीतांबरा पीठ दतिया जाने वाली ट्रेनों में भी वेटिंग

भोपाल से पीतांबरा पीठ दतिया जाने के लिए ट्रेनों में वेटिंग मिल रही है। वहीं, मैहर जाने के लिए भोपाल से शुरू होने वाली ट्रेनें रेवांचल एक्सप्रेस में लंबी वेटिंग मिल रही है। हालांकि रेलवे की ओर से करीब डेढ़ दर्जन लंबी दूरी की ट्रेनों को हाल्ट देकर मैहर जाने वालों को राहत दी गई है, लेकिन उनमें भी वेटिंग के हालात हैं। जनरल टिकट पर भी यात्रा करने का मौका उनमें कम है, जिसका कारण पहले से वे कोच रिजर्व होना है।

एकाएक वेटिंग लिस्ट पहुंची 230 पर

यात्रियों को दिल्ली से जम्मू जाने वाली ट्रेनों में भी कन्फर्म बर्थ नहीं मिल रही है। यात्रियों को एक दिन पहले तत्काल कोटे से ही कन्फर्म सीट की उम्मीद है। कुछ दिन पहले एसी व स्लीपर श्रेणी में इस ट्रेन में क्रमशः 40 से लेकर 150 तक बर्थ आसानी से उपलब्ध हो रही थीं। लेकिन नवरात्र के चलते वैष्णो देवी के दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं के कारण झेलम एक्सप्रेस की एसी और स्लीपर श्रेणी में एका-एक खासी वेटिंग मिल रही है। जबकि मालवा में मां वैष्णो के दर्शन करने वालों के लिए एसी श्रेणी में आरएसी और स्लीपर में वेटिंग का टिकट मिल रहा है। जम्मूतवी-कटरा तरफ जाने वाली झेलम व मालवा में यह संख्या क्रमशः 110 से लेकर 230 या उससे अधिक पर पहुंच रही है।

बीना से गुना की ओर जा रही कोयले से भरी मालगाड़ी के इंजन में लगी

वजह जानने जांच के आदेश

दो इलेक्ट्रिकल इंजन के साथ कोयला लेकर बीना से गुना की तरफ जा रही पीसीएमसी गुड्स ट्रेन के इंजन में शनिवार शाम सात बजे के आसपास एकाएक आग लग गई। बीना स्टेशन से लगभग 14 किमी दूर सेमरखेड़ी स्टेशन से लगभग आधा किमी दूर यह घटना हुई। ट्रेन पायलट ने कूदकर अपनी जान बचाई। साथ ही तत्काल इसकी जानकारी रेल अधिकारियों को दी। साथ ही नजदीकी रिफाइनरी और जेपी कंपनी के अधिकारियों को सूचना देकर फायर ब्रिगेड बुलाई गई। बीना नपा की फायर लारी ने आग पर काबू पा लिया है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं लग पाया है। इसको लेकर रेलवे ने जांच के आदेश दिए हैं। भोपाल मंडल के प्रभारी पीआरओ नवल अग्रवाल का कहना है कि आग जल्द बुझा दी गई थी। वजह की जांच की जाएगी। फिलहाल, एक बड़ा हादसा टल गया है। क्योंकि मालगाड़ी कोयले से भरी हुई थी।

रमजान मुबारक

इफ्तार-6:43 रविवार (शाम)
सहरी-4:26 सोमवार (सुबह)

खबर संक्षेप

आईपीएल खिलाड़ी शशांक बने भोपाल जिले के स्वीप आईकॉन

भोपाल। हाल ही में आईपीएल के एक शानदार मैच में पंजाब किंग्स की तरफ से खेलते हुए स्टार बल्लेबाजों की श्रेणी में शामिल हुए भोपाल के शशांक सिंह को जिला स्वीप आइकन बनाया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने उन्हें चल रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। शशांक ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आह्वान पर स्वीप आइकान बनने में सहमति प्रदान की। अपर कलेक्टर विकास एवं स्वीप के नोडल ऋतुराज ने बताया कि शशांक ने दूरभाष पर अपनी सहमति प्रदान की है। क्योंकि उनके लगातार मैच हैं और जैसे ही मैच से अवकाश मिलेगा वह भोपाल आएंगे।

गुमशुदगी दर्ज होने पर पुलिस ने छुड़ाया, दो गिरफ्तार

सिक्योरिटी कंपनी के फील्ड ऑफिसर को तीन दिन तक बंधक बनाकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

आचार संहिता लागू है, इसके बाद भी एक सुरक्षा अधिकारी को किडनैप कर लिया गया, मारपीट भी की गई और पुलिस को भनक तक नहीं लगी

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित शीतल हाइट्स में रहने वाले सिक्योरिटी कंपनी के एक फील्ड ऑफिसर का अवधपुरी में बाइक सवार दो युवकों ने अपहरण कर लिया। आरोपी युवक उसे सोनागिरी के एक मकान में बंधक बनाकर रखे थे और मारपीट कर रहे थे। आरोपियों ने उसकी पत्नी को कॉल कर खाते में 1 लाख 47 हजार रुपए भी ट्रांसफर भी करवाए। मिसरोद पुलिस ने युवक को टॉवर लोकेशन के आधार पर छुड़वाया और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। विवाद की वजह पीड़ित के भाई द्वारा नौकरी के नाम पर 4.20 लाख रुपए लेने की बात सामने आई है।

दरअसल, ज्योति तोमर (26) शीतल हाईट्स मिसरोद में रहती हैं। उनके पति अनिल सिंह तोमर (42) एक सिक्योरिटी कंपनी में फील्ड ऑफिसर हैं। 2 अप्रैल की सुबह करीब साढ़े 9 बजे अनिल काम पर निकला था, लेकिन घर नहीं लौटा।

खास बातें

- किडनी बेचकर आरोपी दे रहे थे भीख मंगवाने की धमकी
- आरोपियों ने ऑफिसर से मारपीट कर ट्रांसफर करवाए 1.47 लाख रुपए

बातचीत करने के बहाने अवधपुरी बस स्टॉप से ले गए

2 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे अनिल सिंह अवधपुरी में था। इस दौरान विभूति और पीयूष मिले और रुपए की बातचीत का कहकर साथ ले गए। आरोपी उसे लेकर इंद्रपुरी स्थित एक फ्लैट पर ले गए और वहां बंधक बनाकर मारपीट की। अनिल को कमरे में बंदकर दोनों ज्योति के शीतल हाईट्स स्थित फ्लैट पर भी पहुंचे थे, लेकिन वह बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल गई थी, इसलिए फ्लैट पर ताला लगा हुआ था। ज्योति फ्लैट पर मिलती तो आरोपी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते थे। पकड़े गए दोनों झारखंड के बताए जा रहे हैं।

मिसरोद पुलिस की मुस्तैदी से बची जान

पति के बंधक होने की शिकायत ज्योति सिंह ने शुक्रवार शाम मिसरोद थाने में की थी। थाने में मौजूद एसआई प्रेम चंद द्विवेदी ने ज्योति से पूछताछ की और मोबाइल नंबर की टॉवर लोकेशन निकाली। लोकेशन मिलते ही पुलिस ने इंद्रपुरी स्थित एक फ्लैट पर दबिश दी और विभूति कुमार समेत पीयूष कुमार को दबोच लिया। पुलिस कमरे में पहुंची और अनिल सिंह को बाहर निकाला गया। अनिल के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। अनिल ने बताया कि उसे बंधक बनाकर रखा गया था और यूरिन के लिए डिब्बा दे दिया था।

कॉल कर मांगे रुपए

दो दिन बाद ज्योति के पास विभूति कुमार और पीयूष का कॉल आया। वे कह रहे थे कि हमारे रुपए लौटा दो और पति को ले जाओ। रुपए नहीं दिए तो वह अनिल को बिहार ले जाएंगे और उसकी किडनी बेचकर भीख मंगवाएंगे। दरअसल, अनिल सिंह का भाई निखिल सिंह इंदौर एक निजी कंपनी में काम करता है। निखिल सिंह का विभूति कुमार और पीयूष कुमार से 4.20 लाख रुपए का लेन-देन है।

पिलर और कॉलम जेसीबी से हटाए, पीड़ित लोगों के साथ की धोखाधड़ी

दान पत्र पर कर दी पंद्रह करोड़ की सरकारी जमीन पर प्लॉटिंग, 3 पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

एसडीएम एमपी नगर ने मौके पर पहुंचकर कराई कार्रवाई

राजधानी से लगे पिपलिया पेंदे खां में पौने दो एकड़ सरकारी जमीन दान पत्र पर बेची जा रही थी। यहां बीस से अधिक लोगों ने प्लॉट भी खरीद लिए। कॉलम और पिलर के बाद मकान बनाए जा रहे थे। शनिवार को एमपी नगर एसडीएम टीम ने मौके पंद्रह करोड़ कीमत की सरकारी जमीन पर किया गया अवैध निर्माण ढहा दिया। टीम जब पिपलिया पेंदे खां पहुंची तो, मकान मालिकों ने इसका विरोध किया। उन्होंने बताया कि भैया भाई, शहजाद और जहीर अहमद ने दान पत्र पर यहां प्लॉट बेचे हैं। एसडीएम ने बताया कि यह सरकारी जमीन है, इस पर प्लॉट नहीं बेचे जा सकते हैं। जिसके बाद तीन जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण को ढहाया गया। अब तीनों भूमाफिया के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

एसडीएम ने बताया कि पिपलिया पेंदे खां में पौने दो एकड़ सरकारी जमीन है। जहां पर भूमाफिया ने कब्जा कर 20 से अधिक लोगों को दान पत्र पर प्लॉट बेच दिए थे। जिसकी जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस और नगर निगम की मदद से अवैध निर्माणों को ढहाया गया है। तीनों भूमाफिया के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

सरकारी जमीन पर झुग्गियां बनाने लगाए बांस-बल्ली हटाए

शंकर नगर इलाके में सरकारी जमीन पर शनिवार सुबह कुछ लोग झुग्गियां बना रहे थे। इसी दौरान जिला प्रशासन और नगर निगम के पास अवैध कब्जे की शिकायत पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में निगम और प्रशासन के अफसरों ने बांस-बल्ली हटवा दिए। इस दौरान अफसरों और लोगों के बीच नोकझोंक भी हुई।

महिला ने खरीदा था 11 लाख में प्लॉट

प्रशासन ने अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाया तो लोगों ने विरोध शुरू कर दिया था। यहां तेजी से मकानों का निर्माण कार्य शुरू हो गया था। एक महिला ने बताया कि उसको एक हजार वर्गफीट का प्लॉट 11 लाख रुपए में बेचा गया था। उसने यहां रहना तक शुरू कर दिया था। इतना ही नहीं अन्य दो लोगों ने दुकानें तक बनाकर संचालित करना शुरू कर दिया था।

शंकर नगर में भी कार्रवाई

वार्ड-76 स्थित शंकर नगर में उड़िया बस्ती में नगर निगम की सरकारी जमीन है। यहां शनिवार को बांस-बल्ली लगाकर कब्जे की सूचना मिलने के बाद कार्रवाई की गई। गैस पीड़ित संगठन ग्रुप फॉर इन्फॉर्मेशन एंड एक्शन की रचना ढिंगरा ने बताया कि रामगंज मंडी के लिए तीसरी रेलवे लाइन को लेकर यहां से 155 परिवारों को हटाया गया था, लेकिन उन्हें अब तक विस्थापित नहीं किया गया है। ढिंगरा ने बताया कि यूनियन कार्बाइड फैक्टरी के पीछे बसे परिवारों के घर 15 महीने पहले तोड़े गए थे। इन्हें अब तक कहीं भी विस्थापित नहीं किया गया है।

आरजीपीवी मामले में अभाविप ने शहर के प्रमुख चौराहों पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में करोड़ों रुपए निजी बैंक खातों में डालने के संदर्भ में विश्वविद्यालय के कुलगुरु कुलसचिव सहित अन्य लोगों पर की गई प्राथमिकी के एक माह पश्चात भी अपराधि पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।

अभाविप ने शनिवार को शहर के प्रमुख पांच चौराहा रोशनपुरा चौराहा, आशाराम चौराहा, बीमाकुंज, रेतघाट चौराहा और इंद्रपुरी चौराहे पर भोपाल पुलिस की नाकामी पर अपना रोष प्रकट किया। विद्यार्थी परिषद का मानना है कि भोपाल पुलिस लगातार अपराधियों को पकड़ने में नाकाम रही है। साथ ही इतने लंबे काल तक अपराधियों को सबूत मिटाने का समय दिया गया है। विद्यार्थी परिषद ने यह भी प्रश्न उठाया की अपराधियों को किसी राजनीतिक संरक्षण के चलते पकड़ा नही जा रहा है क्या? अभाविप ने भोपाल पुलिस कमिश्नर की अकर्मण्यता पर भी प्रश्न उठाया।

पुलिस की निष्क्रियता पर उठाए सवाल

...तो चुनाव आयोग से करेंगे हटाने की मांग

अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा ने प्रश्न उठाए कि अपराधियों की गिरफ्तारी से किस को डर लग रहा है? साथ ही अभाविप के प्रांत मंत्री संदीप वैष्णव ने बताया की अगर भोपाल पुलिस कमिश्नर तत्काल प्रभाव से उचित कार्यवाही नही करते हैं तो हम राज्य चुनाव आयुक्त और निर्वाचन आयोग को उनको हटाने की मांग करेंगे।

देहात पुलिस की कांबिंग गश्त

21 स्थाई, 38 गिरफ्तारी और 34 जमानती वारंट तामील

- देहात के 46 गुंडा बदमाश हिस्ट्रीशीटर चेक किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

लोकसभा चुनाव से पहले राजधानी की देहात पुलिस भी एक्टिव हो गई है। देहात पुलिस ने देहात के सभी सात थानों में थाना प्रभारी समेत स्टाफ के साथ इलाके में कांबिंग गश्त की।

कांबिंग गश्त में पुलिस ने पुराने हिस्ट्रीशीटर चेक किए। इसके अलावा 21 स्थाई, 38 गिरफ्तारी और 34 जमानती वारंटों की तामीली की गई। देहात में पुलिस फोर्स की कांबिंग गश्त देखकर ग्रामीणों ने पुलिस का सहयोग किया और सराहना भी की।

एसपी ने दिए थे निर्देश

एएसपी देहात नीरज चौरसिया ने बताया कि एसपी प्रमोद सिन्हा द्वारा शुक्रवार को सभी अधिकारियों को मीटिंग के लिए बुलाया था। उन्होंने कहा कि टीम बनाकर अपने अपने थाना क्षेत्रों में कांबिंग गश्त करें। ध्यान रखें कि आरोपियों की धरपकड़ पूरी सुरक्षा के साथ की जाए और ऐसे लोगों को थाने न लाएं जो शराब के नशे में हैं या फिर उनकी तबीयत बिगड़ी हुई है। गिरफ्तारी वारंट में तामिली के बाद आरोपियों की निगरानी के लिए जिम्मेदार पुलिसकर्मी तैनात किया जाए। एसपी के निर्देश के बाद रात करीब 11 बजे टीम बनाकर थाना प्रभारी अपने अपने इलाके में गश्त के लिए निकल गए। सुबह तक 21 स्थाई, 38 गिरफ्तारी और 34 जमानती वारंटों की तामीली की गई।

ईवीएम, मॉक पोल, वोटिंग की समझाई बारीकियां

चुनाव कराने 6 दिन में 16 हजार कर्मचारी हुए प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

लोकसभा सीट का चुनाव कराने के लिए पिछले छह दिनों में आठ सेंटरों पर 16 हजार 443 अधिकारी और कर्मचारियों ने ईवीएम, मॉक पोल, वोटिंग की बारिकियां सीखीं हैं। इन कर्मचारियों को जिले की सात विधानसभाओं के 2363 मतदान केंद्रों पर भेजा जाएगा, जबकि सीहोर की एक विधानसभा का चुनाव सीहोर जिला निर्वाचन अधिकारी कराएंगे।

इस तरह आठ विस को मिलाकर भोपाल लोकसभा सीट का चुनाव कराया जाएगा। छह दिनों से चल रही चुनावी ट्रेनिंग में इस बार 706 कर्मचारी गायब रहे, जिन्हें नोटिस भेजे जा रहे हैं।

भोपाल में 8 सेंटरों पर एक अप्रैल से सुबह 11 से शाम 4 बजे तक 16 हजार 443 अधिकारी-कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई है। शनिवार को ट्रेनिंग का आखिरी दिन रहा। अब ट्रेनिंग में उन्होंने क्या सीखा? इसका वे एग्जाम भी देंगे। परीक्षा में फेल होने वाले कर्मचारी को फिर से ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग के नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह ने बताया कि ट्रेनिंग के बाद कर्मचारियों की परीक्षा भी ली जा रही है। जिसमें पास होना अनिवार्य किया गया है।

प्रशिक्षण से 706 कर्मचारी रहे गायब, सभी को थमाए जा रहे नोटिस

खास बात

- इन प्रशिक्षित कर्मचारियों को भेजा जाएगा जिले की सात विस के 2363 मतदान केंद्रों पर, सीहोर के चुनाव वहीं के अधिकारी कराएंगे

जैकेट का शेष

जनता ने तीन दशक...

भूमिका निभाने में नाकामयाब रहे। अगर जनता ने मुझे आशीर्वाद दिया तो वो बताएंगे कि सांसद होता क्या है? जो लोग भाजपा में गए हैं, उनको पार्टी ने बहुत कुछ दिया है, फिर भी उन्होंने पार्टी की पीठ में छुरा घोंपा है। इसमें किसी पार्टी या संगठन का कोई दोष नहीं है। वे 'हरिभूमि' और 'आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

उनसे सीधी बात...

दूसरी तरफ कांग्रेस के खाते सीज कर रहे हो। ऐसा प्रजातंत्र में कभी नहीं हुआ। क्या कभी ऐसे चुनाव आपने होते देखा है। एक पार्टी के पास सारी शक्तियां, सत्ता और पैसा के साथ वैभव भी है, वहीं दूसरी तरफ दूसरी पार्टी को निहत्था कर दिया है। यह कैसा लोकतंत्र है। भाजपा ने इसलिए हमारा पैसा रोका है कि कांग्रेस पार्टी चुनाव नहीं लड़ सके। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा विपक्ष को मजबूत करके रखा है। मैंने इतिहास पढ़ा है कि अटल और राममनोहर लोहिया जैसे नेताओं को हमारी पार्टी चुनाव लड़वाकर सदन में लाई। क्योंकि वह जानते थे कि प्रजातंत्र तभी सही चलेगा, जब विपक्ष होगा। 2014 से देख लीजिए विपक्ष को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। आज जो कांग्रेस पार्टी से जा रहे, वह सिर्फ डर और लालच से जा रहे हैं। अगर भाजपा इतनी अच्छी होती, तो दूसरे के बच्चों को उठाकर अपने घर में नहीं बैठाती।

सवालः कांग्रेसी इतने डरे और लालची क्यों हैं, जो इसके कारण पाला बदल रहे हैं ?

जवाबः अच्छा हुआ जो लोग भाजपा में चले गए। अगर यह लोग आजादी की लड़ाई में होते तो यह देश आजाद नहीं होता। भाजपा में लोग सिर्फ डर और लालच के कारण जा रहे हैं। इस बात का खुलासा भी आने वाले समय में हो जाएगा। जिस दिन सत्ता पलटेगी, उस दिन ये सारे लोग कांग्रेस के दरवाजे पर खड़े दिखाई देंगे। जो लोग भाजपा में जाते हैं, उन लोगों को भाजपा द्वारा दिया हुआ बयान सुनाते हैं कि कांग्रेस पार्टी राम विरोधी है। मेरा कहना है कि जो लोग जा रहे हैं, इनको 22 जनवरी राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के इतने दिन क्यों यह विचार करने में लग गए कि कांग्रेस पार्टी राम विरोधी है। उसी दिन निर्णय क्यों नहीं लिया? इन्हीं नेताओं के दो दिन पहले के बयान पढ़ लीजिए तो वह कांग्रेस के पक्ष के होंगे। इनके पास कोई बहाना नहीं होता, तो भाजपा की दी हुई चिट्ठी पढ़ देते हैं। यह सच्चे होते तो उसी दिन भाजपा में चले जाते। यह सिर्फ भाजपा का प्रोपेगेंडा है।

सवालः भाजपा के दो कद्दावर नेता इस शहर के दामाद हैं, उनकी इज्जत भी दाव पर लगी है ?

जवाबः हमारे यहां दामाद को पूज्नीय माना जाता है। मेरे परिवार का जेपी नड्डा की ससुराल वाले घर से पारिवारिक नाता रहा है। मैं जबलपुर शहर के दोनों दामादों और बहनोईयों से पूछना चाहता हूं कि उनकी आंखों में यह फर्क क्यों है? जहां एक तरफ भाजपा के प्रत्याशी उनके साले हैं, वहीं दूसरी ओर दिनेश यादव से भी उसी रिश्ते में संबंध हैं। उनको भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी को बराबर आंखों से देखना चाहिए। उन्हें तो यहां प्रचार करने ही नहीं आना चाहिए। उन्हें दोनों प्रत्याशियों को अपना आशीर्वाद देना चाहिए। जो जीतेगा, उससे उनका रिश्ता कायम रहेगा। मैं दोनों के खिलाफ कभी कोई बात नहीं कह सकता।

सवालः महाकौशल में कमलनाथ बड़ा चेहरा हैं, वे अभी तक आपके साथ नहीं दिखे?

जवाबः हमारी पार्टी के जितने भी स्टार प्रचारक हैं, उनमें कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के अलावा प्रदेश के अन्य नेताओं का भी नाम है और वे सभी जबलपुर में प्रचार करने आएंगे। जल्द ही कमलनाथ की सभा होने जा रही है। 10 तारीख के बाद कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं की ताबड़तोड़ सभाएं होंगी। 10 तारीख को प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी जबलपुर आ रहे हैं। हमने सोनियां गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं की जबलपुर में सभा कराने की मांग की है। इनमें से जिनको भी समय मिलेगा, वे मेरे लिए आएंगे। मुझे विश्वास है कि इनके सहयोग से दिनेश यादव की जीत प्रचंड बहुमत से होगी। मुझे इस बात की खुशी है कि मेरा मुकाबला करने प्रधानमंत्री मोदी आ रहे हैं। उन्हें हार का डर सता रहा है।

जवाबः आप में क्या खूबी है कि जनता आपको चुने और क्या करेंगे?

सवालः मेरी राजनीति में छात्र संगठन से इंट्री हुई है। 11 साल शहर अध्यक्ष रहा हूं। इसके अलावा अन्य पदों पर रहकर पार्टी की सेवा के साथ जनता के हक-अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। लगभग तीन दशक का लंबा राजनीति का मुझे अनुभव है। तो स्वाभाविक है कि मेरा जनता से सीधा जुड़ाव है। मैं उनके सुख-दुख का सहभागी रहा हूं। मैं तो चुनाव पूरे आदर्श के साथ लड़ रहा हूं। मेरी लड़ाई भाजपा की रीति-नीति और उनकी सरकार से है। अभी तक जबलपुर की जनता ने सिर्फ सांसद देखा है। अगर जनता ने आशीर्वाद दिया तो मैं बताऊंगा कि सांसद होता क्या है और कैसा होना चाहिए? मेरा वादा है कि देश में जितने महानगर हैं, उनकी कनेक्टिविटी जबलपुर महानगर से होगी। जो काम भाजपा के 30 सालों में नहीं हुए, वो काम भी 5 साल में करूंगा।

संदेशखली में ...

था कि भीड़ ने अधिकारियों के मोबाइल फोन, लैपटॉप, नकदी और बटुए छीन लिए।

राजनाथ सिंह...

लोगों ने भी तालियां बजाकर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव से खरीद फरोख्त भी बंद होगा। यह नहीं होना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जो संकल्प लिया, उसे पूरा करके छोड़ा। उन्होंने सीएए, एनआरसी से लेकर अनेक मुद्दों पर भाजपा का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि अब समय की जरूरत है कि सेवा भाव का काम करने वाली पार्टी को ही देश चलाने का हक है। छोटी छोटी बातों पर यदि किसी ने ध्यान दिया है तो वह भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि 10 साल हो गए एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। कोई भी पार्टी भाजपा की ईमानदारी पर सवाल नहीं उठा सकता।

कांग्रेसी नेता कोयला, ...

करते हुए कांग्रेस की गलत नीतियों पर खासा प्रहार किया। उन्होंने गरजते हुए कहा मप्र में कांग्रेस 15 महीने में गिर गई तो वहीं कांग्रेस समूचे छग को बर्बाद कर दिया। इसे ठीक करने के लिए भाजपा सरकार को कम से कम 10 वर्ष लगेगा। सभा को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा ने भी सम्बोधित किया।

कांग्रेस पूरी तरह से साफ हो गईः मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा कि मप्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़ की पूरी पट्टी में कांग्रेस जड़ से साफ हो गई। कांग्रेसी पता नहीं कौन-कौन सी भाषा बोलते थे। उन्होंने कहा कि मप्र में कांग्रेस की सरकार केवल 15 महीने में गिर गई तो वहीं छत्तीसगढ़ में सरकार में रहते कांग्रेसी नेता कोयला, गोबर, रेत, ईमान के साथ कांग्रेस को भी खा गए। उन्होंने हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेस नेता छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री ऐसे थे कि वो पूरी पार्टी ही खा गए।

मुरैना से सिकरवार, ...

कांग्रेस ने कद्दावर नेता प्रवीण पाठक को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला लिया है। कांग्रेस की ओर से लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया गया था, लेकिन तीन सीटों पर लगातार मंथन की बावजूद नाम तय नहीं होने के चलते इन सीटों पर कांग्रेस ने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा पर रोक लगा दी थी। वहीं अब लगातार हुए मंथन के बाद कांग्रेस की ओर से शेष बची हुई तीन सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया गया है, जहां अब कांग्रेस की चुनाव तैयारी रफ्तार पकड़ेगी। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश की अलग-अलग लोकसभा सीटों से अनुभवी और युवा प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है, जहां दिग्गज नेताओं को अबकी बार कांग्रेस ने चुनाव मैदान में उतारकर भाजपा को कड़ी टक्कर देने का मन बनाया है।

3 की मौत, एसएएफ ...

पर धनगढ़ा गांव के पास शुक्रवार देर रात करीब एक बजे हुई।

कार में सवार थे 5 लोगः केवलारी पुलिस थाने के प्रभारी चैन सिंह उइके ने बताया कि राज्य पुलिस की एसएएफ की 35वीं बटालियन के जवानों को मंडला से पांढुर्णा (छिंदवाड़ा) ले जा रही एक बस एक कार से टकरा गई। उन्होंने बताया कि कार में चालक समेत पांच लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि हादसे में कार में सवार कन्हैया जसवानी (75), निकलेश जसवानी (45) और चालक पुरूषोत्तम महोबिया (37) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक मंडला के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल दो अन्य कार सवारों का इलाज केवलारी सरकारी अस्पताल में किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि कार में सवार लोग अस्पताल से जुड़े कुछ काम के बाद नागपुर से लौट रहे थे।

जवानों में एक गंभीरः चैन सिंह ने बताया कि हादसे के बाद एसएएफ जवानों को ले जा रही बस पलट गई। उन्होंने बताया कि इसमें कुल 26 एसएएफ जवान घायल हो गए, जिन्हें केवलारी अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि उनमें से एक को गंभीर चोटें आईं, जिसे नागपुर रेफर किया गया है और इस घटना की जांच की जा रही है।

बाइक सवार तेजी...

पुख्ता इंतजाम करते हुए चारों तरफ पुलिसकर्मी तैनात किए थे। तभी यह घटना हुई। मॉडिफाइड साइलेंसर लगा होने के कारण बुलेट से पटाखे फूटने की आवाज आ रही थी। जैसे ही बुलेट चालक ने आगे बढ़ने की कोशिश की पुलिसकर्मी अलर्ट हो गए। पुलिस ने स्टंट दिखा रहे इस युवक को हिरासत में लिया। युवक का नाम इंदरराज दांगी है। उसके खिलाफ जीआरपी थाना में मामला दर्ज किया गया है। टीआई संजय शुक्ला के मुताबिक, युवक मूल रूप से नानकपुरा जिला विदिशा का रहने वाला है और सांवेर रोड स्थित एक कारखाने में सुपरवाइजर की नौकरी करता है।

सुप्रीम कोर्ट के...

व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करें, इस दिशा में ठोस कदम उठाएंगे।

प्रावधानों का गलत ...

ट्रांसफर करने का निर्देश देना ठीक नहीं है। हाई कोर्ट ने 22 मार्च को यूपी मदरसा एजुकेशन बोर्ड एक्ट 2004 को रद्द करते हुए कहा था कि राज्य सरकार मदरसों के स्टूडेंट्स को औपचारिक स्कूली एजुकेशन सिस्टम में समायोजित करे। हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में चार विशेष अनुमति याचिका दायर की गई थीं। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा कि अगर हाई कोर्ट को इस बात की चिंता थी कि मदरसों के छात्रों को क्वॉलिटी एजुकेशन मिले तो इसका हल मदरसा एजुकेशन बोर्ड एक्ट को खारिज करने में नहीं, बल्कि मदरसा स्टूडेंट्स को क्वॉलिटी एजुकेशन दिलाने के लिए उपयुक्त निर्देश जारी करने से होगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र और यूपी सरकार एवं अन्य को नोटिस भी जारी किया।

पश्चिमी विक्षोभ ...

आने वाले नए पश्चिमी विक्षोभ से 11 अप्रैल से पूरे प्रदेश में तेज बारिश, आंधी, कई जगह ओले गिरेंगे। मौसम केंद्र के अनुसार शनिवार को श्योपुरकला, मुरैना, ग्वालियर सहित कुछ हिस्सों में बारिश हुई। भोपाल में बादल छाए रहे। इससे प्रदेश में औसत पारा एक डिग्री गिरकर 37 डिग्री रहा। अगले 4 दिन पूर्वी मप्र के ज्यादातर हिस्सों और दक्षिण-पश्चिमी मप्र में कहीं -कहीं हल्की से मध्यम बारिश होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी डब्ल्यूडी उत्तर-पश्चिमी मप्र से उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ रहा है। दक्षिणी छत्तीसगढ़ से विदर्भ, कर्नाटक, तमिलनाडु तक ट्रफ बनी है। हवाओं में बदलाव जारी है। इससे प्रदेश में मौसम बदला है।

11 से तेज बारिश, ...

रहेगा। इससे तापमान में बदलाव होता रहेगा। बारिश के इस पैटर्न से इस साल अप्रैल में भोपाल में लू चलने की उम्मीद नहीं है।

आज यहां बारिश, ओलेः रविवार को बैतूल, डिंडोरी, छिंदवाडा, सिवनी, मंडला और पांढुर्ना में बारिश के साथ ओले गिरेंगे। विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, हरदा, बुरहानपुर, खांडवा, खरगौन, सिंगरौली, सीधी, मऊगांज, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, बालाघाट और मैहर जिलों में तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ेंगी।

सोमवार से 11 की सुबह तक यहां बारिशः सोमवार से चार दिन कुछ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का क्रम चलेगा। रविवार को नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाडा और पांढुर्ना में आंधी के साथ ओले, बारिश होगी। 9 से 11 अप्रैल के बीच भोपाल, विदिशा, रायसेन, बुरहानपुर, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, मुरैना, श्योपुर, सीधी, रीवा, मांडला, बालाघाट, छतरपुर, टीकमगढ़, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, इंदौर, रतलाम, उज्जैन आदि जिलों में आंधी के साथ बौछारें पड़ेंगी।

11 से 17 के बीच पूरे प्रदेश में बारिशः श्री शुक्ला के अनुसार 11 से 17 अप्रैल के बीच भोपाल सहित पूरे प्रदेश में तेज आंधी, बारिश और कई जगह ओले गिरेंगे। भोपाल में शनिवार रात से रविवार शाम तक भी बादलों के साथ बूंदाबांदी हो सकती है।

7 गिरफ्तार, 3 नवजात ...

7 लोगों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें 5 महिलाएं शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान दिल्ली के पश्चिम विहार की इंदु पवार, पटेल नगर के असलम, कन्हैया नगर की पूजा कश्यप, मालवीय नगर की अंजलि, कविता और रितु और हरियाणा के सोनीपत के नीरज के रूप में की गई है।

सोशल मीडिया पर ...

बताया कि आरोपियों का गिरोह फेसबुक पेज और वॉट्सऐप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए बच्चे गोद लेने वाले निःसंतान दंपतियों से संपर्क करते थे। ये लोग एडॉप्शन का फर्जी डॉक्यूमेंट्स बनाकर कई दंपतियों से लाखों रुपए की ठगी भी कर चुके हैं।

सामान की तरह ...

लिए भारत भर में बच्चों की खरीद-बिक्री में शामिल है। देश के कई बड़े अस्पताल जांच के दायरे में आ गए हैं। जांच एजेंसी कई राज्यों में मामले की जांच कर रही है।

पेज एक का शेष

भारत के टुकड़े...

हो चुकी है, उन दो लड़कों की फिल्म को इन लोगों ने फिर से रिलीज किया है। मुझे समझ नहीं आता कि काठ की इस हांडी को ये विपक्षी गठबंधन वाले कितनी बार चढ़ाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस जितने साल सत्ता में रही, उसने कमीशन खाने को प्राथमिकता दी। ये विपक्षी गठबंधन भी कमीशन के लिए है। जबकि एनडीए, मोदी सरकार मिशन के लिए है। पीएम मोदी ने कहा कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर, चुनावी घोषणा नहीं, बल्कि हमारा मिशन रहा है। इस वर्ष रामनवमी में हमारे प्रभु राम टेंट में नहीं, बल्कि भव्य मंदिर में दर्शन देंगे।

भाजपा ने लोगो...

देश बनाना भाजपा की प्रतिबद्धता है। यानी जैसी भाजपा की नीयत है, जैसी निष्ठा है, नीतियां भी वैसी ही बनती हैं। इसीलिए आज हर हिंदुस्तानी अनुभव से कह रहा है - नीयत सही, तो नतीजे सही।

मोदी-मोदी के...

आईं। पीएम मोदी के रोड शो में लगभग दो लाख लोगों के जुटने की संभावना व्यक्त की गई थी। पीएम मोदी का ये रोड शो नया गंज के मालीवाड़ा चौक से गाजियाबाद के गांधी नमर मोड़ तक आयोजित किया गया। याद रहे भाजपा ने यहां से अतुल गर्ग को उम्मीदवार घोषित किया गया है।

कार्यक्रम को लेकर...

वीडी शर्मा अभी एक दिन पहले ही जबलपुर पहुंचकर पैदल भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया था। उन्होंने हर तरह की तैयारी करने का निर्देश भी दिया था। आज प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जबलपुर पहुंचे थे। उन्होंने घर घर जाकर लोगों को पीले चावल देकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण भी किया है।

उधर, प्रशासनिक स्तर पर भी उनके कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे लिए कई कारणों से जबलपुर शुभंकर है। प्रधानमंत्री मोदी जिस मार्ग से गुजरेंगे, हमने उस मार्ग का पैदल अवलोकन भी किया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री मोदी प्रदेश के जबलपुर प्रवास पर रहेंगे।

आवश्यकता

सिक्योरिटी कंपनी को भारी मात्रा में अनुभवी गार्ड, लेडी गार्ड एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन दी जावेगी। तुरंत संपर्क करे। 9630490364, 9993771317

B- 04/04 to 03/05/24

फायनेंस

समस्त भारत में मुद्रा योजना द्वारा एज्युकेशन, पर्सनल, प्रॉपर्टी, मार्कशीट, बिजनेस व मकान, दुकान के लिए आधारकार्ड, पैन कार्ड पर लोन 2% ब्याज, 50% छूट उपलब्ध संपर्क करें मोबाइल नंबरः- 9540069704.

R- 03,04,07,08,10/04/24

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व नाम VANDANA MAHENDRA PARATP AWASTHI था। किंतु अब मैंने अपना नाम परिवर्तन कर VANDANA JAWANJAL कर लिया है। अतः अब से भविष्य में मुझे मेरे सही नाम VANDANA JAWANJAL W/ O ARUN JAWANJAL से ही जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : F-95/1, Tulsi Nagar, Post - T.T. Nagar Bhopal (M.P.) - 462003

वैवाहिकी

वर चाहिए

वर चाहिए
35 वर्षीय ईसाई (प्रोटेस्टेंट), पीएचडी कॉलेज में कार्यरत सुन्दर कन्या हेतु वर चाहिए
संपर्क करें
9425214833

वर चाहिए-जाति बंधन नहीं उम्र 45वर्ष 07/07/1979 हाईट 5'-1'' एमकॉम, बीएड, पीजी, 80 एकड़ जमीन हॉस्पिटल सालाना आय 70लाख अनमैरिड महिला संस्कारी सुशील सभी जाति मान्य जरूरतमंद कॉल करें 91794 72796, 7440917990 (33626)

वर चाहिए-29वर्ष, 5फुट ऊंचा, रंग- गोरा, राशि- धनु, गण- देवारी, कास्ट- बंगाली, गोत्र कश्यप (namahsudra) शिक्षा बीकॉम हेतु वर चाहिए। छ.ग. को प्राथमिकता मैरिज ब्यूरो क्षमा करें सम्पर्क करें - 7587223711 (442)

R-28/03 to 12/05/24 not on 17/4

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

रामायण के सेट से तस्वीरें लीक, मोबाइल पर लगा बैन

मुंबई। फिल्म रामायण के सेट से लगातार तस्वीरें लीक हो रही हैं। इन सभी बातों से डायरेक्टर नितेश तिवारी काफी अपसेट हैं। सबसे पहले फिल्म रामायण के सेट की इंटरनेट पर तस्वीरें लीक हुईं। अब सोशल मीडिया पर दशरथ बने अरुण गोविल और कैकयी बनीं लारा दत्ता का लुक रिवील हो गया है। लंबी दाढ़ी और बालों में अरुण गोविल को पहचान पाना मुश्किल है। यूं स्टार्स की फोटोज लीक होने से मेकर्स काफी परेशान हैं। इसलिए अब डायरेक्टर नितेश तिवारी ने अहम फैसला लिया है। सूत्र के हवाले से बताया कि सेट पर नो फोन पॉलिसी लागू की गई है। सेट पर मौजूद कैमरा, क्रू और असिस्टेंट डायरेक्टर्स को समन भेजकर पूछा गया है कैसे सेट से बाहर स्टार्स की तस्वीरें लीक हुईं। सूत्र के मुताबिक, नितेश तिवारी रणबीर कपूर के लुक को सीक्रेट रखना चाहते हैं। वो ये सुनिश्चित करेंगे कि सेट से रणबीर की कोई भी फोटो बाहर लीक ना हो।



दो और दो प्यार का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। अपनी आखिरी प्रदर्शित फिल्म नीयत में अपनी भूमिका से दर्शकों को प्रभावित करने वाली विद्या बालन इन दिनों अपनी अगली प्रदर्शित होने वाली फिल्म दो और दो प्यार को लेकर खासी चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में वे प्रतीक गांधी के साथ दिखाई देंगी, जो हाल ही में प्रदर्शित हुई मडगांव एक्सप्रेस में नजर आए थे। रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दो और दो प्यार' का ट्रेलर जारी हो चुका है। विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति अभिनीत फिल्म रोमांस की नई परिभाषा सिखाएगी। फिल्म का ट्रेलर कॉमेडी, इमोशन और रोमांटिक ट्विस्ट के साथ काफी दिलचस्प लग रहा है।

राशिफल

मेष — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते है। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

वृष — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

मिथुन — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

सिंह — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

कन्या — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

तुला — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

धनु — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

मकर — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

मीन — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

शब्द पहेली - 5474



बाएँ से दाए
1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

ऊपर से नीचे
2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्णा-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

शब्द पहेली- 5473 का हल

सूडोकु नवताल - 5485

सूडोकु नवताल - 5484 का हल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.



पैसे निवेश करने के कई तरीके, बाजार में उतरने से पहले एक बार कर लें रिसर्च

■ म्यूचुअल फंड विविध विकल्प प्रदान करते हैं ■ एफडी पैसा निवेश करने के सबसे आम तरीकों में से एक व सुरक्षित
■ रियल एस्टेट सबसे पसंदीदा निवेश विकल्प ■ बुढ़ापे में आर्थिक रूप से सुरक्षित रहने के लिए एनपीएस भी बेहतर

तैयारी
बिजनेस डेस्क

आजकल, बहुत से लोग पैसा निवेश करने के सर्वोत्तम तरीकों की तलाश करते हैं, लेकिन ज्यादातर लोग अपनी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने वाले सही निवेश साधन को चुनने में भ्रमित होते हैं। हालांकि, निवेश पैसा या निवेश का निर्णय लेना इतना आसान नहीं है, क्योंकि निवेशक सिर्फ एक साधन में कई उद्देश्यों की तलाश करते हैं। इसलिए एक सवाल उठता है- कहां निवेश करें? वैसे, पैसा निवेश करने के लिए विविध विकल्प हैं। रिपोर्ट में हम आपको कुछ विकल्पों के बारे में जानकारी देंगे जो आपकी निवेश जरूरतों को पूरा करने अहम भूमिका निभा सकते हैं।

म्युचुअल फंड

म्यूचुअल फंड्स पैसा निवेश करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक माना जाता है। शब्द के अनुसार, एक म्युचुअल फंड धन का एक सामूहिक पूल है, जिसका उद्देश्य प्रतिभूतियों की खरीद (फंड के माध्यम से) करना है। यह निवेशकों को एक मार्ग प्रदान करता है। पैसे बचाएं और समय के साथ रिटर्न कमाते हैं। म्यूचुअल फंड विविध निवेश विकल्प प्रदान करते हैं जैसे बांड, डेट, इक्विटीज, आदि ये निवेशकों को अलग खरीदारी और व्यापार करने की आवश्यकता के बिना भी निवेश का अच्छा विकल्प प्रदान करते हैं। म्यूचुअल फंड में कई प्रकार से निवेश किया जा सकता है। पैसा निवेश करने की योजना बनाते समय उस पर विचार कर सकते हैं। इसमें निवेशक कम से कम राशि के साथ निवेश शुरू कर सकते हैं। म्युचुअल फंड में 500 रुपये से भी निवेश की शुरूआत की जा सकती है। भारत में 44 म्यूचुअल फंड कंपनियां हैं। जिन्हें संपत्ति प्रबंधन कंपनियां एएमसी कहा जाता है। ये म्यूचुअल फंड योजनाएं प्रदान करती हैं और इन कंपनियों द्वारा ही नियंत्रित किया जाता है।

सावधि जमा (एफडी)

सावधि जमा यानी एफडी पैसा निवेश करने के सबसे आम तरीकों में से एक है। हर बैंक इसकी सेवाएं प्रदान करता है। एफडी आपको आकर्षक रिटर्न की ओर ले जाती है। एफडी एक निश्चित परिपक्वता अवधि के साथ आती है। चूंकि इसकी परिपक्वता अवधि 15 दिनों से लेकर पांच वर्ष तक होती है, इसलिए इसे अल्पकालिक और दीर्घकालिक निवेश दोनों के लिए माना जा सकता है। इसमें निवेशक औसतन 7 से 9 फीसदी प्रति वर्ष की ब्याज दर से रिटर्न कमा सकते हैं। यदि आप एक सुरक्षित निवेश चाहते हैं तो एफडी पैसे निवेश करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है। इसमें रिटर्न भले ही कम हो लेकिन पैसा सुरक्षित रहता है।

रियल एस्टेट

सबसे पसंदीदा निवेश विकल्प है रियल एस्टेट रियल एस्टेट। मूल रूप से, अचल संपत्ति निवेश करती है और स्वामित्व, भूमि या संपत्ति (संपत्ति) की खरीद से संबंधित है। किसी भी प्रकार की संपत्ति में निवेश करने से पहले, पहले गहराई से विवरण प्राप्त करना बहुत महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए, आपको संपत्ति/भूमि के स्थान पर विचार करना चाहिए, थोक संपत्तियों की तलाश करनी चाहिए आदि। इसमें निवेश करने के लिए एक बड़ी राशि लग सकती है, लेकिन यह उच्च रिटर्न निवेश के साथ कम जोखिम वाला है। हालांकि, अगर आप पैसे निवेश करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक की तलाश कर रहे हैं तो रियल एस्टेट सोचने लायक है।

सोना

पैसा निवेश करने के लिए सोना हमेशा सबसे अच्छे तरीकों में से एक रहा है। यह सबका पसंदीदा निवेश माना जाता है। इसमें सालाना औसत 7 से 12 फीसदी तक रिटर्न मिल सकता है। इसके अलावा, भारतीयों का पारंपरिक रूप से सोने के के प्रति लगाव भी रहा है। लोगा सोने को हमेशा एक संपत्ति के रूप में देखते हैं, जो समय के साथ धन जमा करता है।

राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस)

बुढ़ापे में आर्थिक रूप से सुरक्षित रहने के लिए आप राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) सबसे बेहतर निवेश विकल्पों में से एक मान जाता है। यह एक सेवानिवृत्ति बचत योजना है जहां नियोक्ता और कर्मचारी दोनों ही संपत्ति के निर्माण में योगदान करते हैं, जो सेवानिवृत्ति के समय संबंधित कर्मचारी पर बकाया है। एनपीएस भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया है और इस योजना को पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा नियंत्रित किया जाता है। हालांकि, एनपीएस को पैसा निवेश करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक माना जाता है, क्योंकि इसका टैक्स सेविंग निवेश। अगर निवेशक सालाना 1.5 लाख तक निवेश करते हैं तो वे टैक्स बचत कर सकते हैं। टैक्स कटौती की धारा 80सी के तहत इसमें टैक्स लाभ मिलता है। 18 से 60 वर्ष की आयु वर्ग का हर भारतीय नागरिक अस योजना में निवेश कर सकता है। अगर आपको अचानक नुकसान होने का डर है, या आप अपने परिवार के जीवन की रक्षा करना चाहते हैं, तो बीमा पैसा निवेश करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है। बीमा आपको और आपके परिवार को आजीवन सुरक्षा प्रदान करता है। लोग जीवन में अनिश्चित समय के दौरान बीमा को रीढ़ की हड्डी के रूप में चुनते हैं।

इस साल बेहतर हो सकते हैं मल्टी एसेट अलोकेशन फंड

उम्मीद
बिजनेस डेस्क

- नए फाइनेंशियल इयर में सधे कदमों से करें निवेश की तैयारी
- निवेशकों लिए बेहतर हो सकते हैं मल्टी एसेट अलोकेशन फंड
- निवेशक फीचर्स और रिटर्न देखकर ही करें निवेश का फैसला

नया फाइनेंशियल ईयर शुरू हो गया है। ऐसे में आपके लिए अपने पोर्टफोलियो का आकलन करने का समय आ गया है। मौजूदा समय में बाजार अपने आलटाइम हाई के करीब हैं और बीते एक साल की बात करें तो लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप हर सेगमेंट में जोरदार रैली देखने को मिली है। लार्जकैप इंडेक्स निफ्टी करीब 28 फीसदी तो मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स 60 फीसदी से ज्यादा मजबूत हुए हैं। ऐसे में आगे इनमें बिकवाली संभव है। ऐसे में नए फाइनेंशियल की शुरूआत में निवेशकों के लिए मल्टी एसेट अलोकेशन स्ट्रैटेजी बेहतर हो सकती है, जिसके लिए मल्टी एसेट अलोकेशन फंड बेहतर विकल्प हैं। एक्सपर्ट भी कहते हैं कि जब भी बाजार को लेकर आशंका हो अपना पार्टफोलियो डाइवर्सिफाइड करें।

क्या है एसेट अलोकेशन

मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड निवेशकों को एक एकल निवेश प्रदान करते हैं जो ऋण, इक्विटी और एक अतिरिक्त परिसंपत्ति वर्ग जैसे रियल एस्टेट, सोना इत्यादि को जोड़ता है। इसके अलावा, ये योजनाएं विभिन्न परिसंपत्ति आवंटन एल्गोरिदम को नियोजित करती हैं जो बदलती बाजार स्थितियों पर प्रतिक्रिया देने के लिए डिजाइन की गई हैं। इसका मतलब है डाइवर्सिफाइड पोर्टफोलियो। यानी पोर्टफोलियो में अलग अलग एसेट क्लास को कुछ न कुछ हिस्सा देना। किस एसेट क्लास का कितना हिस्सा हो, यह निवेशक के रिस्क लेने और फाइनेंशियल गोल के अनुसार होना चाहिए। अलग में अलग अलग एसेट क्लास अलग अलग साइकिल में मार्केट लीडर बन सकते हैं यानी उनका प्रदर्शन अलग अलग साइकिल में अलग अलग हो सकता है। ऐसे में अगर कभी डेट में गिरावट आती है तो इक्विटी उसे बैलेंस कर सकता है। वहीं इक्विटी या डेट में गिरावट को गोल्ड या कमोडिटी से बैलेंस किया जा सकता है।

ये फंड हैं बेस्ट विकल्प

साल 2024 जहां शेयर बाजार के लिए उतार चढ़ाव भरा साबित हो रहा है, मल्टी एसेट अलोकेशन म्यूचुअल फंड फोकस में हैं। इस साल अब तक मल्टी एसेट अलोकेशन फंड का एवरेज रिटर्न सेंसेक्स और निफ्टी इंडेक्स से ज्यादा रहा है। वहीं, हाइब्रिड कैटेगरीज में इस कैटेगरी का रिटर्न इस साल अब तक सबसे ज्यादा रहा है। मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड निवेशकों को सिंगल इन्वेस्टमेंट के जरिए डायवर्सिफाइड पोर्टफोलियो प्रदान करते हैं। इनका निवेश इक्विटी, डेट, गोल्ड के अलावा रियल एस्टेट जैसे एसेट क्लास में होता है। इनकी यही खासियत निवेशकों को बेस्ट रिस्क-एडजस्टेड रिटर्न प्रदान करने की क्षमता रखती है। इन फंडों का उद्देश्य कई एसेट क्लास में मल्टी-एसेट अलोकेशन के माध्यम से निवेश पोर्टफोलियो को बढ़ाना व डाइवर्सिफिकेशन लाना है।

किसे करना चाहिए निवेश

मल्टी-एसेट एलोकेशन म्यूचुअल फंड उन निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प है, जिनकी जोखिम लेने की क्षमता कम है, लेकिन वे अपने निवेश पर स्टेबल रिटर्न चाहते हैं। वहीं, जो निवेशक अपने पोर्टफोलियो में अलग अलग प्रमुख एसेट क्लास में डाइवर्सिफिकेशन चाहते हैं, उनके लिए भी विकल्प बेहतर हैं।

1 साल से 10 साल में रिटर्न

मल्टी एसेट अलोकेशन फंड की बात करें तो इस कैटेगरी ने 1 साल, 3 साल, 5 साल और 10 साल में लगातार हाई रिटर्न दिया है। इन फंडों का एवरेज रिटर्न 1 साल में 26.43 फीसदी, 3 साल में 15.04 फीसदी, 5 साल में 13.81 फीसदी और 10 साल में 10.72 फीसदी रहा है। साल 2024 में अबतक इनका एवरेज रिटर्न करीब 4.23 फीसदी है, जो सेंसेक्स व निफ्टी की तुलना में ज्यादा है।

5 साल में टॉप स्कीम

- क्वांट मल्टी एसेट अलोकेशन फंडः 28.54%
- कोटक मल्टी एसेट अलोकेशन फंड एफओएफ : 20.49%
- आईसीआईसीआई पू मल्टी एसेट अलोकेशन फंडः 19.63%
- एबीएसएल फाइनेंशियल प्लानिंग एफओएफ एग्रेसिवः 15.78%

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

बिटकॉइन, सोना, शेयर या बॉन्ड....किसमें करें निवेश

इस समय शेयर बाजार, सोना, बिटकॉइन समेत सभी एसेट्स अपने ऑल-टाइम हाई के करीब ट्रेड कर रहे हैं। बिटकॉइन ने पिछले सप्ताह नया रिकॉर्ड बनाया था। ब्याज दरों में कटौती की संभावना के बाद डेट फंड्स में भी अच्छा रिटर्न मिलने की उम्मीद दिख रही है। ऐसी स्थिति में निवेश कनफ्यूज हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि अपना पैसा कहां निवेश करें। बाजार में हमेश रिस्क चलता रहता है। इसलिए कोई भी कदम उठाने से पहले एक बार अपने लक्ष्य और रिस्क क्षमता को देख लें तो बेहतर होगा।

- इस समय सभी एसेट्स ऑल-टाइम हाई के करीब कर रहे हैं ट्रेड
- निवेशक हो रहे कन्फ्यूज क्या करें, क्या न करें, क्या रहेगा बढ़िया
- सेंसेक्स और निफ्टी50 अपने उच्चतम स्तर के करीब पहुंचे
- ब्याज दरों में कटौती की संभावना से डेट फंड्स भी बेहतर
- सोना भी ऑल-टाइम हाई पर, पोर्टफोलियो का 15 से 20 फीसदी निवेश करें
- बिटकॉइन सबसे रिस्की, लेकिन दे रहा सबसे ज्यादा रिटर्न

निवेशकों में आजकल कनफ्यूजन की स्थिति है। इसकी वजह यह है कि निवेश के सभी विकल्पों में तेजी दिख रही है। घरेलू शेयर बाजार अपने ऑल-टाइम हाई के करीब ट्रेड कर रहे हैं। सोना भी अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच चुका है। क्रिप्टो मार्केट में भी बहार आई हुई है। बिटकॉइन ने पिछले हफ्ते नया रेकॉर्ड बनाया था। ब्याज दरों में कटौती की संभावना के बाद डेट फंड्स में भी अच्छा रिटर्न मिलने की उम्मीद दिख रही है। ऐसी स्थिति में इन्वेस्टर्स कनफ्यूज हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि अपना पैसा कहां निवेश करें। हालांकि कहा जाता है कि म्युचुअल फंड पैसा निवेश करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है। लेकिन इस समय निवेश के सभी विकल्प गुलजार हैं। ऐसे में सभी ज्यादा से ज्यादा लाभ लेना चाहते हैं और निवेश के लिए तमाम जतन कर रहे हैं। इ रिपोर्ट के जरिये हम आपको बताएंगे कि जब हर तरह का बाजार बुलंदी पर हो तो क्या करना चाहिया या निवेश का कौना सा तरीका बेस्ट हो सकता है।

डेट

मीडियम-टर्म गोल के लिए डेट बेस्ट एसेट क्लास है। ब्याज दरों में कटौती की संभावना से डेट फंड्स पर ज्यादा रिटर्न मिलने की उम्मीद है। इंटरेस्ट रेट में कमी आती है तो बॉन्ड की कीमतें बढ़ती हैं। इसमें ज्यादा जोखिम भी नहीं रहती है। जो निवेशक ज्यादा जोखिम नहीं लेना चाहते हैं, वे अपने पोर्टफोलियो का 40 परसेंट डेट में निवेश कर सकते हैं। इसी तरह 40 फीसदी इक्विटी में और बाकी 20 फीसदी दूसरे एसेट क्लास में निवेश किया जा सकता है।

गोल्ड

सोना भी ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया। देश में इसका भाव 67,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया है जो इसका नया रेकॉर्ड है। जानकारों की मानें को निवेशक को अपने पोर्टफोलियो का 15 से 20 फीसदी सोने में निवेश करना चाहिए। पिछले 20 साल में गोल्ड ने 11 फीसदी से अधिक सालाना रिटर्न दिया है जबकि इस दौरान चांदी की सालाना रफ्तार नौ फीसदी रही है। हाल के वर्षों में चांदी ने सोने से बेहतर रिटर्न दिया है।

इक्विटी

प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी-50 अपने उच्चतम स्तर के करीब ट्रेड कर रहे हैं। जानकारों की मानें तो निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में सबसे ज्यादा इक्विटी में निवेश करना चाहिए। इसमें भी एसआईपी सबसे बेहतर विकल्प है। निवेशक के पोर्टफोलियो में 20 परसेंट पैसिव लार्ज-कैप फंड, 50 परसेंट फ्लेक्सी-कैप फंड और 30 परसेंट मिड-कैप फंड होना चाहिए। इससे आपके पोर्टफोलियो का डाइवर्सिफिकेशन होगा और जोखिम में संतुलन रहेगा।

बिटकॉइन

क्रिप्टोकरेंसीज की कीमत में हाल के दिनों में भारी तेजी देखने को मिली है। दुनिया की सबसे पुरानी, सबसे लोकप्रिय और सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत पिछले हफ्ते ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई। भारत में सरकार ने क्रिप्टोकरेंसीज को रेगुलेट नहीं किया है। ऐसे में जानकारों का कहना है कि क्रिप्टो में अपने पोर्टफोलियो का 5-10 फीसदी से ज्यादा निवेश नहीं करना चाहिए। हालांकि हाल के वर्षों में बिटकॉइन ने सबसे ज्यादा रिटर्न दिया है।

कितना कैश होना चाहिए

जानकारों का कहना है कि सारा पैसा निवेश करना सही नहीं है। आपात स्थिति के लिए आपके सेविंग अकाउंट में कम से कम छह महीने की जरूरत के लिए कैश होना चाहिए। शेयर मार्केट में स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में गिरावट की आशंका है। निवेशक को अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने की जरूरत है। आदर्श स्थिति देखें तो निवेशक को अपने पोर्टफोलियो का 50 फीसदी इक्विटी में, 20 परसेंट डेट में, 10 फीसदी गोल्ड में, 10 फीसदी कैश में, 5 फीसदी सिल्वर में और 5 फीसदी क्रिप्टो में निवेश करना चाहिए।

सुझाव कई स्कीमों ने 41 से 68% तक का सालाना रिटर्न दिया, एक साल में रिटर्न में स्मॉलकैप का प्रदर्शन दूसरे इक्विटी फंडों से बेहतर

औसतन रिटर्न 53 फीसदी रहा, निवेशकों ने करोड़ों रुपए कमाए

स्मॉलकैप फंड निवेशकों को बना रहे धनवान, लेकिन सावधानी रखें

एक साल में रिटर्न देने के मामले में स्मॉलकैप फंड का प्रदर्शन दूसरे इक्विटी फंड कैटेगरी से बेहतर रहा है। इनका औसतन रिटर्न 53 फीसदी रहा। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि इक्विटी कैटेगरी में 1 साल का औसत रिटर्न कितना रहा।

अलर्ट
बिजनेस डेस्क

निवेश यानी बचत हर किसी को करनी चाहिए, क्योंकि इससे भविष्य आर्थिक रूप से मजबूत होता है। बचत बच्चों की पढ़ाई, शादियों और बुढ़ापे में काफी मददगार साबित होते हैं। इसलिए हर किसी को अपनी कमाई का कम से कम 10 फीसदी तो जरूर बचत करना चाहिए। जानकारों का कहना है कि इस बचत को सावधानी के साथ यदि म्यूचुअल फंड में निवेश किया जाए तो अच्छा खास फंड बनाया जा सकता है। इन दिनों स्मॉलकैप शेयर काफी चर्चा में हैं। बीते 1 साल के दौरान इन्होंने आउटपरफॉर्म किया है। बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स ने फाइनेंशियल ईयर 2024 में करीब 65 फीसदी रिटर्न दिया है, जबकि लार्जकैप का रिटर्न 25 फीसदी रहा है, इस दौरान कई स्मॉलकैप स्टॉक में 100 फीसदी या इससे ज्यादा तेजी आई है। फिलहाल स्मॉलकैप की इस तेजी का फायदा म्यूचुअल फंड निवेशकों को भी मिला है। बीते फाइनेंशियल ईयर में स्मॉलकैप फंड रिटर्न देने के मामले में इक्विटी कैटेगरी में नंबर 1 साबित हुए हैं। देखने में आ रहा है कि स्मॉलकैप फंड निवेशकों को मालामाल कर रहे हैं, लेकिन निवेश करने से पहले अपने लक्ष्य तय करें और पोर्टफोलियों में डायवर्सिटी रखें इससे आपको नुकसान नहीं होगा। बाजार के जानकारों का कहना कि किसी भी एसेट्स में निवेश से पहले सावधानी बरतें, यानी जिस फंड में निवेश करने जा रहे हैं उसे एक बार अच्छे से जांच परख लें।

ऐसे समझें रिटर्न

- स्मॉलकैप फंडः 53 फीसदी
- मिडकैप फंडः 52.60 फीसदी
- लार्जकैप फंडः 41 फीसदी
- लार्ज एंड मिडकैप फंडः 44 फीसदी
- फ्लेक्सी कैप फंडः 39.67 फीसदी
- मल्टीकैप फंडः 45.62 फीसदी
- ईएलएसएसः 39.37 फीसदी
- वैल्यू ओरिएंटेडः 50 फीसदी
- (वित्त वर्ष 24: इन 30 इक्विटी स्कीम में 50 से 72% बढ़ा पैसा।)

टॉप परफॉर्म करने वाले म्यूचुअल फंड

- क्वांट स्मॉल कैपः 68%
- निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैपः 57%
- इनवेस्को इंडिया स्मॉलकैपः 55%
- बैंक ऑफ इंडिया स्मॉल कैपः 51%
- एडलवाइस स्मॉल कैपः 50%
- एचएसबीसी स्मॉल कैपः 49%
- आईसीआईसीआई पू स्मॉलकैपः 43%
- एक्सिस स्मॉल कैपः 41%
- केनरा रोबेको स्मॉल कैपः 41%
- टाटा स्मॉल कैपः 41%

छोटी कंपनियों के शेयर क्यों चढ़े

जानकारों का कहना है कि मौजूदा वित्त वर्ष में सेंसेक्स की तुलना में छोटी कंपनी के शेयरों का बेहतर प्रदर्शन भारतीय घरेलू बाजार की गतिशील प्रकृति और निवेशकों को प्रदान किए जाने वाले विविध अवसरों को दर्शाता है। विश्लेषकों के अनुसार, छोटी कंपनियों के शेयर आमतौर पर स्थानीय निवेशकों द्वारा खरीदे जाते हैं, जबकि विदेशी निवेशक बड़ी कंपनियों के शेयर पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

IN THE COURT OF Sh. Aman Deep Dewan Additional District and Session Judge Narnaul

Jogender Singh
Vs
Laxman Shrivas
Previous Date : 01.04.2024
Next Date : 29.04.2024
Publication Issued to :
Laxam Shiriwas, S/o Jagduva Shiriwas R/o gatwera Distt. Chhatarpur, MP

Whereas is has been proved to the satisfaction of the Court that the defendant (S) respondent (S) above named cannot be served in the ordinary way of service. Hence, this proclamation under order 5 Rule 20 CPC is hereby issued against him/them and should appear personally or through their counsel on 29.04.2024 at 10.00 a.m.

Take notice that , in default of his/their appearance on the day before mentioned, the above said case will be heard and determined in his/their absence according to law.

Given under my hand and the seal of the Court, this 03.04.2024

आम सूचना

एक किया फ्लैट एफ-02 जो प्लाट क्र.-110 चित्रगुप्त गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. कोटरा सुल्तानाबाद, तहसील हुजूर, भोपाल (म.प्र.) पर स्थित है।

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती लेखा माथुर पत्नी श्री विकास माथुर, निवासी एफ–02 प्लाटक्र.–110 चित्रगुप्त कालोनी कमला नगर तहसील हुजूर,भोपाल (म.प्र.) का सुश्री मंजूषा जुगादे पुत्री (स्व.) श्री भास्कर जुगादे, जिन्होंने अपनी माता (स्व.) श्रीमती शैला जुगादे पत्नी (स्व.) श्री भास्कर जुगादे के साथ उनके जीवनकाल में उक्त फ्लेट को संयुक्त रूप से क्रय किया था और अब उनकी मृत्यु के उपरांत उस फ्लैट की एकमात्र उत्तराधिकारी, स्वामी एवं आधिपत्यधारी है, के साथ उक्त फ्लैटको क्रय करने का तय हुआ है और अब उसके विक्रय–पत्र का पंजीयन शीघ्र ही भोपाल जिले के रजिस्ट्रार कार्यालय में होना है। यह की उक्त फ्लैट के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था बैंक, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या कही दान, बंधक, गिरवी, हस्तान्तरण, विक्रय अनुबंध या किसी व्यक्ति या वारिस का अंश इत्यादि हो तो वह व्यक्ति अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में, मय दस्तावेज के उपस्थित होकर लिखित आपत्ति दर्ज करायें, तथा उक्त अवधि निकल जानें के उपरांत कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी, एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त वर्णित फ्लैट का पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जायेगा, ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय-शिशिर सक्सेना अधिवक्ता
कार्यालय-एफ-21,प्रथम तल,देवकृष्णा मार्केट,10 नम्बर, अरेरा कालोनी भोपाल, मो.-9039080078

देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। चुनाव में अपनी जीत पक्की करने के लिए सभी पार्टियां कमर कस चुकी हैं। कांग्रेस, भाजपा से लेकर सभी छोटी बड़ी पार्टियों ने जनता के बीच वादे भी करने शुरू कर दिए हैं। लोकलुभावन घोषणा पत्र भी पार्टियों के आने लगे हैं। कांग्रेस ने भी अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' का वादा किया है। कांग्रेस ने 48 पन्नों के 'न्याय-पत्र' में जो 344 चुनावी वादे किए हैं, वे सिर्फ राजनीतिक विरोध के प्रतीक-चिह्न हैं। कांग्रेस का घोषणा-पत्र प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की नीतियों और फैसलों का 'विरोध-पत्र' है। कांग्रेस ने 'न्याय' के तहत हिस्सेदारी, किसान, श्रमिक, युवा, नारी, आर्थिक, राज्य, रक्षा, पर्यावरण और संवैधानिक न्यायों की बात कही गई है। यानी कांग्रेस मान रही है कि देश लगातार 'अन्याय' के साथ जीता रहा है। अच्छा है कि खुद कांग्रेस स्वीकार रही है कि उसकी सरकारों के दौरान भी अन्याय किए गए। अब अहम सवाल यह है कि कांग्रेस जो वादे कर रही है उनको किस तरह से पूरा करेगी और उनके लिए धन कहां से आएगा, इन्ही पहलुओं पर विचार करता यह अंक...

कांग्रेस की गारंटी या विरोध पत्र

विश्लेषण

सुशील राजेश

वरिष्ठ पत्रकार

कांग्रेस ने जो चुनावी घोषणा-पत्र जारी किया है वह केवल प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की नीतियों का विरोध-मात्र है। एक बानगी ही पर्याप्त है कि कांग्रेस सरकार आई, तो वह 'नीति आयोग' का नाम पलट कर 'योजना आयोग' कर देगी। कांग्रेस की सोच में कुछ भी मौलिकता और नयापन नहीं है। यहां तक कि सरकारी कर्मचारियों की 'पुरानी पेंशन स्कीम' (ओपीएस) ने हिमाचल, कर्नाटक, तेलंगाना राज्यों में कांग्रेस की सरकारें बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी ओपीएस कांग्रेस का बुनियादी चुनावी मुद्दा था, लेकिन 'न्याय पत्र, 2024' में वह गायब है। धनशोधन निरोधक अधिनियम' (पीएमएलए) को ही रद करने का विचार कांग्रेस में उभरा था।

कांग्रेस ने 48 पन्नों के 'न्याय-पत्र' में जो 344 चुनावी वादे किए हैं, वे सिर्फ राजनीतिक विरोध के प्रतीक-चिह्न हैं। कांग्रेस का घोषणा-पत्र प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की नीतियों और फैसलों का 'विरोध-पत्र' है। एक बानगी ही पर्याप्त है कि कांग्रेस सरकार आई, तो वह 'नीति आयोग' का नाम पलट कर 'योजना आयोग' कर देगी। कांग्रेस की सोच में कुछ भी मौलिकता और नयापन नहीं है। यहां तक कि सरकारी कर्मचारियों की 'पुरानी पेंशन स्कीम' (ओपीएस) ने हिमाचल, कर्नाटक, तेलंगाना राज्यों में कांग्रेस की सरकारें बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी ओपीएस कांग्रेस का बुनियादी चुनावी मुद्दा था, लेकिन 'न्याय पत्र, 2024' में वह गायब है। धनशोधन निरोधक अधिनियम' (पीएमएलए) को ही रद्द करने का विचार कांग्रेस में उभरा था। शायद आज की कांग्रेस को जानकारी नहीं है कि 2009 में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान ही पीएमएलए में 'आपराधिक साजिश' की धारा 120-बी को जोड़ा गया था, लिहाजा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) साजिश के किसी भी मामले में दख़ल देने में सक्षम हो गया। यह दीगर है कि 2015 और 2019 में मोदी सरकार ने पीएमएलए को अधिक व्यापक और कठोर कानून बना दिया। आजकल ज्यादातर विपक्षी नेता ईडी के छापों और कानूनी कार्रवाई से संत्रस्त हैं, लिहाजा कांग्रेस पीएमएलए में संशोधन करेगी, ताकि ईडी के दुरुपयोग को रोका जा सके। 'न्याय-पत्र' मौजूदा कानूनों और प्रावधानों के खिलाफ विरोध की प्रतिक्रिया का एक दस्तावेज है। आखिर कांग्रेस ने बहुसंख्यकवाद, यानी हिन्दुओं, के खिलाफ और अल्पसंख्यकों के लिए प्रतिबद्धता की घोषणा क्यों की है? क्या यही कांग्रेस की राजनीतिक और सांप्रदायिक मंशा है?

न्याय और गारंटी

कांग्रेस ने 10 'न्याय' और 25 गारंटियों की घोषणा की है। 'न्याय' के तहत हिस्सेदारी, किसान, श्रमिक, युवा, नारी, आर्थिक, राज्य, रक्षा, पर्यावरण और संवैधानिक न्यायों की बात कही गई है। यानी कांग्रेस मान रही है कि देश लगातार 'अन्याय' के साथ जीता रहा है। कांग्रेस की सरकार केंद्र में आई, तो सभी प्रमुख 'न्याय' लोगों को मुहैया कराए जाएंगे। दरअसल कांग्रेस ने देश पर 55 साल से अधिक समय तक शासन किया है। पिछली सरकार मई, 2004 से मई, 2014 के दौरान 10 साल तक रही। अच्छा है कि खुद कांग्रेस स्वीकार रही है कि उसकी सरकारों के दौरान भी अन्याय किए गए। अब कांग्रेस ने कुछ ऐसी घोषणाएं की हैं, जिनके जरिये वह कई स्तरों पर 'न्याय' कर सकती है। मसलन-30 लाख सरकारी नौकरी के पदों पर भर्तियां की जाएंगी। हर गरीब परिवार को बिना शर्त 1 लाख रुपए सालाना दिए जाएंगे। इस योजना का नाम 'महालक्ष्मी' रखा गया है और यह राशि घर की सबसे बुजुर्ग महिला को दी जाएगी। स्वास्थ्य बीमा 25 लाख रुपए का किया जाएगा। मनरेगा की दिहाड़ी 400 रुपए रोज़ाना की होगी। 25 साल से कम उम्र वाले स्नातक और डिप्लोमाधारी युवाओं को ट्रेनी की पहली नौकरी सुनिश्चित की जाएगी। उस अवधि के दौरान एक लाख रुपए का मानदेय भी दिया जाएगा। नौकरी के लिए आवेदन की कोई फीस नहीं देनी पड़ेगी और पेपर लीक से मुक्ति भी दिलाई जाएगी। यह 'न्याय' भी किया जाएगा कि 'अग्निवीर' योजना बंद की जाएगी। अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी आदि के आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी को बढ़ाया जाएगा। केंद्र की 50 फीसदी नौकरियां महिलाओं को ही दी जाएंगी। संसद और विधानसभाओं में 33 फीसदी महिला आरक्षण का कानून 2025 से ही लागू किया जाएगा।

जांचों का सिलसिला

चूंकि प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में 'नोटबंदी' लागू की थी, लिहाजा कांग्रेस की सरकार आई, तो उसकी जांच कराई जाएगी। जिन चुनावी बॉन्ड को सर्वोच्च अदालत ने 'असंवैधानिक' करार दिया है, उसकी भी जांच कराई जाएगी। कांग्रेस फ्रांस सरकार के साथ राफेल लड़ाकू विमान सौदे की जांच कराना 'न्याय' मान रही है, लेकिन अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर सौदे, पनडुब्बी सौदे, सैन्य ट्रक घोटाले, कोयला खदान, 2जी स्पेक्ट्रम, राष्ट्रमंडल खेल घोटालों की जांच क्यों नहीं कराना चाहती? ये 15 लाख करोड़ रुपए के घोटाले आरोपित हैं। क्या इनकी नए सिरे से जांच 'न्यायिक' नहीं होगी? यह भी घोषणा की गई है कि जो नेता कांग्रेस या विपक्ष के अन्य दल को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं, उनके खिलाफ ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग की जांच दोबारा शुरू कराई जाएगी। एक अनुमान के मुताबिक, कांग्रेस समेत विपक्ष से टूटकर 80,000 से अधिक नेता और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो चुके हैं। भाजपा का कुल लक्ष्य 1 लाख बताया जा रहा है। करीब 17,000 कार्यकर्ता और नेताओं ने अकेले मध्यप्रदेश में ही कांग्रेस को छोड़ा है। आखिर किस-किस की जांच कांग्रेस करवाएगी? कांग्रेस ने साफ़ कर दिया है कि देश में 'एक चुनाव' की व्यवस्था कभी लागू नहीं की जाएगी। 'नागरिकता संशोधन कानून' (सीएए) समेत कुछ और विवादित कानूनों को भी रद्द किया जाएगा। मोदी सरकार ने आईपीसी, सीआरपीसी, साक्ष्य कानूनों के स्थान पर जो नई 'भारतीय न्याय संहिता' लागू की है, उसे भी रद्द किया जाएगा। कांग्रेस जीएसटी परिषद का पुनर्गठन भी 'न्याय' मानती है, जबकि यह कानून संसद से ही पारित हुआ था। कांग्रेस मोदी सरकार की संघवादी शिक्षा नीति की भी समीक्षा करेगी।

विरोधाभासी न्याय

दलबदल निरोधक कानून और किसानों के लिए 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (एमएसपी) दो विरोधाभासी न्याय साबित हो सकते हैं। दलबदल कानून राजीव गांधी के प्रधानमंत्री काल में लागू किया था। बाद में वाजपेयी सरकार के दौरान तत्कालीन कानून मंत्री अरुण जेटली ने इसे ज्यादा कड़ा कानून बना दिया था। आज़ाद भारत में सबसे अधिक दलबदल 1967-71 के दौरान किए गए, जब इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थीं। सबसे अधिक सरकारें भी उसी कालखंड में गिराई गईं। अब कांग्रेस संविधान की 10वीं अनुसूची में संशोधन कर 'न्याय' पेश करना चाहती है। उसका वादा है कि विधानसभा या संसद में जैसे ही कोई प्रतिनिधि दलबदल करता है, वह स्वतः ही 'अयोग्य' हो जाना चाहिए। बेशक यह संविधान संशोधन संसद में ही दो-तिहाई बहुमत से पारित कराना पड़ेगा। फिलहाल कांग्रेस के पक्ष में ऐसे जनादेश के आसार तक नहीं हैं। कांग्रेस ने 'न्याय' के तहत किसानों की फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी और कर्जमाफी की घोषणा की है। डॉ. स्वामीनाथन आयोग ने अपनी सभी रपटें 2006 में ही भारत सरकार को सौंप दी थी। तब कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार केंद्र में थी। मई, 2014 तक एमएसपी पर एक भी कदम नहीं उठाया गया। एमएसपी की शुरुआत 1966-67 में की गई थी और तब भी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं। देश में खाद्य संकट का दौर था। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए एमएसपी की घोषणा की गई थी, लेकिन इतने लंबे अंतराल के बाद अब मोदी सरकार को एमएसपी के लिए 'खलनायक' करार दिया जा रहा है। यदि कांग्रेस के 'न्याय' पर ही भरोसा करें, तो यकीन कौन दिलाएगा कि एमएसपी की कानूनी गारंटी लागू कर ही दी जाएगी?

लोकतंत्र अभी जिंदा

चूंकि कांग्रेस ने अपना 'न्याय-पत्र' जारी किया है और वह देश के करीब 97 करोड़ मतदाताओं को आश्वस्त कर रही है। यानी लोकतंत्र अब भी जिंदा है। दूसरी तरफ पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी 2024 के आम चुनाव को संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव मान रहे हैं। यह कैसा विरोधाभास है?चुनाव आयोग को गालियां भी दी जा रही हैं, फिर भी मतदान ईवीएम के जरिये ही होगा। अलबत्ता वीवीपैट पर्चियों का मिलान किया जाएगा, यह आयोग द्वारा निर्धारित व्यवस्था है ही। कांग्रेस अक्सर 45 सालों के दौरान की सर्वाधिक बेरोज़गारी और अत्यधिक महंगाई को लेकर प्रलाप करती रही है। बेशक ये विसंगतियां देश में हैं, लेकिन देश को याद रखना होगा कि कांग्रेस राज में 26 फीसदी तक महंगाई रही है, जो आज 5-6 फीसदी के करीब है। यूपीए सरकार में ही मुद्रास्फीति की दर 12-14 फीसदी तक रही थी। दोनों स्थितियों से मोदी सरकार लड़ रही है, लोगों को राहत भी दी है, करोड़ों के मुद्रा लोन भी मुहैया कराए हैं, 81 करोड़ से अधिक भारतीयों को 'मुफ्त अनाज' बांटा जा रहा है। यही कारण है कि महंगाई और बेरोज़गारी की चरम स्थितियां होने के बावजूद बार-बार जनादेश भाजपा के पक्ष में रहता है।

अब भी चुनावी हवाएं प्रधानमंत्री मोदी के ही पक्ष में हैं। कांग्रेस ने 'न्याय' के नाम पर जो आश्वासन परोसे हैं, यदि उसकी सरकार भी आती है, तो उन्हें लागू करना टेढ़ी खीर होगी। देश में किसी की भी सरकार हो, लेकिन कोई भी लोकतंत्र और संविधान से बढ़कर नहीं हो सकता। संविधान है, तो मजबूत न्यायपालिका भी है। राहुल गांधी कुछ भी कहते रहें, यह देश उन्हें गंभीरता से कब ग्रहण करेगा, उस दिन का इंतज़ार रहेगा।

कांग्रेस ने खोला वादों का पिटारा

घोषणा पत्र

उमेश चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

चुनाव घोषणा पत्र जारी करने में देश की सबसे पुरानी पार्टी बाजी मारने में कामयाब रही है। जैसा कि अक्सर होता है, चुनाव घोषणा पत्र राजनीतिक दल का भावी शासन का रोडमैप होता है। कांग्रेस ने इस रोड मैप को हाल के दिनों में अख्तियार किए दो शब्दों 'न्याय' और 'गारंटी' के इर्द-गिर्द ही केंद्रित किया है, लेकिन इस रोडमैप को मोटे तौर पर देखें तो वह कुछ मुद्दों पर अपनी पुरानी गलतियों को दुरुस्त करती दिख रही है, तो कई बार वह नेहरूवादी समाजवाद की ओर बढ़ती नजर आ रही है तो कई मुद्दों पर राहुल-प्रियंका के वामपंथी सलाहकारों का असर नजर आ रहा है।

सवाल उठते हैं

कांग्रेस इन दिनों जिस तरह न्याय और गारंटी पर जोर दे रही है, उससे कुछ सवाल जरूर उठते हैं। देश की आजादी का 77वां साल चल रहा है। इतने दिनों में पचपन साल तक उसका ही शासन रहा है। जाहिर है कि आजाद भारत के दो तिहाई हिस्से पर कांग्रेस का ही शासन रहा है। इसके बावजूद वह लोगों को न्याय दिलाने का वादा करती है, गारंटियां देने की बात करती है तो यह सवाल जरूर उठेगा कि कांग्रेस क्या अपने शासनकाल में लोगों को न्याय नहीं दे पाई या फिर वह पहले गारंटी नहीं दे पाई। जाहिर है कि जब ये सवाल उठेंगे तो कांग्रेस और उसके समर्थक जवाब में कह सकते हैं कि पार्टी का न्याय और गारंटियों का वादा भाजपा शासन काल के दौरान हुए अन्याय और अनदेखी का जवाब है, लेकिन कांग्रेस के घोषणा पत्र को गौर से देखेंगे तो पता चलेगा कि पार्टी कुछ ऐसे मुद्दों पर अपनी गलती को सुधार करती दिख रही है, जिन्हें राष्ट्रवादी राजनीति के मुद्दे माना जाता है। आर्थिक सुधार प्रक्रिया के तहत नई पेंशन योजना को स्वीकार करना और समान नागरिक संहिता को स्वीकार करना राष्ट्रवादी राजनीति के ही मुद्दे हैं, लेकिन कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में इन दोनों अहम मुद्दों पर चुप्पी साध ली गई है। कांग्रेस के घोषणा पत्र को जारी करते हुए घोषणा पत्र समिति के प्रमुख पी. चिदंबरम ने बड़े जोर देकर कहा कि कांग्रेस की सरकार बनेगी तो वह सिर्फ नौकरी, नौकरी और नौकरी ही देगी। चुनाव घोषणा पत्र में बेरोजगारी को बड़ा मुद्दा बनाते हुए सरकारी दफ्तरों और सार्वजनिक निगमों में खाली पड़े तीस लाख पदों को भरने का वादा किया गया है। पार्टी खुद ही अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के एक सर्वे आंकड़े का हवाला देते हुए कहती है कि देश के पच्चीस साल तक की उम्र वाले युवाओं में से 42 फीसदी बेरोजगार हैं। अगर इसी आंकड़े पर भरोसा करें तो यह संख्या करोड़ों में होगी। कांग्रेस सिर्फ तीस लाख सरकारी पदों को भरने का स्पष्ट वादा तो कर रही है, लेकिन शेष युवाओं का क्या होगा, पार्टी इस पर मौन है। हां, वह तकनीकी शिक्षा ले चुके युवाओं के लिए एक साल के लिए अप्रेंटिसशिप का वादा जरूर कर रही है, जिसमें एक लाख सालाना मिलेंगे। इस रकम का आधा हिस्सा सरकारें वहन करेंगी। यूपीए एक के शासन के दौरान पार्टी ने मनरेगा की शुरूआत की थी। इसे पार्टी अपना बेहतरीन कदम मानती है। घोषणा पत्र में इसकी चर्चा नहीं होती तो आश्चर्य होता। पार्टी ने मनरेगा की मजूदरी 400 रुपए तक बढ़ाने का वादा कर रही है। इसे संयोग कहें या कुछ और कि प्रवक्ता गौरव बल्लभ और धाकड़ सांसद

रहे संजय निरूपम ने पार्टी छोड़ी, उसके ठीक बाद ही कांग्रेस ने अपने महत्वाकांक्षी घोषणा पत्र को जारी किया। घोषणा पत्र एक या दो दिन में नहीं तैयार किए जाते हैं, इसलिए यह उम्मीद करना कि चुनाव घोषणा पत्र में कुछ ऐसा होगा, जिसके जरिये पार्टी अपने यहां मची भगदड़ को रोकने या उसे संबोधित करने की कोशिश करेगी। संजय निरूपम ने पार्टी छोड़ते वक्त आरोप लगाया था कि कांग्रेस इन दिनों वामपंथी विचारधारा के प्रभाव में ज्यादा है। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के आधार पर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का वादा भी वामपंथी वैचारिकता का ही विस्तार है। जाति जनगणना की भी बात वाम वैचारिकी की ही देन है।

वाम वैचारिकी

कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में संस्थानों की स्वायत्तता पर भी एक तरह से सवाल खड़ा किया है। इसमें चुनाव आयोग और न्यायपालिका शामिल है। यह सोच भी वाम वैचारिकी की ही है। कांग्रेस ने जहां चुनाव आयोग को स्वायत्त बनाने का वादा किया है, वहीं न्यायपालिका में वंचित तबकों को बढ़ावा देने के साथ ही न्यायिक नियुक्ति आयोग बनाने का भी वादा किया है। मीडिया को भी स्वायत्त बनाने की भी बात कही गई है। माना जा रहा है कि इसके जरिये पार्टी ने मीडिया में कार्यरत लोगों के समर्थन की उम्मीद रखी है।

पांच न्याय

अब बात करते हैं, कांग्रेस के पांच न्याय की। पार्टी ने जिन न्याय की बात की है, उसमें पहला है युवा न्याय। इस गारंटी के तहत 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है। दूसरे नंबर पर पार्टी ने हिस्सेदारी न्याय की चर्चा की है, जिसके तहत जाति जनगणना कराने की 'गारंटी' दी गई है। तीसरे नंबर पर किसान न्याय की चर्चा की गई है, जिसके तहत कांग्रेस ने न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने के साथ ही किसानों की कर्ज माफी के लिए आयोग के गठन के साथ-साथ जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है। चौथे नंबर पर पार्टी ने श्रमिक न्याय की बात की गई है। पार्टी ने इसके तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार, मनरेगा की न्यूनतम मजूदरी 400 रुपए रोजाना करने के साथ ही शहरी रोजगार गारंटी का वादा किया गया है। पांचवां न्याय है नारी न्याय। इसके तहत कांग्रेस ने 'महालक्ष्मी' गारंटी देने का वादा किया है। इसमें गरीब परिवारों की महिलाओं को एक-एक लाख रुपए सालाना देने समेत कई वादे किए गए हैं। इसके साथ ही गरीब परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख की मदद का भी ऐलान किया गया है।

घोषणा पत्र के वादे

पार्टी के घोषणा पत्र के कुछ प्रमुख वादों पर निगाह डाल लेते हैं। पार्टी ने कहा है कि अगर उसकी सरकार बनी तो वह महिलाओं को 6 हजार रुपए प्रति माह देगी। इसके साथ ही उन्हें केंद्र सरकार की नौकरियों में एक तिहाई आरक्षण देने का भी वादा किया गया है। पार्टी ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में महिला जजों की संख्या बढ़ाने का भी वादा किया है। पार्टी अपनी हर चुनावी सभा में महंगाई का हवाला देती है। इसे ध्यान में रखते हुए पार्टी ने गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती का भी वादा किया है। पार्टी ने संवैधानिक न्याय और आर्थिक न्याय का भी वादा किया है। घोषणा पत्र में देश की रक्षा करने वाली विदेश नीति पर काम करने की बात की गई है। मछुआरों के लिए डीजल सब्सिडी दे के साथ ही अगले 10 वर्षों में देश की जीडीपी को दोगुना करने का लक्ष्य भी रखा गया है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में मॉब लिंचिंग, बुलडोजर न्याय और फर्जी मुठभेड़ जैसे कदमों का विरोध किया है।

वादों पर भरोसा

हाल में हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी ने ऐसे ही कुछ वादे किए थे, लेकिन तेलंगाना छोड़ उसे कहीं समर्थन नहीं मिल पाया। ऐसे में देखना होगा कि चुनावी रण में जनता उसके इन वादों पर कितना भरोसा कर पाती है?

तय हो राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी

दो टूक

रवि शंकर

वरिष्ठ पत्रकार

दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश कहलाए जाने वाले भारत में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। इस चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी पार्टियां अपने-अपने चुनावी वादों के साथ मैदान में उतर चुकी हैं। प्रचार के दौरान कांग्रेस, भाजपा से लेकर सभी छोटी बड़ी पार्टियों ने जनता के बीच कई वादे भी करने शुरू कर दिए हैं। लोकलुभावन घोषणा पत्र भी पार्टियों के आने लगे हैं। कांग्रेस ने भी आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र में पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' का वादा किया है। घोषणा पत्र में कई तबकों के लिए अलग-अलग तरह की गारंटी दी गई हैं। पार्टी ने घोषणा पत्र में युवा, किसान, महिला, बुजुर्ग, कारोबारी और अन्य दूसरे वर्गों पर भी फोकस किया है। इन सभी के लिए कई तरह के वादे किए गए हैं। गौर करने वाली बात ये है कि 'न्याय' शब्द का इस्तेमाल कांग्रेस ने 2019 के घोषणा पत्र में भी किया था। पिछले चुनाव में वेलफेयर योजना के तहत कांग्रेस ने 'न्यूनतम न्याय योजना' का वादा किया था, पर इस बार के न्याय पत्र में ये वाला 'न्याय' नहीं है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में एक और बात गौर करने लायक है। उसने कई राज्यों में ओल्ड पेंशन स्कीम को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ा। लंबे समय से राहुल गांधी भी ओपीएस की तरफदारी करते रहे हैं, लेकिन लोकसभा के लिए जारी हुए घोषणा पत्र में कांग्रेस ने ओपीएस का जिक्र तक नहीं किया है। खैर, ऐसे कई वादे हैं जो पिछली बार किए गए थे, लेकिन इस बार के घोषणा पत्र में नहीं हैं। कई नए वादे भी हैं जो पिछली बार से अलग हैं।

शानदार भारत

हालांकि, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पार्टी के इस घोषणा पत्र में भविष्य के शानदार भारत की तस्वीर नजर आती है। वहीं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी का घोषणा पत्र जनता की आवाज है। ये घोषणा पत्र कांग्रेस पार्टी ने नहीं बनाया, ये घोषणा पत्र हिंदुस्तान की जनता ने बनाया है। हमने सिर्फ इसको लिखा है, तो दूसरी तरफ भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को 'झूठ का पुलिंदा' करार दिया है। अहम सवाल ये नहीं है कि किसने क्या कहा। सवाल महत्वपूर्ण ये है कि कांग्रेस के इस घोषणा पत्र का आम जनता पर असर कितना होगा? क्योंकि इस घोषणा पत्र के पैग़ाम को लोगों तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस के पास पर्याप्त कार्यकर्ता नहीं हैं। दूसरी ओर भाजपा एक काडर वाली पार्टी है। वो अपनी पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ती। कांग्रेस के कार्यकर्ता कितने सक्षम हैं और वो लोगों तक पार्टी के पैग़ाम को ले जा सकेंगे ये देखना

होगा। इसके अलावा सबसे बड़ी चुनौती राहुल गांधी और उनकी पार्टी के लिए ये है कि क्या वो हिंदी बेल्ट में इस अच्छे मैनिफ़ेस्टो के पैग़ाम को लोगों तक पहुंचाने में सफल होंगे? कांग्रेस के लिए ये एक बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि हिन्दी बेल्ट के किसी राज्य में कांग्रेस पार्टी की सरकार नहीं है। अपवादस्वरूप हिमाचल प्रदेश को छोड़कर।

वादे कैसे पूरा करेंगे

बहरहाल, चुनावी मौसम में इन दिनों हर जगह सभी पार्टियों के बड़े-बड़े नेता गला फाड़कर चिल्ला रहे हैं कि हम आपके लिए ये करेंगे, वो करेंगे। किसी पार्टी से सरोकार न रखने वाले हम जैसे लोगों को ये समझ नहीं आ रहा कि आखिर पार्टियां इन वादों को कैसे पूरा करेंगी। अगर हम एक बार के लिए ये मान भी लें कि राजनीतिक पार्टियों की मंशा साफ है और वह सत्ता में आने के बाद अपने वादों को पूरा करेंगी तो आखिर पैसा आएगा कहां से। ये हम जैसे लोगों के समझ से परे हैं। मेरा सिर्फ इतना मानना है कि राजनीतिक दल सोच समझ कर जनता से वादे करें। ये ठीक है कि राजनीतिक दलों को सत्ता में वापसी की कोशिश हो या सत्ता हासिल करने की कोशिश हो दोनों के लिए ही मतदाताओं को लुभाना जरूरी होता है। आजकल अधिकांश नेता यही मानकर चल रहे हैं कि लोकलुभावन घोषणाओं से लोगों को आकर्षित करो ताकि लोग उनके उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करें, बाकी बात बाद में देखी जाएगी। ऐसा देखा गया है कि कई पार्टियां मेनिफेस्टो में बड़े-बड़े ऐलान करती हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद वो किए हुए वादों को निभाने में 100 प्रतिशत सफल नहीं हो पाती। आम लोगों का मानना है कि पार्टियां वादे करते समय इस बात का ध्यान नहीं रख रहीं कि वे कैसे उन वादों को पूरा करेंगी, उनकी कोशिश सिर्फ यही रहती है कि हमारे वादे दूसरी पार्टियों के मुकाबले ज्यादा आकर्षक हों। यही कारण है कि सारी पार्टियां किसानों की कर्ज माफी से लेकर बेरोजगारी भत्ते जैसे बड़े-बड़े वादे कर रही हैं। ये ठीक है कि राजनीतिक दलों को चुनावी वादे करने से रोका नहीं जा सकता है, लेकिन मतदाता को भी ये जानने का हक है कि उनसे किए गए वादे पूरे कैसे किए जाएंगे। उन वादों को पूरा करने के लिए फंड कहां से आएगा।

महत्वपूर्ण प्रश्न

चुनावी घोषणा पत्र के वादों को पूरा करने के लिए पार्टियों को धन कहां से आएगा, यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। चुनावी घोषणा पत्र और पार्टियों को उसमें दिए वादों को पूरा करने का मामला एक से ज्यादा बार अदालत पहुंचा है। साल 2015 में सुप्रीम कोर्ट में इसी मामले पर वकील मिथिलेश कुमार पांडे ने जनहित याचिका दायर की थी। हालांकि याचिका को मुख्य न्यायाधीश एचएल दत्तू और न्यायमूर्ति अमितव रॉय की पीठ ने यह कहकर खारिज कर दिया कि क्या कानून में कोई प्रावधान है जो घोषणा पत्र में किए गए वादों को किसी राजनीतिक दल के खिलाफ लागू करने योग्य बनाता है? इसका निष्कर्ष ये था कि चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा करने के लिए पार्टी कानूनी रूप से बाध्य नहीं है। खैर, मेरा मानना है कि जनता को लुभाने और चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा झूठी घोषणाएं करना बेहद गंभीर विषय है, जिस पर व्यापक चर्चा करना जरूरी है। कुछ राजनीतिक दलों ने झूठे वादों से जनादेश चोरी करने की महारत भी हासिल कर ली है। इसलिए अब समय आ गया है कि चुनावी वादों के साथ-साथ देश व प्रदेश का बजटीय आकलन भी घोषणा पत्र में प्रकाशित होना चाहिए, ताकि देश व प्रदेश के हर लाभार्थी व प्रबुद्ध नागरिक झूठी घोषणाओं और वादों के झांसे में आने से बच सकें।

खबर संक्षेप

सांसद उमेशनाथ ने बाबा साहेब को किया नमन

औबेदुल्लागंज। रविवार को नगर में आंबेडकर चौराहे पर राज्यसभा सांसद उमेश नाथ महाराज का आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

चुनाव के लिए अफसरों ने दिया प्रशिक्षण

औबेदुल्लागंज। रविवार को नगर में 11 बजे एसडीओपी, एसडीएम, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी औबेदुल्लागंज, मंडीदीप नूरगंज, गौहरगंज, सतलापुर ने वीर सावरकर महाविद्यालय में अनुभाग औबेदुल्लागंज के पुलिस कर्मचारी, महिला बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं गौहरगंज के कोटवार को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में पुलिस कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं कोटवार सहित 300 लोग उपस्थित रहे।

कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

औबेदुल्लागंज। नगर की महावीर कॉलोनी स्थित परशुराम भवन, ब्राह्मण धर्मशाला में आज रविवार की शाम 4:30 बजे कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विदिशा लोकसभा प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुमताज, लोकसभा प्रभारी राजकुमार पटेल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष पवित्र कौर, सेवादल जिला अध्यक्ष मेघराज चौहान, युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष परेश नागर, युवक कांग्रेस कार्यवाहक जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन सोलंकी संबोधित करेंगे।

एक दर्जन प्रतिभाओं का किया सम्मान

संतनगर। झूलेलाल चालीहा साहिब समिति एच वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में शुक्रवार को पापमोचनी एकादशी पर्व पर झूलेलाल महाराज का अखा साहिब, झूलेलाल महाराज की आरती, पल्लव एवं प्रसादी वितरण किया गया। अंत में झूलेलाल चालीहा साहिब समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम हरचंदानी ने समाज में नेक कार्य करने वालों का सम्मान किया। जिसमें गोल्ड मेडलिस्ट और अन्य देशों में जाकर बाक्सिंग ट्रेनिंग वाली बॉक्सिंग कोच सोनम नायक, खजुराहो में मेराथान रेस में प्रथम श्रेणी में आने वाली मोनिका कापसे, वेट लिफ्टिंग में प्रथम स्थान पर आने वाली तनिषा आसनानी पुत्री जितेन्द्र आसनानी, बजरंग सेना समिति के मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी, अध्यक्ष कमलेश देवानी, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, प्रभु मूलचंदानी, पं. राजकुमार गर्ग, जीतू शिवनानी, नरेन्द्र टहलानी, महेश दरयानी, गुरदास रामचंदानी, जगदीश सांवले, राजकुमार धानुक, राजेश केवलानी का सम्मान किया।

पार्किंग के विवाद को लेकर सुपरवाइजर को दर्जनभर युवकों ने लात-घूंसों से पीटा

- मारपीट के दौरान पीड़ित युवक का छोटा भाई आरोपियों से लगाता रहा छोड़ने की गुहार
- बिलखिरिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज नहीं किया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कोकता मल्टी, पीएम आवास में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में सुपरवाइजर पर करीब दर्जनभर युवकों ने हमला कर दिया। युवकों ने उसे सड़क पर पटककर लात-घूंसों से जमकर पीटा। इस हमले में सुपरवाइजर को गंभीर चोट आई है। घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में युवक उससे मारपीट करते हुए नजर आए हैं, जबकि पीड़ित का भाई ऊपर मल्टी से उसे छोड़ने की गुहार लगाते हुए दिखा है। बावजूद इसके बिलखिरिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला नहीं दर्ज किया। पीड़ित पुलिस अफसरों के पांच दिन से चक्कर काट रहा है।

आवंटित पीएम आवास मल्टी कोकता में

जानकारी के अनुसार, मूलतः हरदा निवासी 40 वर्षीय संतोष चौधरी निजी कंपनी में सुपरवाइजर है। वह छोटे भाई शैलेन्द्र की सास को आवंटित पीएम आवास मल्टी कोकता में रहता है। संतोष ने बताया कि वह बाइक को पार्किंग में खड़ा करता है। जिसमें मल्टी में रहने वाले लड़के बैठकर गाड़ी में नुकसान पहुंचाते हैं। 31 मार्च को उसने बाइक खड़ी की, तभी मल्टी के लड़के उस पर बैठ गए। इसका विरोध किया तो दस से बारह युवक जमा हो गए। उन सभी ने उस पर हमला कर दिया। उसे चोट लगी। इसकी शिकायत करने जब वह बिलखिरिया थाना गया तो पुलिस ने आवेदन लेकर चलता कर दिया। अभी तक आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है।

वीडियो वायरल

घटना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो मल्टी में ही किसी ने ऊपर से बनाया था। उक्त वीडियो में दस बारह युवक हमला करते हुए दिख रहे हैं। संतोष का भाई मल्टी में खड़े होकर रोता हुए अपने बड़े भाई को छोड़ने का कहता हुआ दिखा है।

रोजा-अफ्तारी से लौटी छात्रा दूसरी मंजिल की बालकनी से गिरी, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित अहमद अली कॉलोनी में दूसरी मंजिल से गिरकर बीए की छात्रा की मौत हो गई। वह रोजा-अफ्तारी करने के बाद घर लौटी थी और बालकनी से नीचे गिर गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार, अफरा अली पिता अनवर अली (18) अहमद अली कॉलोनी ऐशबाग में रहती थी और प्राइवेट कॉलेज से बीए फर्स्ट ईयर की छात्रा थी। उसके पिता नवीन नगर इलाके में चाय की दुकान चलाते हैं, जबकि बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। पूरा परिवार तीन मंजिला मकान की दूसरी मंजिल पर रहता है।

अचानक फिसला पैर

गुरुवार रात अफरा अपनी मां के साथ मेंडोरा इलाके में रोजा-अफ्तार के लिए गई थी। वहां से रात करीब दस बजे दोनों घर लौटी। घरेलू काम करने के बाद मां कमरे में सोने की तैयारी करने लगी, जबकि रात करीब साढ़े 12 बजे अफरा किसी काम से बालकनी में पहुंची। इसी बीच उसका पैर फिसल गया और वह सिर के बल जमीन पर जा गिरी। रमजान के कारण मोहल्ले में काफी चहल-पहल थी। अफरा के जमीन पर गिरते ही लोगों ने शोर मचाया तो मां कमरे से बाहर निकली। देखा तो अफरा नीचे पड़ी दिखी। वह तुरंत ही दौड़कर नीचे पहुंची और घटना की जानकारी पति को दी। करीब 25 फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण उसके सिर और गर्दन में गंभीर चोट आई थी।

पहले सुदिती अस्पताल को दी सूचना, फिर अपोलो से एंबुलेंस बुलाकर ले गया अस्पताल

घर बुलाकर शारीरिक संबंध बनाए फिर सीने पर बैठकर गला दबा दिया, 3 घंटे घर में रखी लाश

- भाग्यश्री अपार्टमेंट, विजय नगर स्थित अपने फ्लैट में नर्स को बुलाकर की थी हत्या
- आरोपी पुलिस को करता रहा गुमराह, पत्नी रहती है अलग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोहेफिजा पुलिस ने भाग्यश्री अपार्टमेंट विजय नगर में नर्स की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का खुलासा कर दिया है। उसकी मौत नहीं हुई थी, बल्कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। उसके दोस्त ने उसे परिजन की गैरमौजूदगी में मिलने फ्लैट पर बुलाया था और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद सीने पर बैठकर उसका गला दबा दिया। गला दबाने के बाद आरोपी करीब तीन घंटे तक घर में ही लाश रखे रहा फिर उसे अस्पताल लेकर पहुंचा था। वहां डॉक्टर ने नर्स को मृत घोषित कर दिया।

2019 में अस्पताल में काम करते समय आरोपी से हुई थी दोस्ती

पुलिस के अनुसार गायत्री विहार बागसेवनिया निवासी 37 साल की माया टीएम पत्नी सुंदरम व्यंकाटेश्वर सेज अपोलो अस्पताल में नर्स थी। इससे पहले वह लालघाटी में तृप्ती अस्पताल में नौकरी करती थी। वर्ष 2019 में तृप्ती अस्पताल में काम करते समय उसकी दोस्ती अस्पताल के एडमिन इंचार्ज दीपक कटियार से हो गई। दीपक मूलतः कानपुर का है और विजय नगर में भाग्यश्री अपार्टमेंट में परिवार के साथ रहता था। गत दिनों उसके माता पिता गांव गए हुए थे। पत्नी भी कानपुर में थी। घर में अकेले होने के कारण उसने माया को मिलने बुलाया था। बुधवार को माया उससे मिलने उसके फ्लैट पर पहुंची, वहां आरोपी दीपक ने माया से शारीरिक संबंध बनाए। शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच दीपक और माया के बीच कहासुनी हुई। कहासुनी बढ़ने पर दीपक ने माया की गला दबाकर हत्या कर दी। दीपक ने पूछताछ में बताया कि कहासुनी के बाद वह माया के सीने पर बैठा था और एक हाथ से गला दबाया, जबकि दूसरे हाथ से मुंह दबाया था। माया ने उसका विरोध किया था। दीपक के गले के पास मामूली चोट थी।

दीपक का शादी के बाद पत्नी से होने लगा था विवाद, महिला को खत्म करने का बनाया प्लान

माया और दीपक के बीच दोस्ती थी। उनका एक दूसरे के घर आना-जाना था। दीपक की अप्रेल में ही शादी हुई थी। दीपक और माया का मिलना-जुलना माया के पति और दीपक की पत्नी को पसंद नहीं थी। इसलिए दीपक की पत्नी कानपुर में रह रही थी, जबकि माया का पति केरल में था। दीपक माया को रास्ते से हटाना चाहता था।

पहले सुदिती अस्पताल फिर अपोलो से बुलाई एंबुलेंस

बुधवार शाम हत्या के तीन घंटे बाद दीपक ने सुदिती अस्पताल में कॉल कर बताया था कि चक्कर आने के बाद माया गिर गई है और वह बेहोश हो गई। सुदिती अस्पताल से पहुंचे डॉक्टर ने माया को मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद दीपक ने अपोलो अस्पताल में कॉल कर एंबुलेंस बुलाई और माया को लेकर अपोलो पहुंचा। अपोलो अस्पताल में भी डॉक्टर ने माया को मृत घोषित करते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दीपक से पूछताछ की तो दीपक ने बताया कि माया को चक्कर आया था और वह गिर गई थी। गुरुवार को माया के परिजन भोपाल नहीं पहुंच सके थे। लिहाजा शुक्रवार को माया का पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बाइक को कार ने मारी टक्कर, जेठ की मौत, बहू घायल

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव बामोरा में शुक्रवार शाम बाइक सवार जेठ-बहू को कार ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों को बैरसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था, वहां डॉक्टर ने जेठ को मृत घोषित कर दिया। बहू को गंभीर चोट होने के कारण परिजन ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने कार चालक पर लापरवाही पूर्वक कार चलाने और एक्सीडेंट करने का मामला दर्ज किया है। एएसआई बीए कटारे ने बताया कि इमरत सिंह गुर्जर (42) गांव रमगढ़ा, तहसील बैरसिया में रहते थे और खेती किसानी करते थे। शुक्रवार शाम वह छोटे भाई की पत्नी भागवती बाई को बाइक से लेकर रिश्तेदारी में जा रहे थे। इस दौरान 5 बजे के आसपास नजीराबाद के गांव बामौरा में उनकी बाइक को तेज कार ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से इमरत सिंह और उनकी बहू बाइक समेत सड़क पर गिरे थे। इस हादसे में इमरत सिंह की मौत हो गई।

कैबिन में घुसकर युवती से सहकर्मी ने छेड़छाड़ की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हबीबगंज स्थित एक निजी कंपनी के ऑफिस में युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। युवती कंपनी में काउंसलर का काम करती है, जबकि छेड़छाड़ करने वाला भी सहकर्मी है। घटना के समय युवती अपने कैबिन में अकेली थी, तभी युवक ने छेड़छाड़ करते हुए किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दे दी। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, अशोका गार्डन इलाके में रहने वाली 23 वर्षीय युवती शासकीय कॉलेज से एमकाम प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। इसके साथ ही वह हबीबगंज स्थित एक कार्यालय में काउंसलर का काम करती है। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे युवती अपने कार्यालय के कैबिन में अकेली बैठी हुई थी, तभी उसी कार्यालय में काम करने वाला सत्यम त्रिपाठी उसके कैबिन में घुस गया।

सत्यम ने युवती का मुंह दबा दिया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। पीड़िता ने इसका विरोध किया तो वह किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। युवती ने कार्यालय से बाहर जाने का प्रयास किया तो सत्यम ने उसे रोक लिया। किसी तरह उसके चंगुल से छूटकर युवती कार्यालय से बाहर निकली और अपने पिता को फोन लगाया। पिता ने फोन रिसीव नहीं किया तो उसने एक दोस्त को फोन लगाकर बुलाया, जिसने उसे घर छोड़ा। शनिवार युवती परिजनों को लेकर हबीबगंज थाने पहुंची और सत्यम त्रिपाठी के खिलाफ लिखित में शिकायत की।

पार्टनर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

शाहपुरा पुलिस ने एक शराब कंपनी के पार्टनर के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, शाहपुरा में रहने वाली स्वर्णा श्रीवास्तव एक शराब कंपनी की संचालिका हैं। उनकी कंपनी की विदिशा जिले में कई शराब दुकानें हैं। कुछ साल पहले उन्होंने केशवराम नामक एक व्यक्ति को अपनी कंपनी में करीब पच्चीस फीसदी का पार्टनर बनाया था। कंपनी के नियम के अनुसार दुकानों से रोजाना आने वाला कलेक्शन का पैसा कंपनी के अकाउंट में जमा किया जाना था, लेकिन केशवराम ने यह पैसा अपने खातों में जमा कर लिया था। डेढ़ साल पहले जब इसका खुलासा हुआ तो स्वर्णा श्रीवास्तव ने न्यायालय में परिवाद लगाया था। अदालत के आदेश पर शाहपुरा पुलिस ने केशवराम के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

अलीराजपुर पुलिस की कार्रवाई

ट्रक से शराब की तस्करी 12 हजार लीटर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अलीराजपुर पुलिस ने आयशर ट्रक से 12 हजार लीटर शराब जब्त की है। पुलिस की धरपकड़ की कार्रवाई में ट्रक में मौजूद ड्राइवर पहले ही ट्रक छोड़कर भाग निकला। पुलिस ट्रक ड्राइवर की तलाश कर रही है।

बोरी पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली कि टांडा जिला धार की ओर से शराब से लदा अवैध आयशर ट्रक आ रहा है।

ट्रक छोड़कर भागा आरोपी ड्राइवर

सूचना के बाद हरकत में आई बोरी पुलिस ने शहर में आने वाले सभी मार्गों पर घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने टांडा-बोरी रोड पर चेकिंग पाइंट लगाया। इसी दौरान टांडा की तरफ से एक सफेद रंग का आयशर ट्रक आता हुआ नजर आया। ट्रक के ड्राइवर ने पुलिस को देखकर ट्रक छोड़ दिया और वहां से भाग निकला। पुलिस ने ट्रक चेक किया तो उसमें माउंट कंपनी की बीयर की 1 हजार पेटियां भरी हुई थी। जिसमें करीब 12 हजार लीटर मादक पदार्थ भरा हुआ था।

कृषक सहयोग संस्थान की बैठक

अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए बनाई रणनीति

मंडीदीप। अक्षय तृतीया और शादी विवाह के मूहर्त को देखते हुए कृषक सहयोग संस्थान ने बाल विवाह रोकने की रणनीति बनाई। कार्यालय में हुई बैठक में कार्यकर्ताओं ने अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होने देने का संकल्प लिया। इसके लिए निगरानी दल बनाया जाएगा। जिला समन्वयक अनिल भवरे और संस्था प्रमुख डॉ. एचबी सेन ने बताया कि कार्यकर्ता संवेदनशील परिवारों की पहचान करेंगे। धार्मिक स्थलों के सामने बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता पोस्टर लगाएंगे। ग्रामपंचायत द्वारा मुनादी कराई जाएगी। काउंसलर मीना रैकवार ने बताया कि सांची ब्लॉक में जगदीश शर्मा गोविंद नाविक, राहुल यादव, राजकुमार साहू, प्रगति रैकवार और गैरतगंज ब्लॉक के लिए अमित चक्रवर्ती, चेतन सेन, शेरू अहिरवार, कामता प्रसाद, नेहा प्रजापति, शोभा चक्रवर्ती, सौरव लोधी को जिम्मेदारी दी गई है।

आज साप्ताहिक बाजार ग्राउंड में होगा आयोजन

विधायक पटवा ने लिया कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

आज रविवार को शाम 4 बजे भोजपुर क्षेत्र का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन साप्ताहिक बाजार ग्राउंड में होगा। शनिवार शाम को विधायक सुरेंद्र पटवा सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने औबेदुल्लागंज आए। इस अवसर पर सिंधी समाज अध्यक्ष रमेश वासवानी, सोनू वासवानी, सौरभ वासवानी ने पटवा का सम्मान किया और चैती चांद के कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया।

सम्मेलन में यह रहेंगे उपस्थित

वरिष्ठ कन्हैया नंदवंशी, अशोक यादव, पंकज कोठारी, नरेंद्र शर्मा, डॉ. भूपेंद्र नागर, दीपू परमार, रामकिशोर नंदवंशी, शांतनु पांडे, मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, जिला महामंत्री रविंद्र विजय, मनोज चौरसिया, शंकर पाल, कमलेश नरवरिया, माखन परमार, चौहान सिंह चौहान, सुनील मौर्य, महेंद्र यादव ने बताया कि रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा, पूर्व मंत्री डॉ. रामपाल सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, भोजपुर प्रभारी अरविंद जैन, जयंत डांगा, ओपी मीणा सम्मेलन में चर्चा करेंगे। आरती यादव, सपना रैकवार, मंडल अध्यक्ष माया राय, प्रियंका गुप्ता, रेखा कपूर, पूजा लोधी, नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, हेमलता चौरसिया, विद्या अग्रवाल, अनुराधा विजयवर्गीय, भारती सैनी, सना ममनून, राधा मालवीय, राधा कुशवाहा, मनीषा नागर, ललिता नागर, सुमन यादव आदि ने सम्मेलन में कार्यकर्ता से उपस्थिति की अपील की है।

इस बार भी ऐतिहासिक बनेगी भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा

संतनगर। पूज्य सिंधी पंचायत ने सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस 'चेटीचांद' एवं सिंधी दिवस 10 अप्रैल जोरदार, शानदार एवं यादगार बनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने की। प्रारंभ में महासचिव माधू चांदवानी ने चेटीचांद धार्मिक पर्व पर शोभायात्रा को सुंदर, विशाल बनाने की आवश्यकता बताई। मुख्य अतिथि संत लाल सांई ने बताया कि भगवान झूलेलाल की भव्य शोभा यात्रा संत नगर की यादगार रहेगी। आयोजन के संयोजक कन्हैयालाल इसरानी ने शोभायात्रा को कामयाब बनाने की जानकारी दी। चन्द्रप्रकाश ईसरानी चंदू भैया ने पंचायत के पदाधिकारियों की प्रशंसा की तथा कहा कि चेटीचांद के भव्य आयोजन में भरपूर सहयोग रहेगा। विशाल

औबेदुल्लागंज में भाजपा के स्थापना दिवस पर हुए कई आयोजन

देशहित, जनहित को आगे रखकर कार्य करती है भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

शनिवार को वार्ड 13 स्थित मनोज चौरसिया के कार्यालय में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्याम प्रसाद मुखर्जी, भारत माता एवं पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरू किया गया।

इस दौरान उपस्थित पार्टी के नेताओं ने कहा कि जनहित, सम्मान और देश को आगे रखकर भाजपा काम करती है, इसलिए जनता का भाजपा पर विश्वास बढ़ता जा रहा है। नरेंद्र शर्मा, नीरज चावला, देवेंद्र डेनी, मनोज चौरसिया, रविंद्र विजय, रामकिशोर नंदवंशी, मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, प्रियंका गुप्ता, हेमलता चौरसिया, माया राय, चौहान आदि ने स्थापना दिवस पर तिलक लगाया। इधर, वरिष्ठ भाजपा नेता जेपी शर्मा ने पं. उपाध्याय के चित्र पर माल्यर्पण व तिलक लगाकर कहा कि भाजपा जनहित, सम्मान और देश को आगे रखकर कार्य करती है।

मीडिया प्रभारी कोठारी ने कहा-भारत के करोड़ों लोगों का भाजपा पर विश्वास

भाजपा मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी ने स्थापना दिवस पर कहा कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा अनुशासित पार्टी है। समाज के आखिरी पंक्ति में बैठे व्यक्ति, महिलाओं, गरीबों, छात्रों, किसानों का विकास पार्टी का लक्ष्य है और उन्हें मदद भी पहुंची है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास कार्य हुए। भारत के करोड़ों लोगों का भाजपा पर विश्वास है। कोठारी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा के अथक परिश्रम और और सब का विश्वास, सबके साथ के नारा से भाजपा ने प्रगति की। भोजपुर क्षेत्र का बेटा बनकर विधायक सुरेंद्र पटवा ने घर-घर में पहुंचकर चहुंमुखी विकास के साथ सकारात्मक सोच, ईमानदारी और सबका साथ, सबका सम्मान के साथ भाजपा को लोकप्रिय बनाया है।

तामोट में मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

तामोट में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा के स्थापना दिवस पर संकल्प लिया कि भाजपा को जन जन की पार्टी बनाएंगे। इस अवसर पर जनपद सदस्यों की जिला अध्यक्ष सुलेखा चौहान, वरिष्ठ नेता संदीप चौहान रामकिशोर चौहान, बाबूलाल चौहान ललित चौहान शीतल चौहान प्रीति विश्वकर्मा रामपाल चौहान संतोष लक्ष्मी प्रजापति राकेश चौधरी अंकित परसाई दिलीप मेहरा सहित सभी ने कहा 7 अप्रैल को ओबेदुल्लागंज सम्मेलन में सभी को चलना है।

विधायक पटवा हुए शामिल

सेवा पखवाड़े के रूप में मना भाजपा का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

नगर में शनिवार को भाजपा का स्थापना दिवस मनाया मनाया गया। इसके तहत मंडल स्तर समेत कई स्थानों पर कार्यक्रम हुए। नगर में भाजपा अपने स्थापना दिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मना रही है।

इसके लिए बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। साथ ही भाजपा के संस्थापक सदस्यों को याद किया गया। भाजपा स्थापना दिवस पर सुबह 9 बजे एक साथ सभी बूथों पर ध्वजारोहण किया गया। मंडल महामंत्री ने बताया कि स्थापना दिवस पर पार्टी के कार्यकर्ता नगर के सभी मतदान केंद्रों पर एकत्रित हुए।

भाजपा ने देश हित में काम किया: पटवा

वार्ड एक तथा तीन में भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, वार्ड 4 के विधानसभा विस्तारक राधेश्याम श्रीवास्तव तथा वार्ड 5 में पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान विधायक सुरेन्द्र पटवा ने कहा कि जनसंघ से भाजपा तक भारतीय जनता पार्टी ने देश हित में काम किया है। इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष बद्रीसिंह चौहान, जीवन सिंह पाल, मंडीदीप मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव, प्रार्थना चौहान, रेखा पाल, शुभम राजपूत, समेत पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

हरिभूमि से चर्चा के दौरान बेहतर स्वास्थ्य के लिए श्रीश्री रविशंकर ने टिप्स बताते हुए कहा

आरोग्य ही जीवन का सबसे बड़ा धन, हम यदि अपने भोजन पर ध्यान दें तो निरोगी बने रहेंगे, हमें एल्कलाइन भोजन ही करना चाहिए

सचिन सिंह बैस ▶▶ भोपाल

आरोग्य ही जीवन का सबसे बड़ा धन है। यदि इस तरह से हम अपने भोजन पर ध्यान दें तो हम निरोगी बने रहेंगे। हम लोग जो भोजन करते हैं वह बहुत ज्यादा एसिडिक होता है। इसको संतुलित करने के लिए हमें एल्कलाइन भोजन करना चाहिए।

हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हम जो खाते हैं उसमें क्या एसिडिक है और क्या एल्कलाइन। हम जितना अनाज खाते हैं वह सब एसिडिक हो जाता है और हम जो सब्जी खाते हैं वह एल्कलाइन होती है। आपको रोज एल्कलाइन पानी पीना चाहिए। यह बात विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हरिभूमि से की चर्चा करते हुए श्री श्री रवि शंकर ने कही। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बेहतर स्वास्थ्य के लिए खास टिप्स बताएं।

विश्व स्वास्थ्य दिवस आज

प्रश्नः एल्कलाइन पानी कैसे बनाते है, क्या इससे दूर हो जाता है जोड़ों का दर्द और सिर दर्द?

उत्तरः एक जग में 1 लीटर पानी रखें। उसमें दो-चार छोटे-छोटे खीरे के टुकड़े और नींबू के दो छोटे-छोटे पीस डाल दें। उसको रात भर रहने दें। सुबह तक वह पानी एल्कलाइन हो जाता है। आप सुबह खाली पेट एल्कलाइन पानी पी सकते हैं। यह भोजन के तुरंत पहले और तुरंत बाद नहीं पीना चाहिए। इस तरह से हमारा ब्लड एल्कलाइन होने लगेगा। ब्लड एल्कलाइन होता है तो ब्लड सरकुलेशन अच्छा होता है। इसके सेवन से आप देखेंगे कि आपके जोड़ों का दर्द, सिर दर्द यह सब दूर हो जाएगा।

प्रश्नः वायरल फीवर में दवाई की बजाए क्या औषधियां खाएं?

उत्तरः जितने भी वायरल फीवर हैं उन सबके लिए हल्दी एक दिव्य औषधि है। हल्दी में एंटी वायरल प्रॉपर्टीज होती हैं। जब कभी आपको वायरल फीवर हो जाता है तो देखिये फिर आपको क्या-क्या टेबलेट खानी पड़ती है? कच्ची हल्दी को थोड़े से नींबू के पानी में रखकर उसको खाने से आप आपने आप को वायरल बुखार के अटैक से बचा सकते हैं। सर्दियों में तुलसी और आंवले का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके सेवन से आपको जुखाम आदि बीमारियां नहीं आएंगी।

प्रश्नः कोलेस्ट्रोल को दूर करने के लिए क्या उपाय हैं?

उत्तरः कढ़ी पत्ता एंटी कोलेस्ट्रोल है। यदि किसी का कोलेस्ट्रोल हाई हो तो कढ़ी पत्ते की चटनी बहुत लाभ दायक होती है। गुजरात में ढोकले के साथ कढ़ी पत्ते की चटनी खाते हैं। कढ़ी पत्ते का प्रयोग शरीर के लिए बहुत उत्तम है। भारत के कई हिस्सों में तली हुई चीजों में कढ़ी पत्ता डाला जाता है।

प्रश्नः कैल्शियम की कमी और थकान के लिए क्या करें?

उत्तरः आपके ब्लड में जो-जो पोषक तत्व चाहिए वह सब सहजन के पत्ते में मौजूद है। यदि आपको किसी विटामिन की कमी है या कैल्शियम की कमी है या आप थकान महसूस करते हैं तो सहजन का उपयोग ये सारी समस्याएं दूर कर सकता है। आयुर्वेद में इसका उपयोग ऊर्जा देने वाली औषधि के रूप में भी किया जाता है। पहले के समय में जब दादी-नानी घी बनाती थीं तो उसमें दो चार सहजन के पत्ते या कढ़ी पत्ते डालती थीं।

प्रश्नः फलों का सेवन कब करना चाहिए?

उत्तरः जब हम भोजन करते हैं उस वक्त हमें फल नहीं खाना चाहिए। विदेशों में लोग भोजन के तुरंत बाद फल खा लेते हैं। यह गलत है। आयुर्वेद इसको नहीं मानता है। आयुर्वेद कहता है फल और सब्जी को अलग-अलग समय पर खाएं। दोनों को मिलाएं नहीं और अगर आपको ज्यादा मोटापा हो तो कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन को अलग-अलग टाइम पर खाएं। इससे आपका वजन नहीं बढ़ेगा।

खबर संक्षेप

भेल में मनाई गई मां कर्मा देवी की जयंती

भोपाल। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी साहू समाज भेल इकाई (सम्बद्ध म.प्र. तैलिक साहू सभा) द्वारा साहू समाज की अधिष्ठात्री देवी मां कर्मादेवी की 1008वीं जयंती शुक्रवार को स्थानीय आगा क्लब गांधी मार्केट पिपलानी में मनाई गई। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। अतिथि प्रदेश की राज्य मंत्री कृष्णा गौर को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश तैलिक साहू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू का भी स्वागत सम्मान किया गया, साथ ही समाज के वरिष्ठजनों को भी सम्मानित किया। साहू समाज भेल इकाई अध्यक्ष विकास साहू ने बताया मां कर्मा देवी की जयंती पर हमने मां कर्मा देवी के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

एमवीएम के पूर्व छात्र आज खेलेंगे फूलों की होली

भोपाल। शासकीय मोती लाल विज्ञान महाविद्यालय पूर्व विद्यार्थी संगठन (एमवीएम एलुमिनी) द्वारा रविवार सुबह 11 बजे से महाविद्यालय के सभागार में फूलों की होली खेली जाएगी। एमवीएम एलुमिनी का होली के अवसर पर होने वाला यह तीसरा बड़ा आयोजन होगा, जिसमें फिर एक बार बड़ी संख्या में पूर्व छात्र भाग लेंगे। एमवीएम के पूर्व विद्यार्थी करीब 3 क्विंटल फूलों से होली खेलेंगे। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और गीत-संगीत भी प्रस्तुत किए जाएंगे। पूर्व छात्रों को जहां एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलेगा, वहीं वह अपनी पुरानी स्मृतियों को भी ताजा करेंगे। पूर्व छात्रों में अनेक ऐसे भी हैं जो वर्तमान में कॉलेज के प्राध्यापक अथवा सेवानिवृत प्राध्यापक भी है। अभी तक लगभग 250 पूर्व विद्यार्थी अपना पंजीयन करा चुके हैं।

मैरिज गार्डन को लगाया दस हजार का जुर्माना

भोपाल। नगर निगम ने प्रदूषण फैलाने वाले वार्ड 83 के सलैया रोड स्थित गार्डन संचालक पर दस हजार का जुर्माना लगाया है। गार्डन संचालक कलियासोत नदी में सीवेज बहा रहा था। इधर अशोका गार्डन सब्जी मंडी स्थित सुलभ जनसुविधा केन्द्र के केयर टेकर ने तय शुल्क से अधिक राशि वसूलने की शिकायत पर 1 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया। केयर टेकर के कर्मचारियों को भी हटवाया। दरअसल निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण को सलैया रोड स्थित केसे मैरिज गार्डन के संचालक सुहैल खान गार्डन का सीवेज नदी में बहाया जा रहा है।

प्रदेश सह प्रभारी ने बूथ पर पार्टी का ध्वज लगाया

भोपाल। लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने भाजपा स्थापना के अवसर पर जबलपुर के राजीव गांधी वार्ड के बूथ क्र. 24 पर पार्टी का ध्वज लगाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प भी दिलाया।

डॉ. बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को बांटे स्कूल बैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार को बुद्धभूमि महाविहार मॉनेस्ट्री में बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में एससी-एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, सर्व समाज के द्वारा जयंती संयुक्त महाउत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न समाज और संघठनों के पदाधिकारियों ने विचार और सुझाव दिए। कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क-जनता क्लासेस के कक्षा 1 से कक्षा 12वीं तक के सभी वर्ग के 100 होनहार छात्र-छात्राओ को निःशुल्क स्कूल बैग, किताब पेन का वितरण किया। इस अवसर पर भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो ने पुण्यनुमोदन कर आशीर्वाद प्रदान किया।

शनि प्रदोष पर बाबा बटेश्वर का हुआ तिल के तेल से अभिषेक

भोपाल। श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट के द्वारा शनि प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का सवा किलो तिल के तेल से अभिषेक कर आम नागरिकों को शनि ग्रह के प्रकोप से बचाने की कामना की गई। वहीं बाबा मुक्तेश्वर का भी अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया गया।

शनि प्रदोष के अवसर पर मंदिर में प्रातः काल भगवान का रुद्राभिषेक शाम 5 बजे सवा किलो तिल के तेल, दूध, गन्ने का रस एवं विजया से अभिषेक, किया।

पूरे प्रदेश में उल्लासपूर्वक मनाया भाजपा का 45वां स्थापना दिवस

64523 बूथों पर फहराया भाजपा का ध्वज प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री ने किया झंडावंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के 45वां स्थापना दिवस शनिवार को पूरे प्रदेश में उल्लासपूर्वक मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम भोपाल स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुआ, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं पार्टी पदाधिकारियों ने पार्टी का ध्वज फहराया। इसके अलावा प्रदेश के सभी 64523 बूथों पर कार्यक्रम हुए। पार्टी नेताओं ने एक दूसरों को मिठाई खिलाकर पार्टी की स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान हर बूथ पर भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर पार्टी का ध्वज फहराया गया। प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने और बूथ विजय पर चर्चा कर माइक्रो डोनेशन, सदस्यता अभियान और लाभार्थी संपर्क किया। इसके अलावा बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में अन्य दलों के कार्यकर्ता व नागरिकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी एवं आभार प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने माना। इस अवसर पर मंत्री कृष्णा गौर, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे।

खास बातें

- भाजपा प्रदेश कार्यालय में वीडी शर्मा और पदाधिकारियों ने पार्टी का ध्वज फहराया
- पार्टी नेताओं ने मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं

कांग्रेसी बहुत चालक और झूठे हैं, सजग रहकर इन्हें सबक सिखाना है: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव में कांग्रेस मैदान छोड़ रही है। गुरुवार को ही खजुराहो से इंडी गठबंधन की सहयोगी पार्टी सपा की प्रत्याशी का नामांकन निरस्त हो गया है। मोदी की आंधी के कारण कांग्रेस और उसके सहयोगी भी घबरा गए हैं। इसलिए प्रत्याशी ने जानबूझकर नामांकन आवेदन के कॉलम को खाली छोड़ा था, जिससे जमानत जब्त होने के कलंक से बच सकें। भाजपा के विकास कार्यों के आगे कांग्रेस धराशाही हो गई है। आज पूरा देश और प्रदेश मोदी मय हुआ है। उन्होंने कहा कि एक कांग्रेसी पहले ही मैदान छोड़कर चले गए हैं और दूसरे पैदल-पैदल चल रहे हैं। हमें इनसे सावधान रहना है, दुश्मन बहुत चालाक है, वह झूठ बोलता है, फरेब करता है, हमें सजग रहकर इन्हें सबक सिखाना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं कल कांग्रेस का घोषणा पत्र देख रहा था, जिसमें कांग्रेस ने उल्लेख किया कि नई शिक्षा नीति में संशोधन करेंगे। कांग्रेस को ऐसा करके शर्म भी नहीं आती। यह वही कांग्रेस है जिसने पाठ्यक्रमों से भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण के इतिहास को हटाकर हमारी सनातन संस्कृति के साथ खिलवाड़ किया था, जिसने भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा का न्यौता ठुकरा दिया, उससे क्या उम्मीद की जा सकती है।

विधायक रामेश्वर ने अपने घर पर लगाया पार्टी का झंडा

भाजपा के स्थापना दिवस पर विधायक रामेश्वर शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विधानसभा के सभी 348 बूथों पर स्थापना पर्व मनाया। विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी सुबह अपने घर पर भाजपा का झंडा फहराया और मिठाई बांटी। इसके बाद विधानसभा के विभिन्न बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। स्थापना दिवस पर मध्यप्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत शर्मा ने भी मेंडौरा के कांग्रेस नेता लक्की तोमर सहित 65 नागरिकों को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

गुलामी के प्रतीक कांग्रेस को बूथ पर समाप्त करना है: शर्मा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि हमें प्रदेश में हर बूथ पर 370 नए मतदाता जोड़ना है और 10 प्रतिशत वोट शेयर बढ़ाकर नया इतिहास रचना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुलामी के प्रतीकों को देश से हटा दिया है। देश में गुलामी की एक ही प्रतीक कांग्रेस बची है, जिसे चुनाव में हर बूथ पर समाप्त करना है। हमें हर बूथ पर 370 नए सदस्य जोड़कर पार्टी के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि देनी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए एक-एक कार्यकर्ता की बड़ी भूमिका है। आज पार्टी तकनीक से युक्त एवं सर्वस्पर्शी पार्टी बन गई है। हर बूथ डिजिटल बूथ बन गया है। पार्टी के शून्य से शिखर तक पहुंचने में एक-एक कार्यकर्ता की तपस्या जुड़ी है। हम सौभाग्यशली है कि देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के बूथ अध्यक्ष, समिति सदस्य व कार्यकर्ता हैं।

मैनिट ग्रेजुएट्स को बैंकिंग फर्मों में मिले शीर्ष पद

स्नातक बैच के लिए प्लेसमेंट के परिणाम घोषित, 35 से अधिक छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) 2024 के स्नातक बैच के लिए प्लेसमेंट के परिणाम घोषित किया है। इसके अनुसार इस साल संस्थान में कैंपस प्लेसमेंट के लिए कई प्रतिष्ठित कंपनियां आईं, जिन्होंने कई छात्रों का चयन किया।

मुख्य रूप से जेपी मॉर्गन चेज और डॉयचे बैंक ने फाइनल वर्ष के कुल 35 से अधिक छात्रों का प्लेसमेंट के लिए और प्री-फाइनल वर्ष के करीब 30 छात्रों का इंटर्नशिप के लिए चयन किया। वैल्स फार्गो और गोल्डमैन सॅक्स ने 24-24 लाख रुपए के पैकेज पर 7-7 छात्रों का चयन किया। बड़ी कंपनियों में से एक पाइनलैब्स ने 22 लाख रुपए के पैकेज पर और ब्लैकरॉक और पिरामल ने 12-12 लाख रुपए के पैकेज पर मैनिट से छात्रों का चयन किया। कई भारतीय बैंक जैसे एसबीआई, एचडीएफसी, एक्सिस बैंक आदि ने भी प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया।

24-24 लाख रुपए के पैकेज पर 7-7 छात्रों का चयन

आयुषि तोमर

देवांश कापड़ी

पराग झुनझुनवाला

मैनिट के छात्रों को विभिन्न विभागों में मिली इंटर्नशिप

ट्रेनिंग प्लेसमेंट सेल की हेड डॉ. अरुणा सक्सेना ने बताया कि डायरेक्टर प्रो. केके शुक्ला एवं एलुमिनि सेल के प्रेसिडेंट बिप्लब डे और उनकी टीम के मार्गदर्शन से मैनिट के छात्रों को विभिन्न विभागों में इंटर्नशिप मिली। उन्होंने कहा कि मैनिट अधिक से अधिक एलुमिनि के साथ लगातार संपर्क में है, ताकि वे उनसे जुड़ें और छात्रों की यथासंभव मदद करें। डॉ. अरुणा सक्सेना ने बताया कि अन्य क्षेत्रों की तुलना में बैंकिंग क्षेत्र की कंपनियां नौकरी की स्थिरता और आकर्षक पैकेज प्रदान करती हैं, जो छात्रों को उनके कॅरियर के शुरुआती चरण में प्रोत्साहित करती हैं। संस्थान में बैंकिंग कंपनियों ने विविध भूमिकाओं जैसे टेक्नोलॉजी, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, और प्रोडक्ट मैनेजमेंट के लिए छात्रों का चयन किया। यह तमाम विषय बीटेक डिग्री के तहत छात्रों के पाठ्यक्रम में पढ़ाए जाते हैं। नमन शर्मा का वेल्स फार्गो, आयुषि तोमर जेपीएमसी, देवांश कापड़ी, गोल्डमैन सॅक्स, पराग झुनझुनवाला का डायचे बैंक में चयन हुआ है। इसके अलावा वर्तमान दौर में उपभोक्ता सेवाओं को सुधारने के क्रम में बैंकों द्वारा टेक्नोलॉजी का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में बैंकों ने मैनिट से एआई, मशीन लर्निंग ब्लॉकचेन और साइबर सिक्योरिटी में निपुण छात्रों का चयन किया।

ई-प्रवेश पोर्टल पर शुल्क की जानकारी अपलोड करने के आदेश जारी

भोपाल। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को ई प्रवेश पोर्टल पर शुल्क की जानकारी अपलोड करने के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश में कहा कि सत्र 2023-24 में ई-प्रवेश पोर्टल पर महाविद्यालय की प्रोफाइल अद्यतन के समय एमपीटास पोर्टल को भेजे जाने वाली शुल्क की जानकारी त्रुटिपूर्ण अंकित की है।

विभागीय लॉगिन पर शुल्क संशोधन की सुविधा उपलब्ध नहीं है। सत्र 2024-25 में ई प्रवेश पोर्टल पर कॉलेज की प्रोफाइल अद्यतन करने की सुविधा जारी ह। इस लिए सभी पाठ्यक्रमों की शुल्क जानकारी अपलोड करते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि पोर्टल पर अपलोड की गई शुल्क त्रुटिरहित है।

सम्मेलन में 7 राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शामिल

चुनाव आयोग ने दिए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत चुनाव आयोग ने मप्र के नगर निगम आयुक्तों और जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने मतदाता जा ग रु क ता कार्यक्रम को एक अभियान के रूप में संचालित करने को कहा है, जिससे मतदाता मतदान करने के लिए स्वयं प्रेरित हों। सम्मेलन में 7 राज्यों कर्नाटक, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना और पंजाब के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भी वर्चुअली शामिल हुए।

नई दिल्ली में 'मतदान में कम सहभागिता विषय पर सम्मेलन' आयोजित

नई दिल्ली में शनिवार को 'मतदान में कम सहभागिता विषय पर सम्मेलन' में प्रमुख शहरों के नगर निगम आयुक्तों और कुछ जिला निर्वाचन अधिकारियों ने मतदाता भागीदारी बढ़ाने की दिशा में अतिरिक्त प्रयास करने के लिए एक साथ विचार-विमर्श किया। इस मौके पर दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, पुणे, ठाणे, नागपुर, पटना साहिब, लखनऊ और कानपुर के नगर निगम आयुक्तों शामिल हुए।

बिग अपडेट 24 कॉन्फ्रेंस में आए देशभर से एक्सपर्ट, बोले- कैंसर को डेवलप होने में लगते हैं बरसों

कैंसर से बचने 45 के बाद हर व्यक्ति कराएं एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी जांच: डॉ. संजय

एल्कोहल, तंबाकू, मोटापा, फास्टफूड और स्मोकिंग से बढ़ रहा लिवर व पेट कैंसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैंसर से बचना है तो सबसे पहले लाइफ स्टाइल में सुधार करना बेहद जरूरी है। जंकफूड से दूरी बनाकर और फिजिकल एक्टिविटी करें तो खतरे को कम किया जा सकता है।

इसके अलावा 45 साल की आयु के बाद हर व्यक्ति को एंडोस्कोपी और कोलोनोस्कोपी जांच जरूर करानी चाहिए। वहीं जांच करने के लिए भी एक तय प्रोटोकॉल होना चाहिए, जिससे कई कैंसर को फर्स्ट स्टेज पर ही पकड़ा जा सकता है, जिससे बीमारी को जड़ से और कम समय में खत्म किया जा सकता है। इससे इलाज का खर्च भी कम होगा। यह जानकारी गैस्ट्रोएंटरोलॉजी पर दो दिवसीय बिग अपडेट 24 कॉन्फ्रेंस के दौरान डॉ. संजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि एल्कोहल के सेवन, तंबाकू, मोटापा की समस्या, फास्टफूड खाने व स्मोकिंग आदि से देश में लिवर व पेट कैंसर की समस्या बढ़ रही है। गैस्ट्रोकेयर फाउंडेशन द्वारा इंडियन सोसाइटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (एमपी चैप्टर) के सहयोग से आयोजित सम्मेलन में भोपाल से लेकर देशभर से विशेषज्ञ शामिल हुए।

कैंसर के डिटेक्शन में एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड महत्वपूर्ण

एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड कैंसर के डिटेक्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब हम अल्ट्रासाउंड बाहर से करते हैं तो थोडी दूरी हो जाती है, जबकि एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड में अंदर तक का अल्ट्रासाउंड आ जाता है। छोटी स्टोन तक इससे दिख जाता है। जब हम आर्गन के पास होते हैं तो इसका सैंपल भी ले सकते हैं। खून की नली तक को देख सकते हैं, बायोप्सी ले सकते हैं।

डॉ. विनय धीर, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, मुंबई

गार्ड ब्लैडर का कैंसर भोपाल में काफी बढ़ा

लाइफस्टाइल में चेंज की वजह से कैंसर हो रहा है। पान गुटका तंबाकू, शराब आदि प्रमुख कारण हैं। गार्ड ब्लैडर का कैंसर भोपाल में काफी हो रहा है। हालांकि लोगों में जागरुकता बढ़ रही है, लेकिन वह नाकाफी है। भोपाल में कैंसर के इलाज की सुविधाएं बढ़ी हैं।

डॉ. सीसी चौबल, भोपाल

90 प्रतिशत मौतों को कम किया जा सकता है

कैंसर से होने वाली मौतों को कम किया जा सकता है। इसका कारण देर से कैंसर डिटेक्ट होना है। अगर हम जल्द पता लगा लें तो कैंसर से होने वाली मौतों को 90 प्रतिशत तक कम किया जा सकेगा। किस तरह एंडोस्कोपी तकनीक को सुधारा जाए। हम इस पर जापान का भी सहयोग ले रहे हैं, जिससे हम एक ऐसा प्रोटोकॉल तैयार कर सकें कि एंडोस्कोपी की जांच के दौरान ही गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी यानी पेट व आसपास के अंगों के कैंसर की पहचान जल्द हो सके।

डॉ. मोहन रामचंदानी, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट, हैदराबाद

आने वाले समय में सौ फीसदी इलाज होगा

कैंसर को लेकर बीते दो दशकों में कई स्तर पर काम हुआ है। आज हम कई कैंसर का सफल इलाज कर रहे हैं। आने वाले समय में सभी कैंसर का सौ फीसदी इलाज मौजूद होगा। कैंसर के मामले बढ़े हैं यह सच है, लेकिन एक बात यह भी है कि आज ज्यादा कैंसर के मामलों की पहचान भी हो रही है। यही वजह है कि कैंसर के मरीजों की संख्या तेजी के साथ बढ़ी है।

डॉ. सलीम नाइक, जीआई सर्जन, दिल्ली

पीएम ने इशारों-इशारों में कांग्रेस ,खासकर राहुल पर बड़ा हमला किया

काठ की हांडी को कितनी बार चढ़ाएंगे विपक्षी, हम शक्ति की कर रहे पूजा और विपक्षी गठबंधन शक्ति को खुलेआम दे रहा चुनौती

पीएम ने राम-राम से मंच पर पहुंचकर संबोधन शुरू कर कहा कि दुनिया भर में देश का डंका बज रहा है। हमारा स्थान मां शक्ति का स्थान है। विपक्षी गठबंधन के लोग खुलेआम चुनौती दे रहे हैं कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है।

एजेंसी ▶▶ सहारनपुर/ अजमेर

पीएम नरेंद्र मोदी ने सहारनपुर की धरती से चुनावी शंखनाद किया। पीएम की रैली दिल्ली रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग मैदान में आयोजित की गई।

यहां जनसभा स्थल के मंच से पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत राम-राम से की और मां शाकंभरी देवी को नमन किया। पीएम मोदी ने राम-राम से मंच पर पहुंचकर अपना संबोधन शुरू कर कहा कि दुनिया भर में देश का डंका बज रहा है। हमारा स्थान मां शक्ति का स्थान है। विपक्षी गठबंधन के लोग खुलेआम चुनौती दे रहे हैं कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। क्या कोई शक्ति को खत्म कर सकता है? जिन-जिन लोगों ने शक्ति को खत्म करने का काम किया है, वह इतिहास में दर्ज है।

मैंने गारंटी दी थी, देश नहीं झुकने दूंगा

पीएम ने कहा कि याद कीजिए 2014 के वो दिन, उस समय देश घोर संकट के दौर से गुजर रहा था। मैंने उस समय गारंटी दी थी कि देश झुकने नहीं दूंगा, हर स्थिति को बदलूंगा। निराशा को आशा और आशा को विश्वास में बदलूंगा। आपने अपने आशीर्वाद में कोई कमी नहीं रखी। याद कीजिए तब हमारा भारत 11वें नंबर की ताकत था। अब मोदी ने 5वें नंबर की ताकत बना दिया है। पूरे विश्व में देश का डंका बज रहा है।

आज दुनिया में बज रहा भारत का डंका

राष्ट्रनीति पर चलती है भाजपा

पीएम मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन कमीशन और मोदी सरकार मिशन के लिए है। ये मोदी का डंका नहीं, आप लोगों का है। हिंदुस्तान के हर कोने से एक ही आवाज आ रही है, फिर एक बार मोदी सरकार। भाजपा ने लोगों का दिल जीता है। इसका सबसे बड़ा कारण है भाजपा राजनीति नहीं राष्ट्रनीति पर चलती है।

गरीब कल्याण हमारे लिए मिशन रहा

पीएम ने कहा कि राष्ट्र प्रथम हमारे संकल्प में है। देशहित से बड़ा कुछ भी नहीं हो सकता। भाजपा से लोग एक निशान के लिए जुड़ते हैं। गरीब कल्याण हमारे लिए मिशन रहा है। भाजपा ने गरीब के जीवन से अंधेरा दूर किया। आने वाले पांच वर्ष मुफ्त राशन की गारंटी दी है। 10 वर्ष में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकल पाए हैं, जो लोग कई दशक में नहीं कर पाए, वो भाजपा ने 10 वर्ष में कर दिया।

विपक्ष का मिशन- भ्रष्टाचारी बचाओ

मोदी का हर पल देश के नाम है। आपका बेटा या बेटी नौकरी के योग्य है और भ्रष्टाचार करके उसकी नौकरी किसी और को दे दी जाए तो उनका भविष्य बर्बाद हो जाएगा। भ्रष्टाचारी मोदी को धमकी दे रहे हैं। हम हैं जिनका मिशन है भ्रष्टाचार हटाओ, उनका मिशन है भ्रष्टाचारी बचाओ। ये मोदी है, पीछे हटने वाला नहीं है। भ्रष्टाचार पर कारवाई जारी रहेगी, ये मोदी की गारंटी है।

कांग्रेस के घोषणा पत्र में पूरी तरह मुस्लिम लीग की छाप

पीएम ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में वही सोच झलकती है, जो आजादी के आंदोलन के समय मुस्लिम लीग में थी। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में पूरी तरह मुस्लिम लीग की छाप है और इसका जो कुछ हिस्सा बचा रह गया, उसमें वामपंथी हावी हो चुके हैं।

कश्मीर में जो पत्थर फेंके गए

उनसे कश्मीर का निर्माण कराया

पीएम ने कहा कि जितनी भी सरकारें रही कमीशन खाने को प्राथमिकता दी। अयोध्या मे रामलला का मंदिर चुनावी घोषणा नहीं, मेरा मिशन रहा है। जम्मू कश्मीर से 370 हटाना हमारा मिशन रहा है। कश्मीर में जो पत्थर फेंके गए, उनसे कश्मीर का निर्माण कराया। विकसित भारत का निर्माण किया जा रहा है। सबका साथ और सबका विकास और सबका विश्वास ही हमारा मंत्र है।तीन तलाक कानून को खत्म कर पूरे मुस्लिम परिवार को बचा लिया है। मुस्लिम बेटियां मोदी को आशीर्वाद देती रहेंगी।

अजमेर में गरजे मोदी

भाजपा नए भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध, अबकी बार 400 पार

भाजपा के स्थापना दिवस पर मोदी ने राजस्थान की ऐतिहासिक तीर्थनगरी पुष्कर की पवित्र धरा से कहा कि भाजपा नए भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जगत पिता ब्रह्मा, भक्त शिरोमणि मीरा बाई और वीर तेजाजी समेत अन्य स्थानीय लोक देवताओं को याद करते हुए कहा कि पुष्कर से कमल का सदियों पुराना संबंध है। उन्होंने महिलाओं को बार-बार नमन करते हुए बेटियों के सफलताओं को गिनाया। लोगों ने कहा अबकी बार 400 पार।

घोषणा पत्र में बेनकाब हुई कांग्रेस की सच्चाई

पुष्कर पीएम ने कहा साथियों कल कांग्रेस के ने एक झूठ का पुलिंदा जारी किया है। कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में भारत के टुकड़े करने की बू आती है। झूठ का यह पुलिंदा कांग्रेस की एक बहुत बड़ी सच्चाई, कांग्रेस को बेनकाब करने वाला घोषणा पत्र है। आप देखिए हर पन्ने पर भारत के टुकड़े करने की बू आ रही है।

वित्तमंत्री सीतारमण का विपक्ष पर हमला

कांग्रेस घोषणापत्र के वादे पूरा करने पैसा कहां से लाएगी? कर्नाटक में सभी ने देखा

बेंगलुरु। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में कई जगहों पर विरोधाभासी बातें हैं। कांग्रेस ऐसे वादे कर रही है, जो अगर पूरे हुए तो बजट में इतना घाटा हो जाएगा कि पैसा ही नहीं बचेगा। निर्मला ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर मैं सिर्फ कर्नाटक का उदाहरण देती हूं विधानसभा चुनाव जीतने के लिए उन्होंने बहुत बड़े वादे किए थे। उन घोषणापत्रों ने उन्हें जिताया, लेकिन डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने खुद कहा था कि उनके पास विकास के लिए पैसा नहीं है। यह है इनका वादा।

सीएम सरमा ने जोरहाट में प्रचार के दौरान किया डांस

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा को जोरहाट के टिटाबोर बोकाहोला बागीसा में एक चुनाव अभियान के दौरान मंच पर नृत्य करते देखा गया। यह प्रचार रैली जोरहाट संसदीय क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार टोपोन कुमार गोगोई के समर्थन में थी। सरमा ने उत्साहपूर्वक तालियां बजाईऔर एक लोकप्रिय झुमुर गीत पर नृत्य किया।

जयपुर में खरगे और प्रियंका की सभा

पीएम झूठों के सरदार, हमारा गारंटी शब्द चुराया

लोकसभा चुनाव को लेकर जयपुर में कांग्रेस की जनसभा हुई। अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगेऔर प्रियंका गांधी समेत अन्य नेताओं ने सभा को संबोधित कर भाजपा और पीएम पर हमला बोला। खरगे ने पीएम को झूठों का सरदार बताया, साथ ही उन पर गारंटी शब्द को चोरी करने का आरोप भी लगाया। मोदी संविधान बदलना चाहते हैं।

प्रियंका बोलीं- आज देश के हालात क्या हैं?

प्रियंका गांधी ने भाजपा और मोदी सरकार पर तीखे प्रहार किए। प्रियंका ने कहा- कांग्रेस का घोषणा पत्र एक सूची नहीं है, यह संघर्ष की आवाज है। आज देश की परिस्थितियां क्या हैं? आप सब अच्छी तरह जानते हैं। 45 सालों में इतनी बेरोजगारी नहीं रही जितनी आज है।

महाराष्ट्र के 440 मतदान केंद्रों का नियंत्रण महिलाओं के हवाले

केंद्रीय चुनाव आयोग के 'महिला नियंत्रित मतदान केंद्र' स्थापित करने के आदेश के अनुसार महाराष्ट्र में 440 मतदान केंद्रों का नियंत्रण महिलाओं के हवाले कर दिया गया है। लैंगिक समानता और मतदान प्रक्रिया में महिलाओं की अधिक रचनात्मक भागीदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत, आगामी लोकसभा चुनावों के लिए महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केंद्र होंगे। इन मतदान केंद्रों पर तैनात पुलिस से लेकर चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारी और कर्मचारी तक सभी महिलाएं होंगी।

खबर संक्षेप

ओडिशा के एनटीपीसी के प्लांट में लगी आग

अनुगुल। ओडिशा के अनुगुल जिले के तालचेर के कनिहा में स्थित एनटीपीसी के प्लांट में

शनिवार को भीषण आग लग गई। आग एनटीपीसी प्लांट में कन्वेयर बेल्ट में लगने की सूचना थी। इसकी सूचना फायरब्रिग्रेड को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की कई गाड़ियां पहुंचीं। घटना के बाद पूरा क्षेत्र धुएं से भर गया है, जिससे कर्मचारियों और निवासियों में दहशत फैल गई।

सिसोदिया 18 अप्रैल तक तिहाड़ में ही रहेंगे

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाला मामले से

जुड़े धनशोधन के एक मामले में आप के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत शनिवार को 18 अप्रैल तक बढ़ा दी। सिसोदिया को कोर्ट के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ाने का आदेश दिया। उनकी अर्जी को खारिज कर दिया।

नदी में नहाने गए 5 बच्चे डूबे, 2 भाइयों की मौत

बाराबंकी। यूपी के बाराबंकी जिले में बड़ा हादसा हो गया। नदी में नहाने गए 5 बच्चे अचानक डूबे

गए। आनन-फानन में परिजन और गांव के अन्य लोगों ने गोताखोरों को बुलाया। गोताखोरों ने 2 भाइयों को बाहर निकाला। दो की मौत हो गई, जबकि तीन बच्चे अभी भी लापता हैं। टिकैत नगर थाना क्षेत्र के चिर्रा गांव के समीप स्थित सरयू में नहाने गए थे।

लोकसभा चुनाव से पहले जजों को सीजेआई चंद्रचूड़ की सलाह

वकीलों और जजों को संविधान के प्रति वफादार, गैरपक्षपातपूर्ण होने होना चाहिए

नागपुर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के शताब्दी समारोह में यह कहा

एजेंसी ▶▶ नागपुर

लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, हर भारतीय का झुकाव किसी न किसी राजनीतिक विचारधारा की तरफ होता है। देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि वकीलों और जजों को संविधान के प्रति वफादार होना चाहिए।

उन्होंने जोर दिया कि जजों को गैर-पक्षपातपूर्ण होने होना चाहिए। सीजेआई ने नागपुर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के शताब्दी समारोह में कहा कि हमारे जैसे जीवंत और तर्कपूर्ण लोकतंत्र में, ज्यादातर लोगों का झुकाव किसी न किसी राजनीतिक विचारधारा की तरफ होता है। अरस्तू ने कहा था कि मनुष्य राजनीतिक प्राणी हैं और वकील कोई अपवाद नहीं हैं। देश के चीफ जस्टिस ने कहा कि न्यापालिका बार-बार अपनी अपनी स्वतंत्रता और गैर-पक्षपातपूर्णता, कार्यपालिका, विधायिका और निहित राजनीतिक हितों से शक्तियों के पृथक्करण के लिए आगे आई है।

बार काउंसिल सदस्यों को चीफ जस्टिस की सलाह

हमको यह नहीं भूलना चाहिए कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बार की स्वतंत्रता के बीच गहरा संबंध है। उन्होंने कहा कि एक संस्था के रूप में बार की स्वतंत्रता. क़ानून के शासन और संवैधानिक शासन की रक्षा के लिए नैतिक कवच के रूप में कार्य करती है।

सीजेआई ने पूछा यह सवाल

महिलाएं क्यों नहीं लड़ रहीं बार एसोसिएशन या बार काउंसिल का चुनाव?

सीजेआईचंद्रचूड़ ने पूरे भारत में बार काउंसिल और बार एसोसिएशन में महिलाओं की कमी को लेकर सवाल उठाए। सीजेआई ने कहा कि वकीलों का प्रतिनिधित्व करने वाले निकायों में महिलाओं के चुनाव ठीक माहौल नहीं है। ओल्ड बॉय क्लब को अभी भी कायम रखा जा रहा है। सीजेआई ने कहा कि हालांकि, महिला वकीलों की संख्या में अच्छी खासी बढ़ोतरी हुई है, लेकिन यह निर्वाचित बार काउंसिल और बार एसोसिएशन में देखने को नहीं मिलता है।

फैसला सार्वजनिक संपत्ति हो जाता है

सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठों के फैसले कठोर कार्यवाही, संपूर्ण कानूनी विश्लेषण और संवैधानिक सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक बार फैसला सुनाए जाने के बाद, यह सार्वजनिक संपत्ति हो जाता है। एक संस्था के रूप में हमारे कंधे चौड़े हैं। हम तारीफ और आलोचना, दोनों को स्वीकार करते हैं। यह भले ही पत्रकारिता, राजनीतिक टिप्पणी या सोशल मीडिया के माध्यम से ही क्यों न हो? अदालत के फैसलों पर प्रतिक्रिया करते समय आम लोगों की तरफ टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

केरल में कथित मॉब लिंचिंग का मामला

प्रवासी मजदूर को खंभे से बांध पीटा, मौत, 10 लोग गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ मुवातुपुझा

केरल के मुवातुपुझा में एक मॉब लिंचिंग का एक कथित सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया गया है कि यहां दो दिन पहले भीड़ ने एक प्रवासी मजदूर की पीट-पीटकर हत्या कर दी है।

पुलिस ने 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान अशोक दास (24) के तौर पर की गई है। वह अरुणाचल प्रदेश का रहने वाला बताया गया है। बताया गया है कि वह नौकरी के लिए केरल आया था और मुवातुपुझा के करीब वलकम में एक किराए के घर में रह रहा था।

इलाज के दौरान हो गई मौत

पुलिस ने जो एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार दास को एक खंभे में बांधकर पीटा गया। वह इलाके में ही रहने वाली एक महिला मित्र से मिलने गया था। लोगों ने खंभे पर बांधकर जबरदस्त तरीके से पीटा। बाद में उसे करीब के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत बिगड़ने के बाद उसे कोलेंचेरी मेडिकल कॉलेज में शिफ्ट किया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

महिला को अर्धनग्न कर गलियों में दौड़ाया

महिला आयोग ने भी रिपोर्ट तलब की

तरनतारन। यहां से एक बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां एक युवक के प्रेम विवाह का खामियाजा उसकी मां को भुगतना पड़ा। कस्बा वल्टोहा की रहने वाली एक युवती के साथ प्रेम विवाह करने वाले युवक की मां को अर्धनग्न कर गलियों में दौड़ाया। कुछ लोगों ने इसका वीडियो बनाकर इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने 3लोगों को नामजद कर कुल 5लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वहीं, इस शर्मनाक घटना पर महिला आयोग ने भी रिपोर्ट मांग ली है।

भाजपा का स्थापना दिवस

नड्डा ने फहराया झंडा और 'दिग्गजों' को किया याद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शनिवार को भाजपा का स्थापना दिवस था। इस मौके पर अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में झंडा फहराया। नड्डा ने भाजपा के दिग्गज नेताओं को याद किया। पीएम ने सुबह ही संदेश जारी करके कहा कि पार्टी को यहां तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं का योगदान है। पार्टी राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर चलती है।

राज्यसभा सदस्य के रूप में ली शपथ

नड्डा ने शनिवार को राज्यसभा के सदस्य के तौर पर शपथ ली। वे गुजरात से राज्यसभा सांसद चुने गए थे। इससे पहले भाजपा अध्यक्ष ने हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य के तौर पर इस्तीफा दे दिया था। भाजपा के अध्यक्ष नड्डा उन 57 राज्यसभा सांसदों में एक हैं जिनका कार्यकाल अप्रैल महीने में समाप्त हो गया था। अब उन्होंने गुजरात सीट से राज्यसभा के सदस्य के तौर पर शपथ ग्रहण की है।

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के समारोह में बोले

समानता के मुद्दे पर भारत को किसी से उपदेश की जरूरत नहीं

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने 2023 बैच के आईएएस अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित किया

एजेंसी ▶▶ मसूरी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को एक दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे। उन्होंने मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के समारोह में शिरकत की।

अकादमी में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के प्रथम चरण के समापन पर 2023 बैच के आईएएस अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने युवाओं से ऐसे तथ्यात्मक रूप से अस्थिर राष्ट्र-विरोधी आख्यानों के रणनीतिक आयोजन का खंडन करने का आह्वान किया।

खास बात

- उपराष्ट्रपति ने युवाओं से ऐसे तथ्यात्मक रूप से अस्थिर राष्ट्र-विरोधी आख्यानों के रणनीतिक आयोजन का खंडन करने को कहा

सीएए किसी को नागरिकता से वंचित नहीं करता

नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के बारे में फैलाई जा रही झूठी कहानी और गलत सूचना के प्रति आगाह करते हुए धनखड़ ने कहा कि सीएए न तो किसी भी भारतीय नागरिक को उसकी नागरिकता से वंचित करना चाहता है, न ही यह पहले की तरह किसी को भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने से रोकता है। यह उल्लेख करते हुए कि सीएए पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों के लिए भारतीय नागरिकता के अधिग्रहण की सुविधा प्रदान करता है, उपराष्ट्रपति ने कहा किहमारे पड़ोस में उनकी धार्मिक प्रतिबद्धता के कारण सताए गए लोगों को यह राहत, उपचारात्मक स्पर्श भेदभावपूर्ण कैसे हो सकता है?

हमें इन आख्यानों को बेअसर करना होगा

यह देखते हुए कि सीएए उन लोगों पर लागू होता है, जो 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत आए थे, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह आमद का निमंत्रण नहीं है। उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि हमें इन आख्यानों को बेअसर करना होगा।

विशेषाधिकार प्राप्त वंशावली अब गलियों में सड़ रही

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि विशेषाधिकार प्राप्त वंशावली अब गलियों में सड़ रही है। कुछ विशेषाधिकार प्राप्त वंशावली पहले सोचते थे कि वे कानूनी प्रक्रिया से प्रतिरक्षित हैं और कानून उन तक नहीं पहुंच सकता है, उपराष्ट्रपति ने सवाल किया कि हमारे जैसे लोकतांत्रिक देश में कोई दूसरों की तुलना में अधिक समान कैसे हो सकता है? इस क्रांति में सिविल सेवकों के योगदान को मान्यता देते हुए उन्होंने युवा अधिकारियों से कहा कि कानून के समक्ष समानता जो लंबे समय से हमसे दूर थी और भ्रष्टाचार जो प्रशासन की नसों में खून की तरह बह रहा था, अब अतीत की बात है।

सोशल मीडिया के समय में महाद्वीप पर पहुंचेंगे पत्र

अंटार्कटिका में डाक विभाग खोलेगा दूसरी शाखा, भारतीय पिन कोड एमएच-1718 के नाम से लोग भेज सकेंगे पत्र

एजेंसी, नई दिल्ली। लगभग चार दशक बाद अंटार्कटिका के लिए आने वाले पत्रों में अब एक नया पिन कोड एमएच-1718 होगा। डाक विभाग अंटार्कटिका में भारती अनुसंधान स्टेशन पर डाकघर की दूसरी शाखा खोलेगा। अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में दिया गया कोड प्रयोगात्मक है, जो एक नई शाखा शुरू होने का मानक है।

एनसीपीओआर को भेजे जाते हैं पत्र

अंटार्कटिका पर भारत के दो अनुसंधान अड्डे-मैत्री और भारती दोनों 3,000 किमी दूर स्थित हैं। ये दोनों शाखाएं विशेष रूप से गोवा पोस्टल डिविजन का हिस्सा हैं। डाक विभाग के एक अधिकारी ने कहा, "आम तौर पर अंटार्कटिका में डाकघर के लिए आने वाले पत्र गोवा में भारत के ध्रुवीय अभियानों के लिए नोडल एजेंसी राष्ट्रीय ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान केंद्र (एनसीपीओआर) को भेजे जाते हैं। जब महाद्वीप के लिए एक वैज्ञानिक अभियान एनसीपीओआर से रवाना होता है, तो आमतौर पर एक शोधकर्ता को पत्रों की खेप ले जाने का काम सौंपा जाता है। अनुसंधान केंद्र पर पत्रों को 'रद्द' कर दिया जाता है, वापस लाया जाता है और डाक के माध्यम से वापस कर दिया जाता है।'

1984 में पहला डाकघर किया था स्थापित

1984 में अंटार्कटिका पर भारत की पहली चढ़ाई के तुरंत बाद बर्फीले महाद्वीप पर इसका पहला डाकघर दक्षिण गंगोत्री में स्थापित किया गया था। यह वहां देश का पहला वैज्ञानिक बेस था। एक साल के अंदर इस ऐतिहासिक डाकघर में लगभग 10,000 पत्र और मेल पोस्ट किए गए और 'रद्द' किए गए।

अंटार्कटिका केवल वैज्ञानिक खोजे के लिए है

एनसीपीओआर के पूर्व वैज्ञानिक एम सुधाकर ने कहा कि अंटार्कटिका पर अटलांटिक संधि लागू है, जो किसी भी देश के क्षेत्रीय दावों को अलग रखता है और सैन्य गतिविधि या परमाणु परीक्षण पर प्रतिबंध लगाता है और तय करता है कि महाद्वीप का उपयोग केवल वैज्ञानिक अन्वेषण के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आम तौर पर, एक भारतीय डाकघर केवल भारतीय भूमि के अधिकार क्षेत्र में ही हो सकता है। अंटार्कटिका एक ऐसी भूमि पर भारतीय डाकघर खोलने का अनूठा अवसर देता है जो विदेशी है और हमारी नहीं है। इसलिए यह महाद्वीप पर मौजूदगी का दावा करने के बारे में एक रणनीतिक उद्देश्य पूरा करता है।

छाप एकत्र करने का दुर्लभ अवसर

अंटार्कटिका में भारत की डाकघर शाखाओं में अधिकतर पत्र डाक टिकट संग्रह के शौकीनों और संग्रहकर्ताओं द्वारा भेजी जाती है। गोवा क्षेत्र के डाक सेवा निदेशक आरपी पाटिल ने कहा कि डाक टिकटों के संग्रहकर्ता इसे दूरस्थ डाकघर स्थान से टिकट की 'छाप' एकत्र करने के एक दुर्लभ अवसर के रूप में देखते हैं। डाक टिकट संग्रहकर्ताओं की ओर से पत्रों को रद्द करने की हमेशा उच्च मांग रहती है। एनसीपीओआर गोवा के निदेशक डॉ. थंबन मेलोथ ने कहा कि अंटार्कटिका जाने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए डाक टिकट प्राप्त करना एक अनुभव है।

वैज्ञानिक अपने परिवारों को पत्र भेजें

इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ते हुए मुख्य पोस्टमास्टर जनरल महाराष्ट्र सर्कल केके शर्मा ने अंटार्कटिका में वैज्ञानिकों से अपील की कि वे अपने परिवारों और दोस्तों को पत्र पोस्ट करना जारी रखें। शर्मा ने कहा कि इन डाकघरों (दूरस्थ स्थानों में) को लेकर हमेशा बहुत उत्साह रहता है। आजकल व्हाट्सएप और ट्विटर ने इस सब (तकनीक) पर कब्जा कर लिया है। लेकिन लिखित शब्द को कोई हरा नहीं सकता। खासकर जब आप अपने परिवार से इतनी दूर बैठे हों। मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि कृपया इस शानदार अवसर का उपयोग करें, और अपने प्रियजनों को पत्र लिखें। आप यादें बना सकते हैं और वे भौतिक रूप में आपके साथ रहेंगी।

खबर संक्षेप

भारत-सिंगापुर के बीच व्यापार 35.6 अरब डॉलर

सिंगापुर। सिंगापुर और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में बढ़कर 35.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो सालाना आधार पर 18.2 प्रतिशत अधिक है। भारतीय उच्चायोग में प्रथम सचिव (वाणिज्य) टी प्रभाकर ने कहा कि सिंगापुर भारत का आठवां सबसे बड़ा व्यापार भागीदार (2022-23) है, जिसकी भारत के कुल व्यापार में 3.1 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

मालदीव ने भारत का आभार जताया

माले। भारत के मालदीव को आवश्यक वस्तुओं के निर्यात की अनुमति देने पर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह फैसला दीर्घकालिक द्विपक्षीय मित्रता और व्यापार एवं वाणिज्य को बढ़ाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। भारत ने मालदीव को अंडे, आलू, प्याज, चावल, आटा, चीनी, दाल जैसी वस्तुओं के निर्यात को अनुमति दी है।

अमेरिका के ओहायो में भारतीय छात्र की मौत

न्यूयॉर्क। अमेरिकी प्रांत ओहायो में एक भारतीय छात्र की मौत का मामला सामने आया है। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को कहा कि ओहायो के क्लीवलैंड में उमा सत्य साई गड्डे की दुर्भाग्यपूर्ण मौत की खबर से वह बहुत दुखी हैं। दूतावास ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और दूतावास उमा के भारत में रह रहे परिवार के संपर्क में है।

रूसी ड्रोन हमले में 6 की मौत, 10 लोग घायल

कीव। यूक्रेन की राज्य आपातकालीन सेवा ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि दुश्मन के हमले के परिणामस्वरूप छह लोग मारे गए और कम से कम 10 घायल हो गए। खारकीएव के मेयर इगोर तेरखोव ने मरने वालों की संख्या और घायलों की संख्या बताई, साथ ही कहा कि हमले में शहर के उत्तरी इलाके शेवचेनकिवस्की को निशाना बनाया गया था।

बाढ़ की गंभीर स्थिति, 4 हजार लोगों को बचाया

मॉस्को। रूस में यूराल नदी में बाढ़ आने से आसपास के गांवों में पानी प्रवेश कर जाने से बड़ी संख्या में लोग अपने घरों में फंस गए। अत्यधिक पानी के दबाव के कारण एक बांध भी टूट गया। कजाकिस्तान सीमा के पास ओरेनबर्ग क्षेत्र में बांध टूटने के बाद आई बाढ़ के कारण 4,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित बचाया गया। ओरेनबर्ग गवर्नर के कार्यालय ने यह जानकारी दी है।

ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की रिपोर्ट पर विदेश मंत्रालय का पलटवार

'टारगेट किलिंग' भारत सरकार की नीति नहीं है, यह बात पूरी झूठी और दुर्भावनापूर्ण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय विदेश मंत्रालय ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के हवाले से ब्रिटेन के दैनिक 'द गार्जियन' की एक रिपोर्ट में कही गई उन बातों को खारिज किया है जिसमें भारत पर आतंकवादियों को खत्म करने के लिए पाकिस्तान में टारगेट किलिंग करने का आरोप लगाया गया है।

विदेश मंत्रालय ने ब्रिटेन के दैनिक 'द गार्जियन' की एक रिपोर्ट में कही गई उन बातों को खारिज किया है जिसमें भारत पर आतंकवादियों को खत्म करने के लिए पाकिस्तान में टारगेट किलिंग करने का आरोप लगाया गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसे 'झूठा और दुर्भावनापूर्ण भारत विरोधी प्रचार' कहा है। उसने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के कथन का हवाला दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'अन्य देशों में लक्षित हत्याएं' भारत सरकार की नीति नहीं है।'

विदेश मंत्रालय के इनकार का जिक्र द गार्जियन की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दिल्ली ने उन लोगों को निशाना बनाने की नीति लागू की है जिन्हें वह भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण मानता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2019 के पुलवामा हमले के बाद से भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ द्वारा करीब 20 इस तरह की हत्याएं की गईं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि यह पाकिस्तान द्वारा दिए गए सबूतों और सीमा के दोनों ओर के खुफिया अधिकारियों के इंटरव्यू पर आधारित है।

भारत को परेशान करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देंगे

खास बातें
- भारत में आतंकी गतिविधियां करने वालों को नहीं छोड़ेंगे
- आतंकवाद से निपटने के लिए भारत दुनिया का नेतृत्व करने में सक्षम

आतंकवाद दुनिया के लिए बड़ी चुनौती: योगी

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक चुनाव रैली में ब्रिटेन के एक अखबार की एक रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि आतंकवाद दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है और केवल भारत ही इस खतरे से निपटने में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। योगी आदित्यनाथ ने यह टिप्पणी सहारनपुर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए की।

20 हत्याओं को दिया अंजाम

दरअसल, दि गार्जियन की रिपोर्ट में कहा गया कि, 2019 के पुलवामा हमले के बाद से भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ ने 20 हत्याओं की वारदातों को अंजाम दिया। बताया गया कि पाकिस्तान द्वारा दिए गए सबूतों और सीमा के दोनों ओर के खुफिया अधिकारियों के इंटरव्यू पर ही ये रिपोर्ट आधारित है। द गार्जियन की रिपोर्ट में ये भी जिक्र है कि भारत ने उन लोगों को निशाना बनाने की नीति लागू की जिन्हें वह भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण मानता है।

पाक ने लगाए इल्जाम

द गार्जियन ने कहा है कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने कुछ हत्याओं के बारे में दस्तावेज पेश किए हैं, जिन्हें स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका है। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने यह भी दावा किया कि हत्याएं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्थापित भारतीय खुफिया विभाग के स्लीपर सेल द्वारा की गई थीं। हालांकि रॉ के एक पूर्व सीनियर अधिकारी ने इस दावे का खंडन किया है।

भारत मूकदर्शक बनकर नहीं रहेगा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कोई भी आतंकी हमारे पड़ोसी देश से यदि हमारे भारत को परेशान करने की कोशिश करेगा, यहां पर आतंकवादी हरकतें करेगा, तो उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। भारत अब मूकदर्शक नहीं रहेगा। राजनाथ बोले प्रधानमंत्री ने जो भी कहा है वह बिल्कुल सच है। भारत के पास वह ताकत है, और पाकिस्तान को भी इसका एहसास होने लगा है।

भारत ने किसी पर हमला नहीं किया

राजनाथ सिंह ने कहा कि इतिहास उठाकर देख लीजिए। हमने आज तक दुनिया के किसी भी देश पर हमला नहीं किया और न ही किसी देश की एक इंच जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। यही भारत की प्रकृति रही है। लेकिन अगर कोई भारत पर बार-बार आंखें दिखाता है, भारत आकर आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने की कोशिश करता है, तो हम उन्हें नहीं छोड़ेंगे।

भारत समेत 42 देशों ने दिया समर्थन

यूएन में फिलिस्तीनियों के मूलभूत अधिकार की मांग के पक्ष में किया मतदान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने 'फिलिस्तीनी लोगों के आत्म-निर्णय के अधिकार' पर मसौदा प्रस्ताव पारित किया जिसमें भारत समेत 42 सदस्य देशों ने उसके पक्ष में मतदान किया। परिषद के 47 सदस्यों में से दो देशों अमेरिका और पराग्वे ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया जबकि अल्बानिया, अर्जेंटीना और कैमरून मतदान से दूर रहे। प्रस्ताव में 'स्वतंत्रता, न्याय और सम्मान से रहने के फिलिस्तीनी लोगों के अधिकार और स्वतंत्र फिलिस्तीन देश के अधिकार समेत उनके आत्म-निर्णय के अपरिहार्य, स्थायी और पूर्ण अधिकारों' की पुष्टि की गई है।

इसमें संयुक्त राष्ट्र के सभी प्रासंगिक प्रस्तावों समेत अंतर्राष्ट्रीय कानून और अन्य अंतर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकार्य मानकों के अनुसार इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के उचित, व्यापक और स्थायी शांतिपूर्ण समाधान की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

द्वि-राष्ट्र समाधान का समर्थन किया

प्रस्ताव में फिलिस्तीन और इजराइल के शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से रहने के द्वि-राष्ट्र समाधान का भी समर्थन किया गया है जबकि एक दूसरे प्रस्ताव में गाजा में तत्काल युद्धविराम और इजराइल गाजा पट्टी से नाकाबंदी हटाने पर मतदान से कई देश अनुपस्थित रहे। संयुक्त राष्ट्र के मनवाधिकार परिषद द्वारा 'पूर्वी यरूशलम सहित अधिकृत फिलिस्तीनी क्षेत्र में मानवाधिकार की स्थिति और जवाबदेही एवं न्याय सुनिश्चित करने के दायित्व' पर मसौदा प्रस्ताव को स्वीकार किया गया, जिसके पक्ष में 28 मत पड़े। इसके खिलाफ 6 मत पड़े और 13 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया।

तत्काल युद्ध विराम से बनाई दूरी

वहीं, दूसरी ओर भारत संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में उस प्रस्ताव से दूरी बना ली जिसमें गाजा में तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया गया और यह भी मांग की गई कि इजराइल गाजा पट्टी से अपनी अवैध नाकाबंदी तुरंत हटा ले। भारत, फ्रांस, जापान, नीदरलैंड और रोमानिया सहित 13 देश प्रस्ताव पर मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने वालों में अर्जेंटीना, बुल्गारिया, जर्मनी और अमेरिका शामिल हैं। प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करने वाले देशों में बांग्लादेश, बेल्जियम, ब्राजील, चीन, इंडोनेशिया, कुवैत, मलेशिया, मालदीव, कतर, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और वियतनाम भी शामिल हैं।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल थाईलैंड-कंबोडिया यात्रा पर

हिंदी-भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रचार पर हो रही गहन चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए भारत का 50 सदस्यी प्रतिनिधिमंडल इन दिनों थाईलैंड और कंबोडिया की यात्रा पर है। बता दें कि यह यात्रा 2 से 8 अप्रैल, 2014 तक रहेगी। इस कड़ी में, बैंकॉक के सोई 23, सुखुमवित स्थित भारतीय दूतावास में राजदूत नागेश सिंह द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार, विश्व हिन्दी परिषद महासचिव डॉ. विपिन कुमार और प्रतिनिधिमंडल के लिए चाय की मेजबानी की गई।

पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयासों को सराहा

इस 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के वरिष्ठ प्रचारक माननीय इंद्रेश कर रहे हैं और पूरे प्रतिनिधिमंडल का समन्वय पंचमधाम के सचिव शैलेश वत्स द्वारा किया जा रहा है। सभी गणमान्यों के बीच, हिंदी और भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रचार-प्रसार को लेकर चर्चा हुई।

कनाडा में चुनाव का मामला

दूसरे देशों में हस्तक्षेप करना भारत की नीति नहीं

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा (सीएसआईएस) के आरोपों को भारत ने सिरे ने खारिज कर दिया है। मुख्य मुद्दा यह है कि नई दिल्ली के आंतरिक मामलों में ओटावा का हस्तक्षेप कर रहा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल कहा था कि हमने कनाडाई आयोग की जांच के बारे में मीडिया रिपोर्टें देखी हैं। हम कनाडा के चुनावों में भारतीय हस्तक्षेप के सभी निराधार आरोपों को दृढ़ता से खारिज करते हैं।

कनाडाई खुफिया विभाग लगाए यह आरोप

सीएसआईएस ने दस्तावेजों में आरोप लगाया कि 2021 में, कनाडा में भारत सरकार का एक सरकारी प्रॉक्सी एजेंट था, जिसका चुनावों में हस्तेक्षप

करने का इरादा था। 2009 में कनाडा में पाकिस्तान सरकार के अधिकारियों ने कनाडाई संघीय राजनीति को गुप्त रूप से प्रभावित करने का प्रयास किया, जिससे कनाडा में पाकिस्तानी सरकार के हितों को आगे बढ़ाया जा सके।

टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट का बड़ा खुलासा

भारत में चुनाव प्रभावित कर सकता है चीन 'एआई' से वोटर्स को भटकाने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने चेतावनी दी है कि चीन भारत में होने वाले लोकसभा चुनाव में रुकावट डालने की कोशिश करेगा। चीन ने ऐसा ही कुछ जनवरी में ताइवान में हुए चुनाव में भी किया था। माइक्रोसॉफ्ट की थ्रेट इंटेलिजेंस टीम ने कहा कि चीन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए वोटरों का पॉलिटिकल पार्टियों की तरफ झुकाव बदलने या उन्हें भटकाने करने की कोशिश करेगा।

वह सोशल मीडिया पर ऐसा कंटेंट पोस्ट करेगा, जिससे चुनावों के दौरान जनता की राय चीन के पक्ष में हो सके। बॉर्डर विवाद के चलते भारत में पड़ोसी देश के तौर पर चीन की छवि अच्छी नहीं है। चीन पोस्ट के जरिए छवि बदलने की कोशिश करेगा।

चीन समर्थित साइबर ग्रुप्स निशाना बना रहे

63 देशों में संसदीय-राष्ट्रपति चुनाव

2024 दुनिया के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे अहम साल साबित होने जा रहा है। इस साल 63 देशों (और यूरोपीय यूनियन) में राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव होंगे। दुनिया की कुल आबादी का 49% हिस्सा वोटिंग राइट्स का इस्तेमाल करेगा। चीन अपने हितों को फायदा पहुंचाने के लिए एआई प्रयोग करेगा।

माइक्रोसॉफ्ट थ्रेट इंटेलिजेंस टीम के मुताबिक, चीन समर्थित साइबर ग्रुप्स नॉर्थ कोरिया के साथ मिलकर 2024 में होने वाले कई देशों के चुनावों को निशाना बनाने वाले हैं। चीन यही हथकंडा अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में भी इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा है।

दुनियाभर में मनाया जा रहा है 74वां विश्व स्वास्थ्य दिवस

'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' थीम को लेकर जागरूक करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

200 करोड़ लोग विनाशकारी अथवा खराब स्वास्थ्य देखभाल लागत का सामना कर रहे

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा प्रतिवर्ष 07 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य विश्व में प्रत्येक व्यक्ति को बीमारियों के प्रति और स्वास्थ्य को लेकर जागरूक करना है। पूरी दुनिया इस साल 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' थीम के साथ 74वां विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रही है।

यदि पिछले कुछ वर्षों की स्वास्थ्य दिवस की थीम पर नजर डालें तो 2023 का विषय था 'सभी के लिए स्वास्थ्य', 2022 में यह दिवस 'हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य', 2021 में 'सभी के लिए एक निष्पक्ष, स्वस्थ दुनिया का निर्माण', 2020 में 'नर्सों और दाइयों का समर्थन करें' तथा 2019 में 'सार्वभौमिक स्वास्थ्यः हर कोई, हर जगह' विषय के साथ मनाया गया था।

खास बातें
- हृदय रोग, मधुमेह, क्षय रोग, मोटापा, तनाव जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी तेजी से बढ़ी

सेहत को बढ़ावा देना जरूरी

विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाए जाने की शुरुआत डब्ल्यूएचओ द्वारा 07 अप्रैल 1950 से शुरू किया गया था। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के साथ ही 1948 में विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव भी रख दी गई। दरअसल उस समय लोगों की सेहत को बढ़ावा देने और उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दुनिया के कई देशों ने मिलकर दुनियाभर में ठोस कार्य करने की जरूरत पर बल दिया और आखिरकार विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव रखने के दो वर्ष बाद 1950 में पहली बार 07 अप्रैल को यह दिवस मनाया गया।

दुनियाभर में बढ़ रही है गैर-संचारी स्वास्थ्य

चिंता की स्थिति यह है कि पिछले कुछ दशकों में एक ओर जहां स्वास्थ्य क्षेत्र ने काफी प्रगति की है, वहीं कुछ वर्षों के भीतर एड्स, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के साथ हृदय रोग, मधुमेह, क्षय रोग, मोटापा, तनाव जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी तेजी से बढ़ी हैं।

30 प्रतिशत आबादी के पास नहीं स्वास्थ्य उपचार

यह बेहद चिंता का विषय है कि दुनिया की करीब 30 प्रतिशत आबादी के पास बुनियादी स्वास्थ्य उपचार तक पहुंच नहीं है और करीब 200 करोड़ लोग विनाशकारी अथवा खराब स्वास्थ्य देखभाल लागत का सामना कर रहे हैं, जिसमें काफी असमानताएं हैं।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया

गैरकानूनी काम में फंसाए गए 17 भारतीय लौट रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लाओस में धोखे से गैरकानूनी काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगारों को स्वदेश वापस लाया जा रहा है। विदेश मंत्री ने इस मामले में मदद के लिए लाओस में भारतीय दूतावास की सराहना की।

जयशंकर ने 'एक्स' पर कहा है मोदी की गारंटी सभी के लिए देश-विदेश में हर कहीं काम करती है। लाओस में धोखे में रखकर गैरकानूनी और खतरनाक काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगार स्वदेश लौट रहे हैं।

मानव तस्करी के प्रति किया आगाह

विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को भारतीय नागरिकों को कंबोडिया में आकर्षक नौकरी के अवसरों का वादा करने वाले मानव तस्करों का शिकार बनने के प्रति आगाह किया था। मंत्रालय ने एक परामर्श जारी कर दक्षिण-पूर्व एशियाई देश में नौकरी के अवसर तलाश रहे भारतीयों से भावी नियोक्ता की पृष्ठभूमि की अच्छी तरह से जांच करने का आह्वान किया था।

हरिभूमि
भोपाल, रविवार
7 अप्रैल 2024
haribhoomi com

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
राजस्थान	4	4	0	8
कोलकाता	3	3	0	6
चेन्नई	4	2	2	4
लखनऊ	3	2	1	4
हैदराबाद	4	2	2	4
पंजाब	4	2	2	4
गुजरात	4	2	2	4
बैंगलोर	5	1	4	2
दिल्ली	4	1	3	2
मुंबई	3	0	3	0

ऑरेंज कैप

विराट कोहली
316 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप

युजुवेन्द्र चहल
08 विकेट
राजस्थान

बाउंड्री मीटर

541 चौके
339 छक्के

आईपीएल : सूर्यकुमार की वापसी से मुंबई मजबूत, दिल्ली भी जीत के लिए बेकरार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग में अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए रविवार को जब यहां एक दूसरे का सामना करेंगे तो निगाहें सूर्यकुमार यादव पर टिकी रहेंगी जो चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। मुंबई ने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और वह अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। दिल्ली की स्थिति भी अच्छी नहीं है तथा चार मैच में एक जीत से वह 10 टीमों की तालिका में नौवें स्थान पर है। इस तरह से दोनों टीम पर वापसी करने का दबाव है।

तीन महीने से थे बाहर

सूर्यकुमार इस मैच में वापसी कर सकते हैं तथा आईपीएल के तुरंत बाद होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। सूर्यकुमार चोटिल होने के कारण पिछले तीन महीने से बाहर हैं। उन्होंने शुक्रवार को अभ्यास सत्र में भाग लिया और वह किसी भी तरह से असहज नहीं दिख रहे थे।

हर विभाग में खराब प्रदर्शन

मुंबई की टीम ने अभी तक हर विभाग में खराब प्रदर्शन किया है। बल्लेबाजी में रोहित शर्मा और ईशान किशन ने उसे अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन यह दोनों बल्लेबाज बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे हैं। तिलक वर्मा और नमन धीर पर भी यह बात लागू होती है। कप्तान हार्दिक पंड्या भी अभी तक अच्छा प्रदर्शन करके टीम को प्रेरित करने में नाकाम रहे हैं। उन्हें प्रशंसकों की नाराजगी भी झेलनी पड़ी है। जहां तक मुंबई के गेंदबाजी विभाग का सवाल है तो आकाश मधवाल को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाया है।

पंत को नहीं मिल रहा सहयोग

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने पिछले दो मैच में अर्धशतक जमाकर लय हासिल कर ली है लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल पा रहा है। पंत ने अभी तक चार मैच में 152 रन बनाए हैं। दिल्ली के गेंदबाजों ने पिछले मैच में बेहद खराब प्रदर्शन किया था। दिल्ली को डेविड वार्नर से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। उनके अलावा पृथ्वी भी वानखेड़े में अपने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे।

मयंक पर होगी निगाहें, जीत की हैट्रिक पूरी करने उतरेगा लखनऊ

लखनऊ। लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम रविवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। मयंक ने अपनी गति से अभी तक हर किसी का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। पिछले दोनों मैच में उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। बल्लेबाजी विभाग में लखनऊ के पास क्विंटन डिकॉक और केएल राहुल के रूप में शानदार सलामी जोड़ी है। वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन और भारतीय ऑलराउंडर कृणाल पंड्या भी अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। गेंदबाजी में मयंक को नवीन उल हक, यश ठाकुर, मोहसिन खान, स्टोइनिस और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई से अधिक सहयोग की जरूरत है। लखनऊ की टीम तीन मैच में दो जीत से चौथे नंबर पर है जबकि शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात की टीम ने दो मैच जीते हैं और दो मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

खबर संक्षेप

पेगुला चार्ल्सटन ओपन के अंतिम-4 में पहुंचीं

चार्ल्सटन। शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने तीसरे सेट के टाईब्रेकर में चार मैच प्वाइंट बचाये और विक्टोरिया अजारेंका को 6-4, 3-6, 7-6 (7) से हराकर चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पेगुला फाइनल में जगह बनाने के लिए डारिया कसाटकिना से भिड़ेंगी जिन्होंने जैकलीन क्रिस्टियन को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-7 (4), 6-2, 6-3 से पराजित किया। डेनियल कोलिन्स ने एलिस मर्टेंस को 6-3, 6-4 से हराया। कोलिन्स की यह लगातार 11वीं जीत है। मारिया सकारी ने 2021 की चार्ल्सटन चैंपियन वेरोनिका कुडरमेतोवा को 6-2, 6-4 से हराया।

सेंथिल जर्मन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट से बाहर

नई दिल्ली। भारत के राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार को हैम्बर्ग में जर्मन ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के इयान योव एनजी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व में 59वें नंबर के खिलाड़ी और 2023 के एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिलकुमार इस 50000 डालर इनामी पीएसए विश्व टूर प्रतियोगिता में शुक्रवार को चौथी वरीयता प्राप्त मलेशियाई खिलाड़ी से 7-11 6-11 4-11 से हार कर बाहर हो गए। योव एनजी ने पीएसए वेबसाइट से कहा, ''यह हमेशा की तरह हमारे बीच करीबी मुकाबला रहा।

लक्ष्य का पीछा करने की कोशिश करे आरसीबी

बेंगलुरु। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने शनिवार को कहा कि मुश्किलों में घिरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अपना भाग्य पलटने के लिए मौजूदा आईपीएल में लक्ष्य का पीछा करने की कोशिश करनी चाहिए। शनिवार को उसका सामना पांचवें मैच में जयपुर में राजस्थान रॉयल्स से होगा। गावस्कर ने यहां 'क्रिकेट टॉक शो - मिडविकेट स्टोरीज' में कहा, 'निश्चित रूप से टॉस आपके हाथ में नहीं है। लेकिन उन्हें हर संभव मौके का फायदा उठाना चाहिए, उन्हें लक्ष्य का पीछा करना चाहिए क्योंकि उनकी बल्लेबाजी मजबूत है। मुझे लगता है कि इससे उन्हें मैच जीतने का बेहतर मौका मिलेगा।'

खिलाड़ियों का समर्थन जारी रखेगा चेन्नई

हैदराबाद। तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी के सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मैच में खराब प्रदर्शन के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि उनकी टीम नए नायकों की तलाश में अपने खिलाड़ियों का समर्थन जारी रखेगी। चेन्नई को शुक्रवार को खेले गए मैच में सनराइजर्स से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

आईपीएल : रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स को छह विकेट से हराया

राजस्थान की लगातार चौथी जीत, कोहली की सेंचुरी पर भारी पड़ा बटलर का शतक

एजेंसी ▶▶ जयपुर

छक्के के साथ अपना शतक पूरा करके फॉर्म में लौटे जोस बटलर ने विराट कोहली के शतक को बेनूर कर दिया। राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को छह विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग की अंकतालिका में शीर्ष स्थान पर कब्जा कर लिया। रॉयल्स ने अब तक चार मैच खेले और चारों जीतकर शीर्ष पर है। वहीं आरसीबी लगातार तीसरी हार के साथ आठवें स्थान पर खिसक गई है।कोहली ने आईपीएल में रिकॉर्ड आठवां शतक जमाया लेकिन उनकी टीम तीन विकेट पर 183 रन ही बना सकी। राजस्थान ने 19.1 ओवर में 4 विकेट गंवाकर 189 रन बनाते हुए टारगेट हासिल कर लिया।

अपना सौवां आईपीएल मैच खेल रहे बटलर ने यादगार पारी खेलकर आरसीबी के जीत के मंसूबों पर पानी फेर दिया। पिछली तीन पारियों में नाकाम रहे बटलर ने पांच गेंद बाकी रहते टीम को जीत दिलाई। उन्होंने आखिरी ओवर की पहली ही गेंद पर कैमरन ग्रीन को डीप स्क्वेयर लेग के ऊपर छक्का लगाकर टूर्नामेंट में अपना छठा शतक भी पूरा किया। अपनी 58 गेंद की पारी में उन्होंने नौ चौके और चार छक्के लगाए। कप्तान संजू सैमसन ने बटलर का बखूबी साथ निभाते हुए 148 रन की साझेदारी की। सैमसन ने 42 गेंद में 69 रन बनाए जिसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल थे।

विराट 113 पर रहे नाबाद

कोहली ने 72 गेंद में 113 रन बनाए और अब तक टूर्नामेंट में आरसीबी के कुल रनों का 38 प्रतिशत उन्हीं के बल्ले से निकला है। विराट ने अपनी पारी में 12 चौके और तीन छक्के जड़े। कप्तान फाफ डु प्लेसी (44 रन) को छोड़कर उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल सका। कोहली ने 39 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और अगले 50 रन 28 गेंद में बनाए। उन्होंने 19वें ओवर में नांद्रे बर्गर की गेंद पर एक रन लेकर तिहरे अंक को छुआ। कोहली और डु प्लेसी ने पहले विकेट के लिए 125 रन की साझेदारी की। दोनों ने पावरप्ले के भीतर 53 रन बनाए।

टी20 में शतक

शतक	खिलाड़ी
22	क्रिस गेल
11	बाबर आजम
9	विराट कोहली
8	एरॉन फिंच
8	माइकल क्लिंगर
8	डेविड वार्नर

आईपीएल में शतक

शतक	खिलाड़ी
8	विराट कोहली
6	क्रिस गेल
6	जोस बटलर
4	केएल राहुल
4	डेविड वॉर्नर
4	शेन वॉटसन

स्कोर बोर्ड

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर	रन	गेंद	4	6
विराट कोहली नाबाद	113	72	12	4
डु प्लेसी का बटलर बो चहल	44	33	2	2
ग्लेन मैक्सवेल बो बर्गर	01	03	0	0
सौरव का जायसवाल बो चहल	09	06	0	1
कैमरन ग्रीन नाबाद	05	06	0	0

अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में 183/3
गेंदबाजी : बोल्ट 3-0-30-0, बर्गर 4-0-33-1, अश्विन 4-0-28-0, आवेश 4-0-46-0, चहल 4-0-34-2, पराग 1-0-10-0.

राजस्थान रॉयल्स	रन	गेंद	4	6
यशस्वी का मैक्सवेल बो टॉपली	00	02	0	0
जोस बटलर नाबाद	100	58	9	4
सैमसन का दयाल बो सिराज	69	42	8	2
पराग का कोहली बो दयाल	04	04	1	0
जुरेल का कार्तिक बो टॉपली	02	03	0	0
शिमरोन हेटमायेर नाबाद	11	06	2	0

अतिरिक्त : 03, कुल : 19.1 ओवर में 189/4
गेंदबाजी : टॉपली 4-0-27-2, दयाल 4-0-37-1, सिराज 4-0-35-1, डागर 2-0-34-0, ग्रीन 1-0-27-0, शर्मा 2-0-29-0.

खास खबर

भांबरी और ओलिवेटी सेमीफाइनल से बाहर

मराकेश। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी यहां एटीपी मराकेश ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रिया के लुकास मीडलर और अलेक्जेंडर एर्लर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से हार कर बाहर हो गए। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी को एटीपी 250 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 5-7, 6-3, 7-10 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी। मीडलर और एर्लर की जोड़ी ने पहला सेट जीता लेकिन भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर शानदार वापसी की। सुपर टाइब्रेकर में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन आखिर में मीडलर और एर्लर जीत दर्ज करने में सफल रहे। भांबरी और ओलिवेटी ने इससे पहले तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस बैरिएंटोस और राफेल माटोस को हराकर पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

हॉकी के पूर्व खिलाड़ियों ने सीखे विशेष गुर

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने कोचिंग में एकरुपता और निरंतरता लाने के उद्देश्य से पूर्व खिलाड़ियों के लिए एक नया कोचिंग कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें भारत के पूर्व ड्रैग फ्लिकर और गोलकीपर रुपिंदर पाल सिंह, वीआर रघुनाथ, एड्रियन डिसूजा और भरत छेत्री ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार इस विशेष कोचिंग कार्यक्रम का आयोजन हाई परफार्मेंस निदेशक हरमन क्रूज की देखरेख में बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण में किया गया। योगिता बाली, हेलेन मैरी, दीपिका मूर्ति, आकाश चिकटे, पीटी राव, पूर्व ड्रैग फ्लिकर गुरजिंदर सिंह और जसप्रीत कौर ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

विश्वास सारंग अकादमी विधायक कप अंडर 12 के सेमीफाइनल में पहुंची

रोहित क्लब को 55 रन से दी शिकस्त, आरुष मैन ऑफ द मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के गौतम नगर मैदान में खेले जा रहे विधायक कप अंडर 12 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी और रोहित शर्मा क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया।

मुकाबले में विश्वास सारंग अकादमी के कप्तान शौर्य राजपूत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरे शितिज उपासे को रोहित क्लब के अक्षांक्ष ने आउट कर दिया। इसके बाद पारी को संभालने स्वयं कप्तान शौर्य राजपूत आए और वे ज्यादा देर न टिक सके और 10 के निजी स्कोर पर आउट हो गए। फिर आरुष गुप्ता ने मेरांश (बुधिया सिंह) के साथ साहसिक पारी खेलते हुए 95 रन और मेरांश 35 रन और गामिनी के 18 रन के बदौलत टीम का स्कोर 237 रन पर खत्म हुआ।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहित शर्मा क्रिकेट क्लब की टीम की शुरुआत सही नहीं रही और अभिनव के शानदार थ्रो के कारण रन आउट हो गए। अविक ने 31 और आहन ने 66 रन बनाए। वहीं, लकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुर 2 और सक्षम ने 2 विकेट लिए और रोहित शर्मा क्रिकेट क्लब की टीम यह मैच 55 रन से हार गई।

मेरांश ने भी दिखाया कमाल

इसी प्रतियोगिता में विश्वास सारंग अकादमी के खिलाड़ी मेरांश ने 3 स्टंपिंग और 2 खिलाड़ियों को रन आउट कर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, आरुष गुप्ता को शानदार बल्लेबाजी (95) रन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ ही विश्वास सारंग अकादमी विधायक कप के सेमीफाइनल में पहुंच गई।

मप्र राज्य जूडो अकादमी के खिलाड़ी कपिल ने तुर्की में जीता स्वर्ण पदक

बने विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी, पेरिस पैरालम्पिक भी किया क्वॉलीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंटालया मारा तुर्की में 30 मार्च से 03 अप्रैल तक आयोजित ग्रांड प्रिक्स में मप्र राज्य जूडो अकादमी के डे-बोर्डिंग खिलाड़ी कपिल परमार ने 60 किग्रा भार वर्ग स्पर्धा में ब्राजील के डे ऑलिविरा को हरा कर स्वर्ण पदक अर्जित किया। कपिल परमार वर्तमान में ब्लाइंड जूडो में विश्व के नंबर 01 खिलाड़ी बन गए हैं। इन्हें पेरिस पैरालम्पिक के लिए भी पात्रता हासिल है।

भारतीय खेल प्राधिकरण की टॉप्स स्कीम में कपिल को चयनित किया गया है। ग्रांड प्रिक्स में कपिल परमार ने अपने प्रारंभिक मुकाबलों में कोरिया के किम हियोबिन, वियतनाम के ब्लेको एम और यमन के नाश्वान एस को हराया था।

अकादमी के खिलाड़ी कपिल परमार ने पैरा एशियन गेम्स चायना में रजत पदक अर्जित किया था। इसके अलावा कपिल वर्ष 2023 के वर्ल्ड गेम्स बर्मिघम के कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी हैं। कपिल अब तक 10 अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

देशभर के 16 क्लबों की प्रतियोगिता, मप्र नेशनल सेलिंग स्कूल रहा प्रथम

राज्य सेलिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते 9 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दूसरी वायएआई नॉर्थ-ईस्ट रेगाटा 2024 में 1 से 6 अप्रैल तक आयोजित चैंपियनशिप में मप्र अकादमी के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 09 पदक अर्जित कर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया।

रेगाटा में आयोजित इस चैंपियनशिप में मप्र राज्य सेलिंग अकादमी के खिलाड़ी राममिलन यादव ने आईएलसीए-7 वर्ग स्पर्धा में, शशांक बाथम ने आईएलसीए-4 स्पर्धा में, नैनसी राई और मनीष शर्मा ने 420 मिक्सड ओपन स्पर्धा में, दिव्यांशी मिश्रा और अनिराज सेंधव ने 420 यूथ स्पर्धा में खेल कौशल और शारीरिक दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1-1 स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

एकलव्य और सौम्या की चांदी

खेल अकादमी के खिलाड़ी बासु चंद्रवंशी ने ऑपटमिस्ट बॉय स्पर्धा में एकलव्य बाथम ने आईएलसीए-4 स्पर्धा में और सौम्या सिंह पटेल ने बालिका वर्ग आईएलसीए-4 स्पर्धा में 1-1 रजत पदक अर्जित किया। खेल अकादमी की खिलाड़ी शगुन झा ने ऑपटमिस्ट गर्ल्स से स्पर्धा में और अजय यादव एवं अभिराज यादव की जोड़ी ने 29ईआर स्पर्धा में 1-1 कांस्य पदक प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि चैंपियनशिप में देश भर के 16 क्लबों ने भागीदारी की, जिसमें एनएसएस नेशनल सेलिंग स्कूल प्रथम स्थान पर रहा।अहमदाबाद में अपनी पिछली फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर अपने पहले मैच में उनकी हूटिंग की गई। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के लिए जब वह हैदराबाद गए, तब भी यह सिलसिला जारी रहा।

मालवांचल विवि ने पैरा स्विमर सतेंद्र को दी पीएचडी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मशहूर पैरा स्विमर विक्रम अवार्डी पद्मश्री सतेंद्र सिंह लोहिया को मालवांचल यूनिवर्सिटी इंदौर के दीक्षांत समारोह इंदौर में पीएचडी की मानक उपाधि से सम्मानित किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि सांसद इंदौर शंकर लालवानी थे, वहीं इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के चेयरमैन सुरेश सिंह भदौरिया भी उपस्थित थे। मानक उपाधि प्राप्त करने के बाद सतेंद्र सिंह लोहिया ने हरिभूमि को बताया कि यह सम्मान पाकर वे बेहद प्रसन्न हैं और यह उनके लिए बहुत ही गर्व का विषय है। सतेंद्र ने बताया कि यह सम्मान देश व मध्यप्रदेश के युवाओं एवं दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा ओर प्रोत्साहन व सशक्तिकरण का का कार्य करेगा।

बच्चों और महिलाओं के नाम रहा अनंत महोत्सव का दूसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गांधी भवन में आयोजित अनंत महोत्सव के दूसरे दिन बड़ी संख्या व्यंजन प्रेमियों ने मिलेट्स से बने भोजन का स्वाद चखा। इसमें डिंडोरी, मंडला, बालाघाट से आये मिलेट्स के स्टॉल्स पर मिलेट्स स्नैक्स, मिलेट्स प्री मिक्स और अन्य मिलेट्स उत्पादों को लोगों ने खरीदा। वहीं शनिवार को भोपालवासियों के लिए पैनल डिस्कशन, चिल्ड्रन कार्नर, पॉटरी वर्कशॉप के साथ ही संध्या बेला में सूफी और शास्त्रीय गायन की छटा बिखेरी।

आशिमा द्वारा महिलाओं के लिए 'खेलें, खुलें, खिलें' थिएटर वर्कशॉप

संध्या बेला में सूफी सांग्स और शास्त्रीय गीतों की प्रस्तुति

गर्भवती महिलाओं के पोषण पर की बात

पैनल डिस्कशन में रूजुता ने हर दिन के भोजन में जैविक खाद्य पदार्थों को जोड़ने के बारे में बताया। वहीं डॉ. प्रिया भावे ने गर्भवती महिलों के पोषण पर बात करते हुए कहा कि कैसे गर्भवती के भोजन का प्रभाव उसके बच्चे के विकास पर होता हैं। चिल्ड्रन कार्नर में बच्चों ने पुराने अखबार से टोपियां बनाई एवं आशिमा द्वारा महिलाओं के लिए थिएटर कार्यशाला आयोजित की। वहीं निधि ने 'खेले मजेदार खेल' पॉटरी वर्कशॉप संचालित की।

पलाश और रज्जो के हिप-हॉप सांग्स पर झूमे श्रोता

वहीं शाम की बेला में गीतों से सजी संध्या का आयोजन किया जिसमें सूफी गीतों की प्रस्तुति शब्बर हुसैन ने दी। पलाश और रज्जो के हिप हॉप सांग्स पर श्रोता झूमते हुए नजर आए, साथ ही शाश्वत नाथ के ओरिजिनल कम्पोजिशन्स और ताान्या शर्मा के भारतीय क्लासिकल संगीत की प्रस्तुति भी खास रही।

केरल स्पाइस के विभिन्न फ्लेवर मौजूद

बालाघाट के जीआई टैग चिन्नोर, जीराशंकर सेंटेड और खरप सेंटेड चावल को खूब पसंद किया जा रहा हैं। महात्मा गांधी सेवा आश्रम के स्टॉल पर चम्बल शहद, कच्ची घानी का तेल, कस्तूरी कृषि फार्म के स्टॉल पर जैविक सब्जियों, फलों के साथ अन्य जैविक उत्पाद उपलब्ध हैं इसके साथ ही केरल स्पाइस के विभिन्न फ्लेवर भी लोगों ने पसंद किए।

सिकिया, कुटकी, बाजरा, कोदू लाई डिंडोरी की मुनिया

महोत्सव में डिंडोरी से आई मुनिया अपने साथ 9 प्रकार के मिलेट्स लाई हैं जो डिंडोरी में उगाए जाते हैं, जिसे बेवर खेती द्वारा उगाया जाता है। मिलेट्स के प्रकार जैसे सिकिया, कुटकी, बाजरा, कोदू, कंगनी, सांवा, ज्वार आदि जिसमें 60 तरीके के प्रकार भी होते हैं।

बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर के सुरों से सजा आरएनटीयू के वार्षिकोत्सव रिदम 2024 का जश्न

अदिती सिंह के संग झूमा भोपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय अपना 14वां वार्षिकोत्सव रिदम 2024 मना रहा है। यह वार्षिकोत्सव स्टूडेंट एक्टिविटी काउंसिल द्वारा आयोजित किया गया है। इस जश्न को और भी खास और यादगार बनाने के लिए विश्वविद्यालय ने अपने परिसर में प्रसिद्ध बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर अदिती सिंह की लाइव म्यूजिक कंसर्ट आयोजित की। म्यूजिकल नाइट में विश्वविद्यालय परिवार के साथ-साथ शहर की जनता ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सिंगर अदिती के गानों पर थिरके।

उम्दा साउंड और बेहतरीन लाइटिंग

उम्दा साउंड अरेंजमेंट्स और बेहतरीन लाइटिंग के साथ-साथ सिंगर अदिती के सुरों ने कुछ ऐसा समा बांधा कि परिसर का टैगोर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय का मैदान दर्शकों के अभिवादन और प्रशस्ति में बजाई गई तालियों से गूंज उठा। ऐसे उत्साहित और लयबद्ध दर्शकों ने मेहमान अदिती सिंह को भी अपना दीवाना बना दिया। अदिती भी दर्शकों की तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाईं।

'धूम मचाले धूम' से स्टेज पर मारी एंट्री

लाइव म्यूजिक कंसर्ट की शुरुआत फिल्म धूम 3 के गीत 'धूम मचाले धूम' से स्टेज पर एंट्री मारी। फिल्म रॉय का 'सूरज डूबा है, यारों, दो घूंट नशे के मारो', फिल्म नवाबजादे के 'हाई रेटेड गबरू नु मारे', फिल्म की एंड का से 'हाई हील ते नच्चे' से बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाली अदिती सिंह ने भोपाल वासियों के दिलों में अपनी खास जगह बनाई।

वंदे मातरम गीत पर किया परफॉर्म

आज ही विश्वविद्यालय में चल रहे एनुअल फेस्ट रिदम 2024 का समापन समारोह मनाया और माहौल को लाइट करने के लिए अदिती सिंह के सुरों से बेहतर क्या हो सकता था। उन्होंने आज के अपने विशेष परफॉर्मेंस में भारतीय तिरंगे के साथ 'वंदे मातरम' गीत पर परफॉर्म कर लोगों के दिलों में जगह बना ली।

आईईएचई में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

भोपाल। विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल के उपलक्ष्य में उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल के फूड साइंस एवं क्वालिटी कंट्रोल विभाग एवं फ्लेगशिप कार्यक्रम आरोग्यम के समन्वय में विद्यार्थियों द्वारा संस्थान की केंटीन, मैस, बालक एवं बालिका छात्रावास के लिये स्वास्थ्य संबंधी पोस्टर्स तैयार किये गये। संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने यह पोस्टर्स हॉस्टल प्रभारियों को प्रदान कर उनके महत्व पर विद्यार्थियों से चर्चा की। विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. उषा कहोल एवं प्राध्यापकों चन्द्रकांता मौर्य, डॉ. प्राची चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन ग्रहण करने की सलाह दी। साथ ही मौसमी सब्जियों जैसे मुनगा फली के उपयोग एवं लाभ से अवगत करवाया।

- मौसमी सब्जियों के लाभ से स्टूडेंट्स को कराया गया अवगत

या देवी सर्वभूतेषू... के रूप में पुष्पांजलि की प्रस्तुति

जवाहर नवोदय विद्यालय में भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुति

भोपाल। प्रतिभालय आर्ट्स अकादमी एवं आर्ट एंड बियॉन्ड के संयुक्त तत्वावधान में जवाहर नवोदय विद्यालय में भरतनाट्यम की प्रस्तुति हुई, जिसमें संस्था की 15 कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं। पहली प्रस्तुति पुष्पांजलि से दी जिसमें या देवी सर्वभूतेषू... के रूप में मां जगदंबा के चरणों में पुष्प अर्पित किए। राग गंभीर नट और ताल आदि में निबद्ध इस प्रस्तुति से ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मां जगदंबा का स्तुति वंदन

अगली कड़ी में अलारिप्पु और जतिस्वरम की संगीत संरचना को प्रस्तुत किया। जिसमें स्वर, जति के नीयमों का पालन किया जाता है। एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुतियों के अलगे क्रम में देवी स्तुति को प्रस्तुत किया, जिसमें नृत्यांगनाओं ने विश्व का कल्याण करने वाली मां जगदंबा का स्तुति वंदन किया।

चलिए कुंजन मो..... पर पद्म की प्रस्तुति

वहीं, कार्यक्रम को विराम देते हुए प्रतिभागियों ने पदम की प्रस्तुति दी, जिसके बोल थे चलिए कुंजन मो..... अभिनय आधारित इस नृत्य में नायिकाएं रास बिहारी भगवान श्रीकृष्ण से मनुहार करती नजर आईं। तथा महिषासुर मर्दिनी स्तोत्रम एवं तिल्लाना से इस मनभावन नृत्य प्रस्तुति का समापन हुआ। इन नृत्य प्रस्तुतियों में निर्देशन एवं कोरियोग्राफी डॉ. मंजू मणि हतवलने की रही।

भोपाल आईं सिंगर शिल्पा राव से हरिभूमि की खास बातचीत

अवॉर्ड मिलता है तो दिल को भी खुशी होती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोई कॉम्पटीशन नहीं है, बल्कि एक बहुत ही अच्छी फीलिंग है क्योंकि जब आप अपने साथी कलाकारों के साथ नॉमिनेट भी होते हो तो भी एक अच्छी फीलिंग आती है और जब आपको अवार्ड मिलता है तो दिल को खुशी भी होती है, इसमें रिकॉग्निशन या नॉन रिकॉग्निशन जैसी कोई बात ही नहीं है। यह कहना है साल 2023 में सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाले गीत हमें तो लूट लिया मिलके इश्कवालों ने.. की गायिका शिल्पा राव का। कशिश भरी आवाज की मालकिन शिल्पा राव, शनिवार को भोपाल में ही थी जहां हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने सिंगिंग जर्नी के बारे में बताया।

हरिभूमि चर्चा

शंकर ने दी मुंबई शिफ्ट होने की सलाह

शिल्पा ने कहा कि मैंने अपने पिता एस. वैकंट राव से शुरुआती शिक्षा ली थी। फिर सिंगर हरिहरन से मिलने के बाद 13 साल की उम्र में सिंगर के तौर पर कॅरियर बनाने का मन बनाया। एक मर्कॉन्टेस्ट के दौरान शंकर महादेवन ने मुझे मुंबई शिफ्ट होने की सलाह दी, ताकि मैं संगीत में बेहतर मुकाम बन सकूं।

जिंगल सिंगर के तौर की कॅरियर की शुरुआत

जिंगल सिंगर के तौर अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाली शिल्पा ने करीब 3 साल तक जिंगल सिंगर के तौर पर काम किया। इसके बाद साल 2007 में म्यूजिक कंपोजर मिथुन ने फिल्म 'अनवर' के गाने 'तौसे नैना' गाने का मौका दिया। यह गाना बेहद हिट रहा और मुझे इंडस्ट्री में पहचान मिली।

कायस्थ समाज का होली व नववर्ष मिलन 20 को

भोपाल। कायस्थ समाज के सभी संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में होली एवं हिन्दू नववर्ष मिलन समारोह 20 अप्रैल को राजधानी के जवाहर चौक स्थित चित्रांश भवन चित्रगुप्त मंदिर में आयोजित किया गया है। इसके साथ ही एक बैठक भी शाम 7 बजे आयोजित की गई है, जिसमें सभी कायस्थ समाज के संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों, सदस्यों के सुझाव, आयोजन की रूपरेखा, स्वागत समिति एवं अन्य आवश्यक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही बैठक संबंधी जानकारी सुशील श्रीवास्तव (नन्नी) के मोबाइल नंबर 9165478969, संजीव श्रीवास्तव (संजू) से 98260 72688, उदय श्रीवास्तव (गुड्डू) से 9827456476 एवं पुष्पा जौहरी 8889500028 पर प्राप्त की जा सकती है।

रंगकृति उत्सव में नाटक 'मौत के साये में...' और सम्मान समारोह का आयोजन

पुत्रों के स्वार्थ और पैसे की भूख को मिटाने बड़ा त्याग करती है विधवा मां

मां की चिट्ठी मिलने पर उठता है रहस्य से पर्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मां त्याग और बलिदान की देवी होती है। और लोग धन और जायदाद की लालच में अंधे होकर अपनी उस मां की ही हत्या कर देना चाहता है, जिसनें उन्हें जन्म दिया और पाला पोसा। लेकिन बेटे कितने ही कपटी व बदमाश क्यों न हों, मां के लिए उसके बेटे ही होते हैं। सबकुछ जानते हुए भी मां अपने बेटों के लिए त्याग ही करती है। उस मां की हत्या किसने की और क्यों की... इस रहस्य की कहानी को दिखाता नाटक 'मौत के साये में...' का मंचन शहीद भवन में शनिवार को किया गया। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से रंगकृति नाट्य संस्था समिति द्वारा आयोजित रंगकृति उत्सव में उक्त नाटक का मंचन किया गया। इसमें हबीब थिएटर के कलाकारों ने अभिनय किया। निर्देशन जावेद अजीज राही ने किया। उत्सव के दौरान रंगकर्मी शिवांगी भदौरिया और अनिल दीक्षित को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सचिव विधानसभा अरविंद शर्मा रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता रेलवे बोर्ड के सदस्य कमलेश सेन ने की।

नाटक में दिखाया कि अंजना के तीन पुत्र हैं और तीनों ही अपने पिता की छोड़ी लाखों की संपत्ति के इकलौते वारिस बनना चाहते हैं। जिस मां ने उन्हें जन्म दिया अंजना की जान के दुश्मन उन्हीं का परिवार और उनके बेटे की प्रेमिका संध्या है। संध्या झूठे प्रेम का नाटक करके अपने असली प्रेमी अरविंद के साथ भाग जाना चाहती है, लेकिन इसी बीच मां अंजना की हत्या हो जाती है। हत्या किसने, कब और कैसे की, यही सबके लिए एक बड़ा प्रश्न बन जाता है, जहां सभी लोग हत्यारे नजर आते हैं। नाटक के अंत में टेलीफोन के नीचे मां के द्वारा लिखी चिट्ठी मिलती है जो रहस्य पर से पर्दा उठाती है और हत्या का मामला सुलझ जाता है।

अपने बन जाते हैं पल में पराए

निर्देशक ने बताया कि नाटक की मूल कथा उस विधवा स्त्री के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने पति की मृत्यु के बाद उस की सम्पत्ति की एक मात्र वारिस बन जाती है, उस का जीवन रात दिन मौत के साए में पनपता है। अगर बेटे ही मां की जान की दुश्मन बन जाएं तो मां अपने पुत्रों के स्वार्थ और पैसे की भूख को मिटाने के लिए बड़े से बड़ा त्याग कर सकती है। यही सवाल नाटक में मूलरूप से उठाया गया है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भोजपुर क्लब में कार्यशाला आज

भोपाल। विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल को है और इस बार विश्व स्वास्थ्य दिवस 2024 की थीम 'मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार' है। इसी थीम पर पीसफुल माइंड की ओर से भोजपुर क्लब में एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, इसमें म्यूजिक द्वारा स्वास्थ्य लाभ का सेशन आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत डॉ. आरती सिंह वाद्य यंत्रों सिंगिंग बॉल्स, गोंग, चाइम्स, डफ, डमरू और अनेकों उपकरणों से उत्पन्न ध्वनि नाद से मेडिटेशन करेंगी तथा इस बारे में ज्ञानवर्धन करेंगी। यह सेशन सुबह 10 बजे से 11 बजे तक होगा। शाम को 5.30 से 6.30 तक रहेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930